* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

15 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 145

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


भाजपा से डॉ प्रदीप वर्मा और महागठबंधन से डॉ सरफराज अहमद जायेंगे राज्यसभा




झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



# युवाओं की सरकार, युवाओं से सरोकार



श्री चम्पाई सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (GSCC)










**₹15 लाख**
तक विद्यार्थियों को ऋण सुविधा...

...बिना किसी प्रोसेसिंग शुल्क के

**4%**
साधारण ब्याज दर से भुगतान

शेष ब्याज का वहन झारखण्ड सरकार द्वारा

**15 वर्ष**
तक ऋण वापसी की अवधि

ऋण बिना किसी जमानती सुरक्षा के

**ऋण वापसी की प्रक्रिया पाठ्यक्रम पूर्ण होने के 1 वर्ष बाद से**

**अध्ययन अवधि में ही ऋण का ब्याज चुकाने पर ब्याज के दर में 1% की छूट**

P.R. 322712 (Higher Education,Technical Education and Skill Development Department) 23-24

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

www.epaper.azadsipahi.in

15 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 145




## झारखंड से राज्यसभा के लिए निर्विरोध हुआ चयन

# भाजपा से डॉ प्रदीप वर्मा और महागठबंधन से डॉ सरफराज अहमद जायेंगे राज्यसभा

**विधानसभा के सचिव सैयद जावेद हैदर ने की घोषणा, मिला सर्टिफिकेट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड से राज्यसभा के लिए दो सदस्य निर्विरोध निर्वाचित किये गये हैं। इसमें भाजपा से डॉ प्रदीप वर्मा और महागठबंधन से डॉ सरफराज अहमद शामिल हैं। दोनों प्रत्याशियों ने 11 मार्च को चुनाव लड़ने के लिए नामांकन भरा था, लेकिन दो ही प्रत्याशी होने की वजह से उन्हें निर्वाचित घोषित कर दिया गया। विधानसभा के सचिव सैयद जावेद हैदर ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने दोनों नवनिर्वाचित सदस्यों को गुरुवार को सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस तरह से बिना चुनाव लड़े ही डॉ प्रदीप वर्मा और डॉ सरफराज अहमद राज्यसभा के सदस्य घोषित किये गये।



### कौन हैं प्रदीप वर्मा

डॉ प्रदीप वर्मा भाजपा से काफी लंबे समय से जुड़े हुए हैं। फिलहाल पार्टी में वह प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। पार्टी ने उन्हें राज्यसभा के लिए बतौर उम्मीदवार चुना था। उन्होंने राजनीति में भाजपा सदस्य के तौर पर 1992 में कदम रखा। वह लगातार पार्टी के विभिन्न पदों पर रहे। 2011 में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य और प्रदेश सह प्रशिक्षण प्रमुख बनने के बाद 2013 में प्रदेश मंत्री के रूप में झारखंड प्रदेश कार्यसमिति में रहे। 2015 में प्रदेश सदस्यता प्रभारी बनने के बाद 2016 में प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिली। 2020 में प्रदेश महामंत्री बनने के बाद डॉ प्रदीप वर्मा का कद बढ़ता गया। बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में बनी झारखंड भाजपा की नयी टीम में वह पुनः प्रदेश महामंत्री और मुख्यालय प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं।

### कौन हैं सरफराज अहमद

सरफराज अहमद करीब 50 साल के राजनीतिक जीवन में 46 साल वह कांग्रेस से जुड़े रहे। कांग्रेस के टिकट पर 1984 में गिरिडीह से जीत कर लोकसभा पहुंचे थे। उनके पिता डॉक्टर इम्तियाज अहमद भी गिरिडीह से कांग्रेस के ही सांसद रह चुके हैं। उनके निधन के बाद सरफराज यहां से सांसद बने। 1985 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल के दौरान वह कांग्रेस के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव भी रहे। झारखंड अलग होने के बाद पहली बार कांग्रेस के टिकट पर गांडेय विधानसभा सीट से चुनाव जीता था। उसके बाद उन्होंने कांग्रेस के ही टिकट पर 2009 में गांडेय विधानसभा से चुनाव जीता था। 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस-झामुमो गठबंधन में सीटों के बंटवारे में गांडेय विधानसभा की सीट झामुमो के खाते में आयी थी। इसके बाद उन्होंने झामुमो का दामन थाम लिया और एक बार फिर गांडेय सीट से विधायक चुने गये। दो महीने पहले उन्होंने विधायकी छोड़ी थी।

### बाबूलाल ने दी बधाई



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने डॉ प्रदीप वर्मा को फोन पर पर बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री मरांडी ने कहा कि प्रदीप वर्मा के अनुभव और उनकी कार्यक्षमता का लाभ राज्य की जनता को मिलेगा। डॉ वर्मा देश के उच्च सदन में झारखंड की सशक्त आवाज बनेंगे।

### कल्पना सोरेन ने दी बधाई



रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि गठबंधन के राज्यसभा प्रत्याशी डॉ सरफराज अहमद के निर्विरोध निर्वाचन पर हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। साथ ही कल्पना ने कहा कि इस अवसर पर डॉ प्रदीप वर्मा को भी राज्यसभा हेतु निर्वाचित होने पर मैं हार्दिक बधाई देती हूं।




### अभिषेक पिंटू सहित तीन लोगों को इडी का समन

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक पिंटू सहित तीन लोगों को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इडी ने अभिषेक श्रीवास्तव, प्रीति कुमार और डीएसपी पीके मिश्रा को समन जारी किया है। इन्हें अलग-अलग तिथि में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। एजेंसी ने पिंटू को 18 मार्च, रांची के हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा को 19 मार्च और प्रीति कुमार को 20 मार्च को अपने रांची स्थित कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया है।

### प्रतिभा पाटिल अस्पताल में

**पुणे।** पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल (89) को खराब तबीयत के चलते पुणे के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के एक सीनियर अधिकारी का कहना है कि उन्हें चेस्ट इन्फेक्शन के साथ बुखार हुआ था। उनका इलाज जारी है और फिलहाल उनकी हालत स्थिर है।

## इडी छापा: विधायक अंबा प्रसाद के परिवार की बढ़ी मुश्किलें

# 35 लाख नकदी के साथ-साथ आपत्तिजनक दस्तावेज मिले

**सर्किल कार्यालयों, बैंक आदि के नकली टिकट, मुहर मिले**

**अवैध बालू खनन, लेवी वसूली और जमीन कब्जा से जुड़े दस्तावेज मिले**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/हजारीबाग।** बड़कगांव से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के 20 ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की छापेमारी खत्म हो गयी। इडी ने मंगलवार को छापेमारी शुरू की थी। इडी को छापेमारी में 35 लाख रुपये नगद बरामद किये गये। इसके अलावा कई आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किये गये हैं। इडी ने इस बाबत जानकारी साझा की है।

इडी ने बताया कि योगेंद्र साव, अंबा प्रसाद और उनके परिवार के अन्य सदस्यों से संबंधित रांची और हजारीबाग में 20 स्थानों पर 12 मार्च को तलाशी अभियान चलाया गया। पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत आपराधिक गतिविधियों जैसे जबरन वसूली, लेवी की वसूली, अवैध रेत खनन, भूमि पर कब्जा आदि से संबंधित मामले के संबंध में सहयोगी होने की सूचना थी। छापेमारी के दौरान 35 लाख रुपये, डिजिटल उपकरण, सर्किल कार्यालयों, बैंकों आदि के नकली टिकट, हाथ से लिखी रसीदें, डायरियां आदि के रूप में विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और राज्य में अवैध बालू खनन से संबंधित साक्ष्य बरामद किये गये हैं। इन्हें जब्त कर लिया गया है।



### अंबा, योगेंद्र और सहयोगियों को समन भेजने की तैयारी

रांची (आजाद सिपाही)। इडी की ओर से विधायक अंबा प्रसाद, उनके पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और अन्य सहयोगियों को समन भेजने की तैयारी की जा रही है। केंद्रीय एजेंसी सभी से छापेमारी के दौरान उनके घरों से मिले दस्तावेजों के बारे में पूछताछ कर सकती है। सूत्रों के अनुसार छापेमारी के दौरान योगेंद्र साव के ठिकानों से जमीन के 100 से अधिक दस्तावेज मिले हैं। इसके अलावा बैंकों के सील मोहर भी मिले हैं। आशंका जतायी जा रही है कि ये लोग बैंकों के नाम पर जालसाजी भी करते हैं। इसी को लेकर इडी पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और उनके अन्य सहयोगियों को एक-एक कर समन भेज सकती है। इडी ने जब्त किये गये मोबाइल फोन सहित अन्य डिजिटल डिवाइस की भी जांच शुरू कर दी है। इडी को संदेह है कि रांची की तरह हजारीबाग में भी जमीन से जुड़े दस्तावेज के साथ हेराफेरी हुई है।

# 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म किये गये बैन

**सरकार ने 19 वेबसाइट, 10 एप और 57 सोशल मीडिया हैंडल भी ब्लॉक किये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को अश्लील कंटेंट प्रसारित करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया। इसके साथ 19 वेबसाइट्स, 10 एप्स और 57 सोशल मीडिया हैंडल्स भी ब्लॉक कर दिये हैं। ये एप ओटीटी प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एंटरटेनमेंट के नाम पर अश्लील और आपत्तिजनक वीडियो पेश कर रहे थे। इससे पहले इन ओटीटी एप्स को कई बार चेतावनी दी गयी थी, इसके बावजूद इनके कंटेंट में किसी तरह का सुधार नहीं पाया गया। इसके बाद केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पाबंदी का फैसला लिया। सरकार के मुताबिक, इन ओटीटी प्लॉफार्म पर कंटेंट में अश्लीलता थी। कई जगह महिलाओं को अपमानजनक तरीके से दिखाया जाता था। छात्र और शिक्षकों के रिश्तों के अलावा पारिवारिक रिश्तों को भी गलत तरीके से पेश किया जाता था। सरकार ने बताया कि 18 ओटीटी एप्स में से एक एप को 1 करोड़ से ज्यादा डाउनलोड मिल चुके हैं। हालांकि इसका नाम नहीं बताया गया। दो अन्य एप को गूगल प्ले स्टोर पर 50 लाख से ज्यादा डाउनलोड मिले हैं। इसके अलावा इन ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने दर्शकों को अपनी वेबसाइट्स और एप्स की तरफ अट्रैक्ट करने के लिए बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया का भी यूज किया। इन सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कुल मिला कर 32 लाख से अधिक यूजर्स हैं।






www.epaper.azadsipahi.in

15 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 145

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


मधु को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय बाजारः अर्जुन मुंडा




## कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया एवं पोटका में

# डिग्री महाविद्यालय का

# शिलान्यास कार्यक्रम



**मुख्य अतिथि**

## श्री चम्पाई सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक : 15 मार्च 2024
समय : अपराह्न 01:15 बजे
स्थान : मारदाबांध स्टेडियम मैदान, चाकुलिया

दिनांक : 15 मार्च 2024
समय : पूर्वाह्न 11:40 बजे
स्थान : प्रखण्ड मैदान, पोटका

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास तथा उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बन्ना गुप्ता**
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण सह-आपदा प्रबंधन विभाग

**गरिमामयी उपस्थिति**

**श्री विद्युत बरण महतो**
माननीय सांसद, जमशेदपुर लोकसभा

**श्री रामदास सोरेन**
माननीय विधायक, घाटशिला

**श्री सरयू राय**
माननीय विधायक, जमशेदपुर पूर्वी

**श्री मंगल कालिंदी**
माननीय विधायक, जुगसलाई

**श्री समीर मोहंती**
माननीय विधायक, बहरागोड़ा

**श्री संजीव सरदार**
माननीय विधायक, पोटका



P.R. 322714 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

www.epaper.azadsipahi.in

15 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 145

आइआइटी भुवनेश्वर ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की उपलब्धि का मनाया जश्न



## न्यूज रील्स

### चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बांड का डेटा जारी किया

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने गुरुवार को इलेक्टोरल बांड का सारा डेटा अपनी वेबसाइट पर जारी कर दिया। वेबसाइट में 763 पेजों की दो लिस्ट अपलोड की गयी हैं। एक लिस्ट में बांड खरीदने वालों की जानकारी है। दूसरी में राजनीतिक दलों को मिले बांड की डिटेल है। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को 15 मार्च तक यह डेटा सार्वजनिक करने का आदेश दिया था। इससे पहले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन दिनेश कुमार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट फाइल की। इसमें बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट के 11 मार्च के निर्देश के मुताबिक इलेक्टोरल बांड से जुड़ी उपलब्ध जानकारी चुनाव आयोग को दे दी गयी है।

### टीएमसी सांसद अर्जुन सिंह आज भाजपा में होंगे शामिल

कोलकाता। लोकसभा चुनाव से पहले टीएमसी को एक झटका लगा है। बैरकपुर से टीएमसी के मौजूदा सांसद अर्जुन सिंह ने 15 मार्च को दिल्ली में भाजपा में शामिल होंगे। अर्जुन सिंह ने कहा कि मेरा भाजपा जॉइन करना तय था। मैं दिल्ली या यहां (पश्चिम बंगाल) कहीं भी शामिल हो सकता हूं। पार्टी मुझे जो भी काम देगी, मैं वो करने को तैयार हूं। उन्होंने कहा कि टीएमसी में मेरे साथ अन्याय हुआ। इसका जवाब जनता देगी।

## मीठी क्रांति का आगाज, हनी टेस्टिंग लैब का शिलान्यास

# मधु को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय बाजार: अर्जुन मुंडा

- विकसित राष्ट्र बनाने में सबकी सहभागिता जरूरी
- हनी हब की राह पर बढ़ा झारखंड

राजीव

रांची (आजाद सिपाही)। पूर्वी भारत में मीठी क्रांति का आगाज गुरुवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया। इसके लिए भारतीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान नामकुम में अंतरराष्ट्रीय स्तर का अत्याधुनिक शहर टेस्टिंग लैब के शिलान्यास की आधारशिला रखी। मौके पर केंद्रीय कृषि-किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि देश में एनडीडीबी आनंद, आइएआरआइ दिल्ली, आइआइएचआर बेंगलुरु और आइबीडीसी हरियाणा में इस प्रकार की प्रयोगशाला है। रांची में इस प्रयोगशाला के बनने से पूर्वी क्षेत्र को हनी हब के रूप में विकसित किया जा सकेगा। शहद उत्पादक हजारों किसानों को घरेलू बाजार में विस्तार के साथ ही निर्यात के अवसर भी प्राप्त होंगे, जिससे उनका जीवन स्तर ऊंचा उठेगा। इस अवसर पर श्री मुंडा ने कहा कि इस क्षेत्र से कभी मधु का निर्यात नहीं हुआ, जबकि मधु उत्पादन के लिए झारखंड बड़ा क्षेत्र है। राज्य में शहद उत्पादन की बड़ी संभावना है। लगभग 30 प्रतिशत भूमि जंगल से ढकी हुई है, जिसमें प्रचुर मात्रा में फसलें, फल, सब्जियां और जंगली पेड़ हैं, जो शहद उत्पादन के लिए सबसे महत्वपूर्ण संसाधन हैं। हमारे देश में शहद का उत्पादन बढ़ रहा है और इसका निर्यात भी बढ़ रहा है। झारखंड में शहद उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं, जिसका उपयोग किसानों की आय बढ़ाने के लिए किया जाना चाहिए। शहद परीक्षण प्रयोगशालाएं उत्पादित शहद की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में मदद करेंगी। मधुमक्खी बॉक्स निर्माण इकाइयां शहद के उत्पादन को बढ़ाने में मदद करेंगी। व्यापार, ब्रांडिंग और विपणन इकाइयां घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शहद की बिक्री को बढ़ावा देने में मदद करेंगी। मधुमक्खी पालकों और किसानों को भी लाभान्वित करेंगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 1940 से 1960 के बीच जो खाद्यान्न की कमी हुई, उसके बाद देश में हरित क्रांति आयी और देश में उत्पादन बढ़ा। उत्पादन तो बढ़ा लेकिन, मिट्टी का क्षरण भी हुआ। 2013 के बाद हम कई मामलों में सतर्क हुए हैं। आज भी तेलहन और दलहन आयात करते हैं। यह मनुष्य को प्रकृति के साथ संबंध बनाते हुए मिट्टी को कम नुकसान पहुंचा कर आगे बढ़ना है। इस क्षेत्र में बम्बू मिशन की भी शुरुआत की जा रही है।

अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों, किसानों को प्राथमिकता केंद्र सरकार सदैव पहली सूची में है। इसी क्रम में झारखंड और आसपास के राज्यों बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा आदि की अनूठी शहद किस्मों को अंतरराष्ट्रीय पहचान देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने अत्याधुनिक वृहद शहद परीक्षण प्रयोगशाला, अन्य परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की है।

**हरित क्रांति के बाद मीठी क्रांति का संकल्प :** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हरित क्रांति के बाद अब मीठी क्रांति का संकल्प लेने का समय है। दस साल के आंकड़े को देखें, तो उत्पादन बढ़ा है, लेकिन इसका नुकसान भी उठाना पड़ा है। इसी कारण इकोलॉजिकल लाइफ को बढ़ाने की पहल होनी चाहिए। मधु के क्षेत्र में एक लाख 40 हजार मीट्रिक टन उत्पादन हुआ है। निर्यात भी 79 एमटी हुआ है। कृषि क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ सामूहिक प्रयास से झारखंड उदाहरण प्रस्तुत कर सकता है।

**छह कृषि विज्ञान केंद्र में ट्रेनिंग :** राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन, शहद मिशन, कृषि विज्ञान केंद्र खूंटी, रांची, गुमला, सिमडेगा, सरायकेला, पश्चिमी सिंहभूम सहित विभिन्न संस्थान इसमें सहभागी रहे। इन केंद्रों पर किसानों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था होगी।

**इनकी रही मौजूदगी :** इस अवसर पर पद्मश्री अशोक भगत, बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे, निदेशक डॉ सुजय रक्षित, निदेशक अभिजीत कर, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन समेत अन्य उपस्थित थे।



### मधुमक्खी पालन के लिए झारखंड आदर्श: संजय सेठ




रांची (आजाद सिपाही)। सांसद संजय सेठ ने कहा कि मधुमक्खी पालन के लिए झारखंड आदर्श है। इसमें भी खासकर रांची का अनगड़ा इलाका आगे है। इसका पालन काफी आसान भी है। इसका एक और बड़ा फायदा यह है कि इसके पालन से हाथी का प्रकोप भी कम होता है। कहा कि नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में 50 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठेंगे। इस दिशा में सरकार का प्रयास निरंतर जारी है।

### चंपाई सोरेन से सरफराज अहमद ने मुलाकात की



मुख्यमंत्री 'चंपाई सोरेन से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चयनित होने के बाद सरफराज अहमद ने मुलाकात की। यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

# पूर्व आइएएस ज्ञानेश और सुखबीर बने चुनाव आयुक्त

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में लगी मुहर

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। सरकार ने दो नये चुनाव आयुक्तों के नाम की मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाले पैनल की गुरुवार को बैठक हुई। इसमें सरकार ने दो चुनाव आयुक्तों का चयन कर लिया है। हालांकि अभी चुनाव आयुक्त की नियुक्तियों का आधिकारिक एलान नहीं किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी के बाद इनकी नियुक्ति की जायेगी। बैठक के बाद नेता विपक्ष अधीर रंजन ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि पूर्व आइएएस ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू के नाम पर मुहर लगी है। सुखबीर उत्तराखंड के मुख्य सचिव और एनएचएआइ के चेयरमैन रह चुके हैं। ज्ञानेश कुमार 1988 बैच के केरल कैडर के आइएएस अधिकारी हैं। वह गृह मंत्रालय में रह चुके हैं। धारा 370 पर फैसले के वक्त गृह मंत्रालय में कार्यरत थे। वह सहकारिता मंत्रालय में सचिव पद से रिटायर हुए हैं। अधीर रंजन ने नियुक्ति प्रक्रिया पर नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि बैठक शुरू होने के 10 मिनट पहले छह नाम मेरे पास आये। मुझे सुखबीर सिंह संधू, ज्ञानेश कुमार, उत्पल कुमार सिंह, प्रदीप कुमार त्रिपाठी, इंदीवर पांडे और गंगाधर राहत के नाम सौंपे गये थे। मैंने कहा कि इनकी ईमानदारी और तजुर्बा जांचना मेरे लिए असंभव है। मैं इस प्रक्रिया का विरोध करता हूं। ये होना ही था। ये औपचारिकता है।

# पीएम स्वनिधि योजना: एक लाख स्ट्रीट वेंडर्स को लोन मिला

- प्रधानमंत्री ने कहा कि आपके बिना जिंदगी मुश्किल
- दिल्ली मेट्रो के दो नये कॉरिडोर की आधारशिला भी रखी

आजाद सिपाही संवाददाता



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने दिल्ली के 5 हजार स्ट्रीट वेंडर्स समेत 1 लाख वेंडरों को पीएम स्वनिधि योजना के तहत लोन बांटा। साथ ही दिल्ली मेट्रो के दो नये कॉरिडोर की भी आधारशिला भी रखी। इस मौके पर मोदी ने स्ट्रीट वेंडर्स से कहा कि आप हमारे आसपास ही रहते हैं। कोरोना के दौरान हमने रेहड़ी-पटरी वालों की ताकत देखी है। आपके बिना रोजमर्रा की जिंदगी की कल्पना मुश्किल है। गौरतलब है कि पीएम स्वनिधि स्कीम को 1 जून, 2020 को लांच किया गया था। देश भर में 62 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी वालों को 10,978 करोड़ रुपये से ज्यादा का लोन बांटा जा चुका है। अकेले दिल्ली में लगभग 2 लाख लोन बांटे गये हैं, जिसकी राशि 232 करोड़ रुपये है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली मेट्रो का दायरा भी 10 साल में करीब-करीब दोगुना हो चुका है। ट्रैफिक और प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए ईमानदारी से जुटे हुए हैं। इसके लिए दर्जनों शहरों में मेट्रो सुविधा पर काम हो रहा है, इलेक्ट्रिक बसें चलायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारत सरकार ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भी शुरू की है। इस योजना के तहत छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए सरकार पूरी मदद करेगी। इससे 300 यूनिट तक फ्री बिजली मिलेगी। सरकार इस योजना पर 75 हजार करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है।

प्रदानमंत्री ने कहा कि मोदी गरीब और मध्यम वर्ग का जीवन बेहतर बनाने में जुटा हुआ है। वहीं दूसरी तरफ इंडी गठबंधन है, जो मोदी को गालियां देने के लिए घोषणा पत्र के साथ दिल्ली में एकजुट हो गया है। इंडी गठबंधन की विचारधारा है, कुशासन, करप्शन और देश विरोधी हवा देना। जबकि मोदी की विचारधारा है, जनकल्याण से राष्ट्र कल्याण, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण को जड़ से मिटाना और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाना।

# प्रदीप वर्मा ने धरती आबा और श्यामा प्रसाद को किया नमन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद गुरुवार को डॉ प्रदीप वर्मा ने विधानसभा परिसर में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और राज्य निर्माता अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वे भाजपा प्रदेश कार्यालय गये। प्रदेश कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा को भी पुष्प अर्पित कर नमन किया। यहां महिला मोर्चा की सदस्यों ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर, अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ प्रदान किया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, विधायक सीपी सिंह, समरी लाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सुबोध सिंह गुड्डू, रांची महानगर जिलाध्यक्ष वरुण साहू, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, केके गुप्ता, बलराम सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**इन्होंने किया स्वागत :** प्रदेश कार्यालय में स्वागत करने वालों में हेमंत दास, गुरविंदर सेठी, कुणाल आजमानी, अजय राय, नीरज सिंह, पंकज सिन्हा, सीमा सिंह, लक्ष्मी कुमारी, राकेश सिंह, शशांक राज, रोमित नारायण सिंह, शिवाजी सिंह, रामलगण राम, विकास रवि, इंद्रजीत यादव, मुनेश्वर साहू, पप्पू वर्मा, विशाल साहू, कर्मवीर सिंह, पप्पू जयसवाल, अनिल टाइगर, नरेंद्र सिंह, उमेश साहू, रामकुमार पाहन, मनोज चौधरी आदि शामिल थे।



### भाजपा में कार्यकर्ताओं का सम्मान: बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि डॉ प्रदीप वर्मा का राज्यसभा के लिए चुना जाना एक कार्यकर्ता का सम्मान है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जिसने कार्यकर्ताओं को सम्मान रखा है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भी डॉ वर्मा को बधाई दी।

### यह जीत कार्यकर्ताओं को समर्पित: प्रदीप वर्मा

डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि यह जीत प्रदेश के लाखों कार्यकर्ताओं को समर्पित है, जिनके अथक परिश्रम से ही ऐसे सुखद परिणाम मिलते हैं। उन्होंने राज्य के लाखों कार्यकर्ताओं के प्रति भी आभार प्रकट किया। कहा कि पार्टी ने जो अवसर दिया है, उसका पूरी इमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करूंगा।

# धनबाद में आयकर ने की बड़ी कार्रवाई

उद्योगपति विकास गाडयान के आवास और कार्यालय पर छापा

आजाद सिपाही संवाददाता




रांची। आयकर विभाग ने धनबाद में बड़ी कार्रवाई की है। आयकर की टीम ने गुरुवार अहले सुबह अलग-अलग ठिकानों पर छापा मारा। हालांकि, अभी तक छापेमारी की कोई ठोस वजह सामने नहीं आयी है। जानकारी के मुताबिक धनबाद में आयकर विभाग की टीम ने टीएमटी और सीमेंट उद्योग के मालिक विकास गाडयान के चिरकुंडा स्थित आवास और कार्यालयों में छापा मारा है। छापेमारी से पहले आयकर विभाग ने स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दे दी थी। विकास गाडयान का प बंगाल के आसनसोल-दुर्गापुर कमिश्नरेट के सलानपुर थाना क्षेत्र में प्लांट है। यहां सिटकॉन टीएमटी का निर्माण होता है। इसके अलावा आयकर विभाग की टीम प्लांट के साझेदार गोपाल सिंघल के बराकर हनुमान चढ़ाई स्थित आवास और सिटी अलायेज में एक साथ छापेमारी कर रही है। छापेमारी टीम में आयकर विभाग कोलकाता के इंस्पेक्टर शुभोजीत पाल के साथ साथ अन्य अधिकारी और कर्मी शामिल हैं। खबर लिखे जाने तक कार्रवाई चल रही थी। अभी तक क्या-क्या मिला है, इस बारे मे आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है।

# एक देश, एक चुनाव: रामनाथ कोविंद कमेटी ने राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपी



रिपोर्ट में 18 हजार पेज, 2029 में एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। 'एक देश, एक चुनाव' पर विचार के लिए बनायी गयी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। यह 18,626 पन्नों की है। इसमें कहा गया है पैनल का गठन 2 सितंबर 2023 को किया गया था। यह रिपोर्ट स्टेक होल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि एक देश-एक चुनाव पर 47 राजनीतिक दलों ने कमेटी को अपनी राय दी। इनमें से 32 ने पक्ष में और 15 ने विपक्ष में मत रखा है।

गौरतलब है कि कोंविद पैनल ने 'एक देश-एक चुनाव' पर रिपोर्ट तैयार करने से पहले सात देशों की चुनाव प्रक्रिया का अध्ययन किया। इनमें दक्षिण अफ्रीका, जर्मनी, स्वीडन, बेल्जियम, जापान, इंडोनेशिया, फिलीपींस शामिल हैं। कोविंद पैनल के मुताबिक एक साथ चुनाव के लिए अन्य देशों का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया, जिसका उद्देश्य चुनावों में निष्पक्षता और पारदर्शिता के लिए सबसे बेहतर अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं का अध्ययन और उन्हें अपनाना था।

### कोविंद कमेटी के सुझाव

- सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाये।
- हंग हाउस, नो कांफिडेंस मोशन होने पर बाकी पांच साल के कार्यकाल के लिए नये सिरे से चुनाव कराये जा सकते हैं।
- पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ कराये जा सकते हैं। उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के चुनाव कराये जा सकते हैं।
- चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आइ-कार्ड तैयार करेगा।
- एक साथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, जनशक्ति और सुरक्षा बलों की एडवांस प्लानिंग की सिफारिश की है।

# स्वार्थ पूर्ति के लिए दबाव नहीं बनाये राज्य सरकार: बाबूलाल

मीडिया अपना सूत्र बताने के लिए बाध्य नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि पत्रकार किसी को भी अपने न्यूज का स्रोत बताने को बाध्य नहीं होते, फिर भी रांची पुलिस हेमंत सोरेन द्वारा इडी के लोगों के विरुद्ध दर्ज कराये गये फर्जी-बिना सिर के एक मुकदमे के मामले में पत्रकारों पर दबाव डालकर उनके सूत्र जानना चाहती है। उन्होंने कहा कि पुलिस पत्रकारों के सूत्र जानने से पहले झारखंड की जनता को ये तो बताये कि हेमंत सोरेन 40 घंटे तक भगोड़े की तरह कहां छुपे थे, किधर से भागे। किसके साथ भागे। पैदल भागे की मोटरसाइकिल से भागे। रात को भागने की वजह क्या थी। मरांडी ने कहा कि इडी, झारखंड में पिछले करीब दो सालों से झामुमो-कांग्रेस सरकार के संरक्षण में चल रहे भ्रष्टाचार के खुलासे के लिए धुंआधार कार्रवाई कर रही है, जिसका कवरेज स्थानीय और नेशनल मिडिया पर भी होता है। पत्रकारों का काम ही है अंदर की खबरें निकालना। झारखंड पुलिस द्वारा कानून का दुरुपयोग कर पत्रकारों पर दबाव डालना लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमले के समान है। हेमंत सोरेन ने अपने शासन के दौरान पुलिस-प्रशासन का दुरुपयोग अपराधियों को संरक्षण देने, लोकतंत्र की आवाज को दबाने और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को प्रताड़ित करने के लिए किया।

www.epaper.azadsipahi.in

15 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 145

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

ममता बनर्जी घर में टहलने के दौरान मुंह के बल गिर गयी थीं, माथे पर लगी चोट, टांके लगाये गये





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 61,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 76,000 रु./प्रति किलो |



# झारखंड में महागठबंधन के अब भी अकेले खेवनहार हैं हेमंत सोरेन

## ■ चुनावी रणनीति से लेकर प्रचार तक का सारा बोझ उठाते रहे पूर्व सीएम

## ■ दुमका सीट से चुनाव लड़ने की चर्चा भर से सत्ता पक्ष में जग गया उत्साह

**झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाला महागठबंधन अचानक से उत्साहित नजर आ रहा है। इसका कारण बने हैं राज्य के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, जो अपनी पार्टी झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं और महागठबंधन के अकेले खेवनहार। महागठबंधन में यह उत्साह इसलिए दिखने लगा है, क्योंकि दबी जुबान हेमंत सोरेन के दुमका संसदीय सीट से चुनाव लड़ने की चर्चा जोर पकड़ रही है। इडी द्वारा गिरफ्तार किये जाने के बाद फिलहाल होटवार जेल में बंद हेमंत सोरेन के दुमका से चुनाव लड़ने की चर्चा के साथ अब यह बात साफ हो गयी है कि झारखंड में महागठबंधन की पहली और आखिरी उम्मीद आज भी हेमंत सोरेन हैं। जेल में बंद होने के बावजूद हेमंत जिस तरह झारखंड की सियासत के केंद्र में बने हुए हैं, वह राज्य के लिए अनोखी बात है। हेमंत का कद इसलिए इतना बड़ा नहीं हुआ है कि वह झारखंड के सबसे कद्दावर नेता शिबू सोरेन के उत्तराधिकारी हैं, बल्कि उन्होंने अपनी लगन और मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। चार साल तक झारखंड की कमान संभालने के दौरान हेमंत सोरेन ने न केवल विपक्ष की राजनीति को धार दी, बल्कि अकेले दम पर उसकी रणनीति से लेकर सारी जिम्मेदारी निभायी। हेमंत ने महागठबंधन की चुनावी रणनीति से लेकर प्रचार तक की जिम्मेदारी अकेले निभायी और इसमें सफल भी रहे। अब वह यदि दुमका से लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरते हैं, तो यह एक किस्म का बड़ा राजनीतिक प्रयोग होगा। लेकिन अभी तक यह सिर्फ अटकल है, चर्चा तक ही सीमित है। पार्टी की तरफ से अभी तक कोई अधिकृत बयान नहीं आया है। हेमंत सोरेन को चुनाव मैदान में उतारने की चर्चा और महागठबंधन में हेमंत सोरेन की जगह क्या है, यह बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

पूरे देश के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे झारखंड के राजनीतिक दलों के बीच 14 मार्च को अचानक एक खबर ने सनसनी मचा दी। यह खबर थी कि जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लोकसभा चुनाव लड़ाने की तैयारी झारखंड मुक्ति मोर्चा कर रहा है। दुमका से उन्हें चुनाव लड़ाने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। हालांकि अभी तक झामुमो की तरफ से अधिकृत रूप से ऐसा कोई बयान नहीं आया है। खबर अटकल और चर्चा पर आधारित थी।

### क्या है महागठबंधन की पूरी रणनीति

झारखंड में महागठबंधन ने सीट शेयरिंग को अंतिम रूप दे दिया है। इसके अनुसार कांग्रेस राज्य की सात लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार देगी। झामुमो को पांच सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करना है, जबकि राजद और भाकपा माले को एक-एक सीट पर प्रत्याशी उतारना है। जिन तीन सीटों को लेकर इंडी अलायंस में पेंच फंसा था, कहा जा रहा है कि उसे भी हल कर लिया गया है। कांग्रेस ने सिंहभूम सीट झामुमो के लिए छोड़ दी है, जबकि कोडरमा सीट उसने भाकपा माले को दे दी है। उधर लोहरदगा सीट पर झामुमो ने अपना दावा छोड़ दिया है। फॉर्मूले के तहत कांग्रेस रांची, हजारीबाग, खूंटी, लोहरदगा, धनबाद, गोड्डा और चतरा सीट से उम्मीदवार देगी। झामुमो के कोटे में सिंहभूम, जमशेदपुर, गिरिडीह, दुमका और राजमहल सीट दी गयी है। राजद को पलामू सीट से उम्मीदवार देने को कहा गया है, जबकि कोडरमा से भाकपा माले लड़ेगी।

हेमंत सोरेन को दुमका से चुनाव लड़ाने को लेकर झामुमो और महागठबंधन के दूसरे घटक दलों के अंदरखाने यह सोच है कि अगर ऐसा हुआ, तो इसका असर पूरे झारखंड में आदिवासी वोट बैंक पर पड़ सकता है। जनता के बीच यह संदेश देने की कोशिश होगी कि भाजपा की साजिश की वजह से हेमंत सोरेन जेल में बंद हैं और उनको वोट देकर जीत दिलायी जाये, ताकि भाजपा को यह मैसेज जाये कि हेमंत सोरेन जेल में बंद होने के बावजूद चुनाव लड़ सकते हैं और जीत भी सकते हैं। झामुमो इसे एक भावनात्मक मुद्दा बना कर झारखंड में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। हालांकि पिछली बार दुमका की सीट से शिबू सोरेन चुनाव लड़े थे और उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार स्वास्थ्य कारणों से शिबू सोरेन चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसलिए पूरी संभावना है कि सोरेन परिवार का ही कोई सदस्य दुमका से चुनाव लड़े, क्योंकि यह उनकी परंपरागत सीट है। महागठबंधन का मानना है कि हेमंत सोरेन भले ही जेल की चारदीवारी में बंद हैं, लेकिन उनके सहारे भाजपा के कथित अन्याय के खिलाफ लड़ाई को और बड़ा किया जाये। हेमंत सोरेन राज्य की राजनीति से अलग लोकसभा के लिए चुनाव लड़ें। महागठबंधन का मानना है कि हेमंत सोरेन कहीं से भी चुनाव लड़ें, विपक्षियों में बौखलाहट देखने को मिलेगी और इसका असर परिणाम पर पड़ेगा।



### हेमंत सोरेन क्यों हैं इतने अहम

इस बात में कोई संदेह नहीं है कि हेमंत सोरेन इस राज्य के सबसे कद्दावर नेताओं में से एक हैं और वह उन नेताओं में शुमार हैं, जिनकी लोकप्रियता पूरे राज्य में है। इतना ही नहीं, अपने चार साल के कार्यकाल के दौरान उन्होंने जो फैसले लिये, उनसे आदिवासियों के बीच उनकी एक विशेष छवि बनी है। चाहे सरना धर्मकोड हो या स्थानीयता नीति, आरक्षण का मसला हो या आदिवासियों के लिए कल्याण योजनाएं, हेमंत सोरेन ने पूरी शिद्दत से खुद को आदिवासियों के सबसे बड़े नेता के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया है। हार्वर्ड जैसे विश्वस्तरीय संस्थान में भाषण देकर उन्होंने झारखंड और आदिवासियत को नयी ऊंचाई दी और यही आज उनका सबसे बड़ा हथियार बन गया है।

हेमंत सोरेन का यह तेवर विधानसभा में उनके वक्तव्य में भी सामने आया, जब वह चंपाई सोरेन सरकार के विश्वास मत के दौरान अदालत के आदेश पर विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होने आये थे। उन्होंने अपनी आदिवासी पहचान को उजागर करते हुए एक भावनात्मक भाषण दिया और इडी की कार्रवाई को 'आदिवासी विरोधी' भाजपा द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। उन्होंने कहा, अगर उन्हें लगता है कि मुझे सलाखों के पीछे डाल कर वे एक आदिवासी नेता को खत्म करने या झारखंड मुक्ति मोर्चा को खत्म करने के अपने उद्देश्य में सफल हो जायेंगे, तो वे गलत हैं। यह झारखंड है, जिसने अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी है और पीछे नहीं हटेगा। झारखंड झुकेगा नहीं।

### हेमंत सोरेन हैं महागठबंधन के अकेले खेवनहार

झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर इस बार सीधे मुकाबले की स्थिति बन गयी है। ऐसे में सत्तारूढ़ गठबंधन का सबसे बड़ा घटक होने के कारण झामुमो पर बड़ी जिम्मेवारी है। शिबू सोरेन के खराब स्वास्थ्य के कारण चुनाव प्रचार में वह सक्रिय नहीं रहेंगे। झामुमो के पास उनके बाद दूसरा सबसे बड़ा चेहरा हेमंत सोरेन का है। यदि वह जेल में ही रहे, तो फिर चुनाव प्रचार की धार कमजोर हो सकती है। इसलिए एक सोची-समझी रणनीति के तहत हेमंत सोरेन की पत्नी को राजनीतिक परिदृश्य में सक्रिय किया गया है। वह सभाओं में जिस तरह लोगों से कनेक्ट हो रही हैं और भावुक हो जा रही हैं, उसका असर पड़ना स्वाभाविक है। अपने हर संबोधन में वह और झामुमो के दूसरे नेता हेमंत सोरेन को राज्य का सबसे बड़ा नेता बता रहे हैं। यह सच भी है कि राज्य में झामुमो महागठबंधन का मुख्य आधार है और हेमंत सोरेन अपनी पार्टी के सबसे बड़े नेता। कहने को महागठबंधन में कांग्रेस भी है, लेकिन राजनीति का केंद्र बिंदु हेमंत सोरेन ही हैं।

---

# नवप्रोन्नत 1179 एसआइ का तबादला अविलंब विरमित करने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में एएसआइ से एसआइ बने 1179 एसआइ का तबादला किया गया है। डीजीपी के आदेश पर डीआइजी कार्मिक ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है। एएसआइ से एसआइ की कोटि में प्रोन्नति के निमित्त क्षेत्रीय चयन पर्षद से प्राप्त मनोनयन के आधार पर केंद्रीय चयन पर्षद की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बीते मंगलवार को संपन्न राज्य पुलिस स्थापना पर्षद की बैठक में वर्तमान पदस्थापन स्थान से तत्काल प्रभाव से सभी को अन्य जिले में तबादला किया गया है। जिलों के एसएसपी और एसपी को नव प्रोन्नत एसआइ को अविलंब विरमित कर योगदान प्रतिवेदित कराते हुए अनुपालन प्रतिवेदन देने को कहा है।




# दिशोम गुरु शिबू सोरेन से रांची में मिले राजमहल सांसद विजय हांसदा

**बरहरवा/साहिबगंज (आजाद सिपाही)।** झारखंड की राजमहल लोकसभा सीट से सांसद विजय हांसदा ने गुरुवार को दिशोम गुरु और झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन से उनके रांची स्थित आवास पर मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। मुलाकात के बाद सांसद विजय हांसदा ने कहा कि गुरुजी का जीवन संघर्षों का प्रतीक है। हमारे लिए वह हमेशा प्रेरणास्रोत रहे हैं। उनके पद चिह्नों पर चलना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु ने उन्हें सफलता का मंत्र दिया।



# जमीन घोटाले के आरोपित विष्णु अग्रवाल ने चीन जाने के लिए कोर्ट से मांगी अनुमति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमीन घोटाले के आरोपित कारोबारी विष्णु अग्रवाल ने चीन जाने की इजाजत इडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट से मांगी है । इसे लेकर उनकी ओर से अनुमति याचिका दाखिल की गयी है। दाखिल अनुमति याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इडी ने जवाब देने के लिए समय की मांग की है। इस पर अदालत ने इडी को समय दिया है। सुनवाई के दौरान विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने कोर्ट को बताया कि व्यापार को लेकर विष्णु अग्रवाल चीन जाना चाहते हैं। इसलिए उनका पासपोर्ट सहित अन्य फॉर्मेलिटी को पूरा किया जाये, जबकि इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने विष्णु अग्रवाल के वकील की इस दलील का विरोध किया । उन्होंने कहा कि विष्णु अग्रवाल जिस मामले में आरोपित हैं, उस मामले में आरोपितों के खिलाफ आरोप गठित किये जाने हैं। विदेश जाने के बाद आगे की न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित होगी। इस मामले में विष्णु अग्रवाल, छवि रंजन, अमित अग्रवाल सहित आरोपित चार्जशीटेड हैं। एक आरोपित के नहीं रहने से मामला लंबित रहने की संभावना है।

---

### जज उत्तम आनंद हत्याकांड

# सीबीआइ ने हाइकोर्ट को दी दोषियों के व्हाट्सएप चैट की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धनबाद के दिवंगत जज उत्तम आनंद हत्याकांड पर झारखंड हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में सुनवाई हुई।

गुरुवार की सुनवाई के दौरान सीबीआइ की ओर से कोर्ट को बताया गया कि दोषियों के व्हाट्सएप चैट से ऐसी कोई जानकारी नहीं मिली है, जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि इस घटना में किसी और व्यक्ति की भूमिका शामिल है। वहीं हाइकोर्ट ने अदालतों की सुरक्षा के लिए उठाये गये सभी कदमों की विस्तृत जानकारी राज्य सरकार से मांगी है।

बता दें कि वर्ष 2021 में धनबाद सिविल कोर्ट के जज उत्तम आनंद की हत्या कर दी गयी थी। हाइकोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था और इसे जनहित याचिका में तब्दील कर सुनवाई कर रहा है।



# 1250 करोड़ के अवैध खनन मामले में भगवान भगत टिंकल भगत और कृष्णा साहा पर आरोप गठित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा के सहयोगी भगवान भगत, टिंकल भगत और कृष्णा साहा के खिलाफ इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में गुरुवार को आरोप गठित किया गया। अब इनके खिलाफ मुकदमा चलेगा। इडी की ओर से मामले में गवाह प्रस्तुत किये जायेंगे। आरोप गठन के दौरान आरोपितों ने खुद को बेकसूर बताया। मामले की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हुई।

कोर्ट ने इन पर लगे आरोपों को पढ़ कर सुनाया। आरोपितों ने इसे बेबुनियाद बताया। इडी कोर्ट इन तीनों की डिस्चार्ज पिटीशन पूर्व में खारिज कर चुका है। मामले में भगवान भगत, टिंकल भगत एवं कृष्णा साहा सहित अन्य के खिलाफ इडी ने इसीआइआर 4/2022 दर्ज किया है। कृष्णा साहा को इस मामले में झारखंड हाइकोर्ट से बेल मिल चुकी है। भगवान एवं टिंकल भगत इडी के न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं।




भगवान भगत अपनी कंपनियों के जरिए पत्थर का कारोबार करता था। वह मामले के एक अन्य आरोपित पंकज मिश्रा का काम देखता था। 8 जुलाई, 2022 को इडी की छापेमारी में भगवान भगत के घर से 28.50 लाख रुपये मिले थे। भगवान भगत और टिंकल भगत को इडी ने 7 जुलाई, 2023 को गिरफ्तार किया था। भगवान भगत, टिंकल भगत और कृष्णा साहा पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना माने जाते हैं।

टिंकल और कृष्णा भगत अवैध खनन के पैसे पंकज मिश्रा को भी पहुंचाते थे। 5 जुलाई, 2023 को 10 घंटे की पूछताछ के बाद इडी ने अवैध खान मामले में कृष्णा साहा को देर रात गिरफ्तार कर लिया था। अवैध पत्थर खनन मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही इडी कृष्णा कुमार के ठिकाने पर जुलाई 2022 में छापेमारी की थी। कृष्णा कुमार साहा साहिबगंज जिले के बड़हरवा निवासी हैं।

कृष्णा साहा की अवैध पत्थर खदान में दो मजदूरों की दुर्घटना में मौत हो गयी थी। जांच के क्रम में इडी ने पूर्व में कृष्णा साहा के बड़हरवा के चंपांडे मौजा की पत्थर खदान की ड्रोन से मापी ली थी। वहां के कर्मियों के मोबाइल और कागजात भी जब्त किये गये थे। छानबीन में जानकारी मिली थी कि लीज एरिया से कई गुणा अधिक खनन किया गया है।

# पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

### पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त करे सरकार: विकास महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुवार को त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघ ने झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात करके अपनी पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघ के अध्यक्ष विकास महतो ने कहा कि झारखंड राज्य में पंचायत चुनाव का यह तीसरा कार्यकाल है, परंतु अभी तक झारखंड में पंचायती राज संस्थाएं सशक्त नहीं हो पायी हैं और ना पूर्ण अधिकार मिला है। उन्होंने अपने ज्ञापन में राज्य वित्त आयोग से त्रिस्तरीय पंचायती राज्य संस्थाओं को क्षेत्र विकास कार्य के लिए राशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

सरकार के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को हस्तांतरित 14 विभाग एवं 29 विषयों का पूर्ण अधिकार मिले। पंचायत के सभी कर्मियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक के द्वारा पंचायत सचिवालय में सुनिश्चित हो। सभी जिले के जिला परिषद की मासिक बैठक सुनिश्चित हो। अबुआ आवास योजना में अनियमितता पर आरोप गठित कर मुखिया को प्रताड़ित किया जा रहा है, जबकि लाभुकों के चयन में मुखिया का कोई अधिकार नहीं दिया गया है। मौके पर प्रदेश मुखिया संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अमित चौबे, चतरा जिला अध्यक्ष मुखिया संघ अरविंद कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.4 °C | 18.9 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.57 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.58 बजे |



# खेल मंत्री धनुष बांट रहे थे, आर्चरी खिलाड़ियों ने लेने से मना किया; बोले- क्वालिटी खराब है

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** खेल मंत्री हफीजुल हसन गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में धनुष बांट रहे थे, लेकिन आर्चरी खिलाड़ियों ने इसे खराब क्वालिटी का बता कर लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद खिलाड़ियों से आग्रह किया गया कि वे खेल सामग्री को सांकेतिक तौर पर ग्रहण कर लें। बाद में उनको दूसरी खेल सामग्री यानी धनुष दिया जायेगा। मिली खबर के मुताबिक इस समय मंच पर खेल मंत्री हफीजुल हसन के अलावा खेल सचिव और खेल निदेशक भी मौजूद थे। खिलाड़ियों ने शिकायती लहजे में कहा कि जो धनुष उनको दिया जा रहा है, उसका इस्तेमाल नये खिलाड़ी करते हैं। उनके लिए ये किसी काम के नहीं हैं।

**इन खिलाड़ियों को दी गयी खेल सामग्री :** तीरंदाजी में लक्ष्मी कुमारी, दिनेश मुर्मू, जीतू राम बेदिया और नाजिया परवीन, कराटे में संतोष गोस्वामी और अलीशा केरकेट्टा, बैडमिंटन में वैभवी और यशस्वी, ताइक्वांडो में प्रिया घोष को खेल सामग्री दी गयी। बता दें कि खेल सामग्री के वितरण के लिए 15 मार्च को प्रोजेक्ट भवन की एनेक्सी बिल्डिंग के दूसरे तल्ले स्थित हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

**नव नियुक्त प्रशिक्षकों को दिया गया नियुक्ति पत्र :** वहीं, कार्यक्रम में नव नियुक्त 18 खेल प्रशिक्षकों को खेल मंत्री हफीजुल हसन के हाथों नियुक्ति पत्र दिया गया। इनमें कबड्डी के लिए रसपाल सिंह, बैडमिंटन के लिए मो इमरान अली और सौरभ कुमार, एथलेटिक्स में आशु भाटिया और मनोज कुमार पाल, हॉकी में जी सुधीर और तारिणी कुमारी, आर्चरी के लिए प्रकाश राम, चंदन कुमार सिंह और स्वेता पांडे, फुटबॉल के लिए प्रेरणा मिश्रा, रघुराज रौशन, सुशीला कुमारी और प्रणिता तिर्की के नाम शामिल हैं। साथ ही पहले से कार्यरत इन को-ऑर्डिनेटर्स को भी नियुक्ति पत्र दिया गया। इनमें आशीष बनर्जी, निधि उपाध्याय, अमित साव, पूजा कुमारी उरांव, ललित कुमार झा, आशुतोष कुमार राय, चंद्र भूषण, सुशील कुमार, लखेश्वर मंडल, चंदन कुमार राणा, रिंकू कुमारी, मनीष चंद्र हेंब्रम, मनीष तिर्की, राहुल कुमार और सरोज कुमार यादव के नाम शामिल हैं।

## सीएमपीडीआइ ने मोबाइल आइ केयर वैन किया रवाना



**रांची (आजाद सिपाही)।** सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने मोबाइल आइ केयर वैन को झंडी दिखाकर नवभारत जागृति केंद्र हजारीबाग के लिए रवाना किया। सीएमपीडीआइ के सीएसआर के तहत 34.82 लाख का वैन एनबीजेके हजारीबाग को उपलब्ध कराया गया है। इस मौके पर निदेशक तकनीकी पीएंडडी अजय कुमार, निदेशक तकनीकी इएस सतीश झा, निदेशक तकनीकी आरडीएंडटी अच्युत घटक, महाप्रबंधक एचआरडी-सीएसआर आरके महापात्रा समेत अन्य मौजूद थे। यह वैन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैश है। इसके जरिये तीन जिलों के सुदूरवर्ती गांवों के लोगों के द्वार पर मोतियाबिंद सहित नेत्र रोग की जांच की जायेगी। इससे लगभग 10 हजार व्यक्ति प्रतिवर्ष लाभान्वित होंगे।

## पूर्व डीआइजी संजय रंजन आजसू पार्टी के महासचिव बने



**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व डीआइजी संजय रंजन को आजसू पार्टी में महासचिव बनाया गया है। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर इस बाबत पत्र जारी कर दिया गया है। मूल तौर पर पलामू के रहने वाले संजय रंजन हाल ही में आजसू पार्टी में शामिल हुए थे। उन्होंने राज्य में पुलिस सेवा के विभिन्न पदों पर अपनी सेवा दी है। साथ ही सामाजिक सरोकार से भी जुड़े रहे हैं। राज्य में अलग-अलग क्षेत्रों की समस्याओं से भी वे वाकिफ रहे हैं।

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
निविदा सूचना संख्या : GEM/2024/B/4765727
दिनांक : 13.03.2024
वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता, पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–खुली निविदा (e-open tender) Two Packet System में Gem Portal में आमंत्रित की जाती है। 1. कार्य का नाम : धनबाद मण्डल में पाथरडीह, पतरातू, बरवाडीह एवं ओबरा के सर्विस बिल्डिंग, सिक लाइन, आर ओ एच शेड एवं खुला यार्ड में प्रतिदिन की साफ सफाई का दो वर्षों के लिए आउटसोर्सिंग का कार्य। 2. GeM मद श्रेणी : Custom Bid for Services-Sweeping Cleaning Picking of garbage coal dust grit scrap from room store compressor machine maintenance cycle stand sick line shed open area yard track pathways associated area and disposal at nominated place. Custom Bid for services-Sweeping cleaning Mopping of office rooms DV labs toilets urinal with adequate disinfectant and cleaning agent, Custom Bid for Services-Collection of mixed scrap released material from sick line shed open area yard and segregation of mixed material stacking item wise for lot formation at nominated place. 3. संविदा की अवधि : 2 वर्ष/24 महीना। 4. कार्य–स्थान : धनबाद डिवीजन के पाथरडीह, पतरातू बरवाडीह एवं ओबरा डिपो। 5. अनुमानित बोली मूल्य : ₹2,63,53,277/– (रूपया दो करोड़ तिरसठ लाख तिरपन हजार दो सौ सत्तत्तर) मात्र। 6. बयाना राशि : ₹2,81,800/– (रूपया दो लाख अकासी हजार आठ सौ) मात्र। 7. निविदा जमा करने का तारीख तथा समय : ई–निविदा जमा करने का तारीख 13.03.2024 से 02.04.2024 को 17:00 बजे तक। 8. निविदा खुलने का तारीख तथा समय : 02.04.2024 को 17.30 बजे। (GeM बिड के अनुसार) 9. बेब साईट विवरण : http://www.gem.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।
वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडि)/
पूमरे/धनबाद
पीआर/02548/डीएचएन/यां/टी/23–24/52

# राष्ट्रीय खेल घोटाला मामले में पंकज यादव और सूर्य सिंह बेसरा की हुई गवाही

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में 34 वें राष्ट्रीय खेल घोटाला की जांच वाली याचिका के शिकायतकर्ता पंकज कुमार यादव और पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा गवाही के लिए गुरुवार को कोर्ट में उपस्थिति हुए। शिकायतकर्ता पंकज यादव ने कोर्ट के समक्ष दिये अपने बयान में कहा है कि मैं सीबीआइ की जांच और क्लोजर रिपोर्ट से सहमत नहीं हूं। पंकज ने आरोप लगाया कि सीबीआइ ने विधानसङ्गा कमिटी की रिपोर्ट और विजिलेंस जांच को नजरअंदाज किया है। इसमें प्रथम दृष्टया में ङ्गाष्टाचार और अनियमितता की बात कही गयी है। हम जल्द ही इस मामले को लेकर हाइकोर्ट में प्रोटेस्ट पिटीशन फाइल करेंगे।

वहीं पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा ने ङ्गी क्लोजर रिपोर्ट का विरोध किया। उन्होंने कहा कि 424 करोड़ का घोटाला है। अदालत ने दोनों को 16 अप्रैल को सारे सबूत और कागजात के साथ उपस्थित होने को कहा है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी। इससे पूर्व सेंटर फॉर आरटीआइ के अध्यक्ष पंकज कुमार यादव ने राष्ट्रीय खेल में हुए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण और स्पोर्ट्स उपकरण की खरीद में हुए ङ्गाष्टाचार का आरोप लगाते हुए झारखंड हाइकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी।

वहीं सूर्य सिंह बेसरा और सुशील कुमार ने ङ्गी अलग-अलग याचिका दायर करते हुए राष्ट्रीय खेल घोटाला मामले की जांच की मांग की थी। इस पर संयुक्त रूप से सुनवाई करते हुए झारखंड हाइकोर्ट ने मामले की जांच सीबीआइ से कराने का आदेश दिया। खेल घोटाले में ओलंपिक संघ के पूर्व अध्यक्ष आरके आनंद, मधुकांत पाठक, एमएस हाशमी सहित अन्य को आरोपित बनाया गया था। सीबीआइ जांच से पहले इस मामले की जांच एसीबी कर रही थी। कोर्ट ने जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान जांच में देरी को लेकर एसीबी को ङ्गी फटकार लगायी थी। सीबीआइ ने इस मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी है।

## संत जेवियर्स में भूगर्भ विषयों पर परिसंवाद कल

**रांची (आजाद सिपाही)।** संत जेवियर्स कॉलेज राँची में भू विज्ञान विभाग द्वारा दिनांकः 16/03/2024 को चट्टानों से संसाधनों तकः पृथ्वी विज्ञान को समझने की अंतर्दृष्टि एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी में प्रख्यात भूवैज्ञानिकों और सम्बंधित विज्ञान के क्षेत्र प्रख्यात शिक्षाविद व्याख्यान देंगे तकनीकी सत्र में प्रमुख वक्ताओं के रूप में मनोज कुमार, निदेशक(भूतत्व), खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड सरकार, प्रो. एस.पी. सिंह, पूर्व कुलपति, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आनंद वर्धन सहाय, महाप्रबंधक (सेवानिवृत), सीएमपीडीआई व डॉ. देबाश्री पी. सिंह, निदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, झारखण्ड उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा पृथ्वी विज्ञान से जुड़े विभिन्न पहलुओं को कवर करने वाले मौखिक/पोस्टर प्रस्तुति शामिल होगी। यह जानकारी विभागाध्यक्ष डॉ. जयंत सिन्हा ने दी।

# हर दूसरे घंटे महिलाएं हो रहीं अपराध की शिकार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में हर दूसरे घंटे महिलाएं अपराध की शिकार हो रही हैं। पिछले एक माह की बात की जाये तो राज्य के अलग-अलग जिलों में महिला अपराध से संबंधित 397 मामले दर्ज हुए हैं। इनमें बलात्कार, अपहरण, छेड़खानी, दहेज हत्या और दहेज प्रताड़ना शामिल है। एनसीआरबी के 2022 के आंकड़े के मुताबिक, झारखंड में 7678 मामले दर्ज हुए, जिनमें झारखंड पुलिस सिर्फ 3644 मामलों में ही चार्जशीट दाखिल कर पायी। वहीं 1300 आरोपी दोषी करार दिये गये।

दुष्कर्म में रांची, अपहरण में दुमका और छेड़खानी में बोकारो रेंज पहले स्थान पर

दुष्कर्म में रांची, अपहरण में दुमका और छेड़खानी में बोकारो रेंज पहले स्थान पर है। रांची रेंज के जिले में सबसे अधिक 30 दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं। इसके बाद पलामू रेंज में 21, कोल्हान रेंज में 15, हजारीबाग रेंज में 15, दुमका रेंज में 13 और बोकारो रेंज में छह दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं। अपहरण की बात की जाये तो दुमका रेंज में 23, पलामू रेंज में 22, रांची रेंज में 17, हजारीबाग रेंज में 15, कोल्हान रेंज में 13 और बोकारो रेंज में 11 घटनाएं हुई हैं। छेड़खानी के मामले में बोकारो रेंज में 14, पलामू रेंज में 11, रांची रेंज में 10, कोल्हान रेंज में आठ और दुमका रेंज में छह घटनाएं हुई हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** — नौकरी में उच्चाधिकारियों से सहयोग से नये पद-अधिकार प्राप्त होगा। मगर आपको आसपास के लोगों से कष्ट बना रहेगा।

**वृष** — बनते कार्य में रूकावटे खड़ी होगी। जहाँ तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें।

**मिथुन** — व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा। कामकाज अच्छा चलेगा.आमदनी बढ़ेगी, कर्ज की स्थिति में सुधार होगा।

**कर्क** — परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी.मानसिक चिंता रहेगी। भाई-बहनों अथवा मित्रों वर्ग से कष्ट होगा।

**सिंह** — अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे। किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।

**कन्या** — रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी। मकान, प्रॉपर्टी, नये व्यापार-धंधें में सफलता मिलने की योग है।

**तुला** — आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा.किसी काम से आपको पैसा मिलेगा।

**वृश्चिक** — संतान पक्ष के लिये खर्च होगा.यह खर्च उनकी प्रगति के लिये किया जायेगा, लेखन-पठन-पाठन में रूचि।

**धनु** — रोजी-रोजगार में सफलता,यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो।

**मकर** — अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों अधिकारियों से आप संबन्ध बनाने की चेष्टा करें उनसे चल रहे समस्या का समाधान मिलेगा।

**कुंभ** — आवश्यक कामों में आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि देने वाली है, आवश्यक कार्यों के सम्पादन में आपकी अपनी सूझबूझ प्रशंसनीय होगी।

**मीन** — आपने जिस पर भी आज तक भरोसा किया होगा ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा, लेकिन आपको किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।

# इक्फाई विश्वविद्यालय का झारखंड सरकार टूल रूम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने झारखंड सरकार टूल रूम,रांची के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किये। दोनों संगठन समान हितों और उद्देश्यों से एकजुट हैं और वे संचार और सहयोग के चैनल स्थापित करेंगे जो उनके संस्थागत उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए उनके संबंधित कार्यों को बढ़ावा देंगे और आगे बढ़ायेंगे। यह शैक्षणिक उद्योग से जुड़कर छात्रों के विकास को बढ़ाएगा।

इस अवसर पर कुलपति प्रो (डॉ) रमन क्र झा, डीन (छात्र कल्याण)-डॉ शोवोना चौधरी, सहायक डीन (इक्फाई टेक स्कूल) प्रो. मिथिलेश क्र. मिश्रा और शैक्षणिक प्रमुख-कंप्यूटर विज्ञान विभाग, प्रोफेसर ऋषि क्र. श्रीवास्तव इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड से उपस्थित थे। झारखण्ड सरकार टूल रूम से प्राचार्य- श्री महेश कुमार गुप्ता सहित प्रशिक्षण प्रभारी आशुतोष मिश्रा एवं मंगल टोप्पो उपस्थित थे।

## डोरंडा से घर के बाहर खड़े चोरी गये तीन वाहन बरामद

**रांची (आजाद सिपाही)।** डोरंडा थाना प्रभारी व चुटिया थाने की पुलिस ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए बड़ा घाघरा सरनाटोली से चोरी गयी दो स्कूटी व एक मोटरसाइकिल को स्वर्णरेखा नदी किनारे से बरामद कर लिया ।जानकारी के अनुसार उक्त तीनों वाहनों का 10 मार्च की रात में अज्ञात चोरों द्वारा बड़ा घाघरा के सरनाटोली से घर के बाहर खड़ी हालत में चोरी कर ली गयी थी। इस संबंध में वाहन मालिकों द्वारा 11 मार्च को थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी थी। जिसकी जानकारी जिले के पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा को मिलने के बाद टीम का गठन कर संभाावित ठिकानों में छापामारी अभियान चलाया गया। उसी दौरान पुलिस को सूचना मिली थी की चोरो द्वारा चोरी के वाहनों को रांची से बाहर ले जा कर बिक्री करने की तैयारी की गयी है। उसके बाद पुलिस अपराधियों को घेर कर पीछा करने लगी जिसकी भनक लगने के बाद तीनों वाहनों को स्वर्णरेखा नदी के किनारे सुनसान जगह पर छोड़ कर अपराधी भाग निकले।

# हेमंत सोरेन के एफआइआर पर रांची पुलिस ने इडी अधिकारियों को पूछताछ के लिए बुलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची पुलिस ने इडी अधिकारियों को समन भेजा है। समन हेमंत सोरेन द्वारा एसटी-एससी थाने में दर्ज केस को लेकर किया गया है। इस मामले में इडी के कुछ अफसरों के साथ-साथ मीडिया संस्थानों को भी नोटिस भेजा गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रांची पुलिस ने इडी के एसोसिएट डायरेक्टर कपिल राज, असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा, अनुपम कुमार, अमन पटेल को सीआरपीसी 41ए के तहत नोटिस भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया है।

**कई मीडिया संस्थानों को भी समन :** इडी अफसरों के अलावा दिल्ली और रांची के मीडिया संस्थानों को भी नोटिस भेजा गया है। इन्हें भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। गौरतलब है कि 29 जनवरी को इन चैनलों ने हेमंत के दिल्ली आवास से इडी द्वारा बीएमडब्लू कार और 36 लाख कैश बरामदगी की खबर चलायी थी। इसी बारे में पत्रकारों से खबर का स्त्रोत पूछा जायेगा। दिल्ली और रांची स्थित मीडिया संस्थान के पत्रकारों को भेजे गये नोटिस में उपस्थित होकर जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है।

**छापेमारी को लेकर छवि खराब करने का लगाया गया था आरोप :** गौरतलब है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी के कुछ घंटों पहले रांची के एसटी- एससी थाना में आवेदन देकर इडी के अफसरों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। अपने आवेदन में हेमंत ने लिखा था कि जब वह 30 जनवरी को रांची लौटे तो मीडिया में आयी खबरों से जानकारी मिली कि झारखंड भवन और शांति निकेतन स्थित आवास पर उनकी अनुपस्थिति में इडी के अफसरों ने सर्च ऑपरेशन चलाया था। इसकी वजह से उनके और उनके परिवार की छवि धूमिल हुई है। स्थानीय मीडिया में जिस तरह से खबरें चलायी जा रही थीं, उससे साफ है कि एक आदिवासी को प्रताड़ित करने के लिए भूमिका बनायी गयी है।

## दुमका सीट से सीता सोरेन को चुनाव लड़ाया जाये: नायक



**रांची (आजाद सिपाही)।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि दुमका लोकसभा सीट से सीता सोरेन को झामुमो टिकट दे। चंपाई सोरेन के मंत्रिमंडल में सीता सोरेन को जगह नहीं दी गयी। झारखंड की जनता देख रही है। अगर हेमंत सोरेन दुमका लोकसभा सीट से चुनाव लड़ते हैं, तो उन्हें हराने के लिए वहां के आदिवासी-मूलवासी और दुर्गा सोरेन समर्थक काम करेंगे।

# पेयजल संकट का समाधान शीघ्र करें : चंपाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में गर्मी ने दस्तक दे दी है। बदलते मौसम के साथ पानी की समस्या से निपटने के लिए राज्य सरकार गंभीर है। पानी की समस्या के मद्देनजर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं। चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य में पेयजल की समस्या न हो, इसके लिए सारी तैयारियां पूरी हों, यह सुनिश्चित किया जाये। पेयजल से जुड़ी जो भी योजनाएं हैं, उन्हें त्वरित गति दी जाये। इसके अलावा जरूरतों को ध्यान में रख कर पेयजल की योजनाओं की कार्ययोजना तैयार कर उसका क्रियान्वयन करें।

**किसानों को खेती के लिए मिले पर्याप्त जल :** बता दें कि झारखंड में गर्मी आते ही जल संकट गहरा जाता है। इसके अलावा किसानों को खेती के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिलने से कृषि कार्य में मुश्किलें आती हैं। इसे लेकर भी मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सिंचाई और जलाशय से जुड़ी परियोजनाओं में इस बात का पूरा ख्याल रखें कि डूब क्षेत्र में कम से कम गांव प्रभावित हों। इससे विस्थापन सहित कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ऐसे में सिंचाई परियोजनाओं में आधुनिकतम तकनीक का इस्तेमाल किया जाये।

### राजधानी में पानी की है किल्लत

गर्मी के मौसम में झारखंड के विभिन्न जिलों सहित राजधानी में भी पानी की किल्लत देखने को मिलती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रांची की तीन लाख की आबादी को पीने का पानी नसीब नहीं हो रहा है। अभी गर्मियों ने दस्तक ही दी है और रांची के गेतलसुद, कांके और धुर्वा डैम में पानी का स्तर नीचे चला गया है। रांची में कई बड़े तालाबों के सूखने से भूमिगत जल का स्तर भी नीचे चला गया है।

# मनरेगा योजनाओं का सोशल ऑडिट होगा : सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन ने ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक में कहा कि गांवों में चल रही मनरेगा योजनाओं का सोशल ऑडिट किया जायेगा। कहा कि मनरेगा से जुड़ी योजनाओं में पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए निगरानी होनी चाहिए। ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में मनरेगा का अहम रोल है। उन्होंने हर माह समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का नियमित और विस्तार से समीक्षा हो सके। सचिव ने कहा कि मनरेगा से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए लाभुकों की भी अकाउंटेबिलिटी तय होनी चाहिए। इससे योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने में भी मदद मिलेगी। साथ ही योजनाओं का सोशल ऑडिट रेगुलर होना चाहिए। इससे योजनाओं में गड़बड़ी और लापरवाही पर अंकुश लग सकेगा।

**6.26 लाख योजनाओं को पूरा गया :** बैठक में मनरेगा आयुक्त ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजनाओं की प्रगति, महत्वपूर्ण निर्णयों और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से रखी। उन्होंने मुख्यमंत्री को वित्तीय वर्ष 2023-24 की कार्य योजना से अवगत कराया। कहा कि वित्तीय वर्ष में भी अबतक कुल 6.26 लाख योजनाओं को पूरा गया। साथ ही बंजर भूमि पर कैक्टस लगाने की योजना की जानकारी दी। बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 1015 लाख मानव दिवस का सृजन किया गया है।

**इन योजनाओं की जानकारी दी :** सचिव ने बताया कि राज्य में 2.89 लाख सखी मंडलों का गठन किया गया है। जिससे 32.94 लाख परिवारों को जोड़ा गया है। विगत चार वर्षों में 1.18 लाख सखी मंडलों का गठन कर 15.29 लाख परिवारों को जोड़ा गया है। वहीं 5 लाख से अधिक महिला किसानों को लखपति महिला बनाया जा चुका है। बैठक में ग्रामीण विकास सचिव ने महिला उत्पादक संगठन, जोहार परियोजना, झारखंड सूक्ष्म टपक सिंचाई परियोजना, महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना, पलाश ब्रांड, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, बिरसा विशिष्ट जनजातीय विकास योजना एवं उड़ान परियोजना, प्रखंड भवन निर्माण कार्य आदि से जुड़ी जानकारी भी दी।

## अधिकारियों ने मैदान का किया निरीक्षण



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में जय बजरंग क्लब घंघरी के द्वारा बाबू वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में केटीपीएस डीवीसी बांझेडीह के अधिकारियों के नेतृत्व में क्रिकेट से जुड़े जाने वाले अनुभवी अधिकारी जेएससीए के प्रतिनियुक्त ऑब्जर्वर व पूर्व रणजी खिलाड़ी राजेश कुमार झा, जेएससीए के प्रतिनियुक्त व बीसीसीआई लेबल टू के अंपायर नीरज पाठक, कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव दिनेश सिंह, केडीसीए उपाध्यक्ष उमेश सिंह व सह सचिव आलोक पांडेय, जिला लेबल का मैच घंघरी ग्राउंड में हों इसके लिए ग्राउंड का निरीक्षण किया। मौके पर मनोज सिंह, अवित सिंह, सुनील सिंह, शशि पांडेय, प्रमानन्द सिंह, प्रमानन्द गिरी, संतोष राणा, जितेंद्र सिंह, सुल्तान सिंह, अभिषेक सिंह,संदीप पंडित,भीम सिंह,आदित्य सिंह, अमर सिंह, संतोष पंडित, कृष्णा सिंह व जय बजरंग क्लब के सदस्य मौजूद थे।

## डीडीसी ने विभिन्न पंचायतों में योजनाओं की समीक्षा की



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा प्रखंड चंदवारा के पंचायत बड़की धमराय और उरवां के पंचायत भवन में केंद्र और राज्य स्तरीय संचालित योजनाओं की समीक्षा संबंधित पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, कनीय अभियंता, ग्राम रोजगार सेवक और अन्य कर्मियों के साथ की गयी। समीक्षा के क्रम में मनरेगा अंतगर्त ग्राम रोजगार सेवक, मुखिया को लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निदेश, प्रधानमंत्री आवास योजना में भी आवास पूर्ण हेतु लंबित हैं उन लाभुकों से संपर्क कर पुर्ण करने, 15वे वित्त आयोग की राशि को योजनाओं में खर्च करने, पेयजल की व्यवस्था करने, सिचाई और अन्य योजनाओं को ससमय कार्य कराये और संबंधित पोर्टल पर पूर्ण भी कराये। पंचायत भवन में इंटरनेट की व्यवस्था, डिजिटल सेंटर नियमित चले और पंचायत भवन साफ सफाई रखने हेतु निदेशित किया गया। पंचायत भवन के बगल में आंगनबाड़ी निर्माण हेतु निदेशित किया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान बागवानी योजनाका निरिक्षण, अबुआ आवास लाभुकों का निरक्षण, और जिस योजनाओं में सामग्री भुगतान हो गया हैं और कार्य पूर्ण कर लिया गया हो, उन्हें पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित कर्मियों को दिया गया।

## एनसीओआरडी अंतर्गत जिला स्तरीय बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अपराध अनुसंधान विभाग, झारखंड, रांची के प्राप्त मार्गदर्शन पर मादक पदार्थों की तस्करी और खेती की रोकथाम और विभिन्न स्तर पर समन्वय और सहयोग स्थापित करने के उद्देश्य से एनसीओआरडी का जिला स्तरीय गठन का गठन किया गया है। गुरुवार को समाहरणालय सभागार में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुआ। उक्त बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों को इस अभियान के उद्देश्य के बारे में अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए नशा मुक्ति और पुनर्वास हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया। सरकारी और निजी विद्यालय स्तर पर गठित प्रहरी क्लब द्वारा विद्यार्थियों को नशा मुक्ति हेतु सतर्कता कार्यक्रम करने का निर्देश दिया गया। साथ ही नशामुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया ताकि समाज के लोगों को नशे के सेवन से शरीर और परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से अधिक से अधिक लोगो को जागरूक किया जा सके। सभी सरकारी संस्थानों में कोपटा एक्ट से संबंधित बैनर व पोस्टर लगाने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा सना उस्मानी, उत्पाद अधीक्षक सुजीत कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी अभिषेक आनंद, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

## शिक्षक की माता के निधन पर शोक व्यक्त

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रामडीह निवासी सहायक शिक्षक रमेश देव प्रजापति की माता की मृत्यु पर स्थानीय शिक्षकों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में सुधीर सिंह, नवलेश पांडे, राजेंद्र प्रसाद, विजय कुमार, सरोज कुमारी, नवलेश कुमार, रविंद्र रजक, संतोष कुमार, सुबोध कुमार, संजय कुमार, अभय कुमार, प्रणय मुरारी, अमित वास्के, अरुण मिश्रा, अवधेश पांडे, विपिन कुमार यादव, राधा कुमारी, कैलाश प्रसाद दांगी, मानसिंह पासवान, मनोज कुमार, नारायण राय, परदेसी रजक, राज किशोर प्रसाद शर्मा, संतोष प्रसाद रजक, शाहिद सलीम, शंभू कुमार, हिमांशु अग्रवाल, उपेंद्र यादव, विकास कुमार, विशाल कुमार, रणधीर कुमार, सोनू कुमार, अखिलेश कुमार यादव के नाम शामिल है।

## मांडू विधायक ने निर्माण कार्य का किया शिलान्यासा



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने प्रखंड के भेलवारा में उत्क्रमित मध्य विद्यालय में डीएमएफटी से 84 लाख की लागत से चाहरदीवारी और अन्य विकास कार्यो का शिलान्यास किया। इसके अलावा कुसुम्भा के महतोइया में डीएमएफटी से एक करोड़ बतीस लाख की लागत से सरहुल मोड़ से आदिवासी टोला उखरबार तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक का जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, जय श्री राम, नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद, जयप्रकाश भाई पटेल जिन्दाबाद के नारों से जोरदार स्वागत किया। विद्यालय के छात्राओ ने भी पुष्प वर्षा कर स्वागतगान से मांडू विधायक का अभिनंदन किया। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, महादेव मंडल, गुरु प्रसाद साव, हिरामन महतो, जीवन सोनी, चेतलाल महतो, तुलसी महतो, जगरनाथ महतो, संजय कुमार महतो, दामोदर महतो समेत सैकड़ों की संख्य में महिला-पुरुष, छात्र-छात्राएं और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चतरा ने कोडरमा को तीन विकेट से हराया

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में चतरा और कोडरमा के बीच मैच खेला गया। कोडरमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 26.4 ओवर में अपने सभी विकेट होकर 145 रन बनाये। कोडरमा की ओर से सूरज मंडल ने 64 रन, प्रिंस ने 20 रन और तन्मय ने 17 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए चतरा की ओर से नैतिक पांडे ने 5 विकेट और अर्श ने दो विकेट लिए। चतरा की ओर से सत्यम ने 55 रन कुंदन ने 38 रन और कामरान ने 12 रन का योगदान दिया। बेहतर खेल के लिए नैतिक कुमार पांडे को मैन ऑफ द मैच मिला। मौके पर मैच ऑब्जर्वर राजेश कुमार झा अंपायर प्रमोद कुमार और नीरज कुमार पाठक और स्कोरर जुलकर नैन सहित केडीसीए के सचिव दिनेश सिंह, कृष्णा बरहपुरिया, विवेकानन्द चौधरी, उमेश सिंह, आलोक पांडे, सुमन कुमार, धर्मेंद्र कौशिक, सोनू खान, सुरेंद्र प्रसाद ,ओम प्रकाश, पवन सिंह सहित कई खेल प्रेमी मौजूद थे।

### बड़कागांव विधायक ने इडी छापेमारी के बाद की प्रेस वार्ता

# भाजपा ने मेरी और मेरे परिवार की छवि धूमिल की: अंबा प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** इडी द्वारा लगातार 36 घंटे की छापेमारी के बाद बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद गुरुवार को शहर के हुडहुडू स्थित अपने आवास में पत्रकारों से मुखातिब हुई। इस दौरान कहा कि अफवाहों का बाजार है और मीडिया में तरह तरह की बाते फैलायी जा रही हैं। सूत्र के हवाले से ये सूत्र कोई और नहीं बल्कि हमारे विरोधी हैं। कोई हमें दो सौ एकड़ की मालकिन बना दे रहे हैं तो कोई हमारा मुंबई से लिंक जोड़ रहे है कि हमारा वहां बंगला है, यह सब मात्र अफवाह है। मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ना तो कई चीजों से हो रही है, पर मैं घबराने वाली नही हूं। अंबा प्रसाद ने कहा कि इडी छापेमारी से वह या उनका परिवार घबराने वाला नहीं है। बड़कागांव की जनता के हक में वह और उनका परिवार अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा। अंबा ने कहा कि राजनीति एक डर्टी गेम जरूर है, मगर वे जब राजनीति में आयी थी तब उनका कोई गुरु नहीं था। उनके माता पिता जेल में थे बड़कागांव की जनता के अनुरोध पर वह राजनीति में आयीं। विधायक बनीं। अपने राजनीतिक अनुभव से उन्होंने संघर्ष का भी दौर देखा और काफी कुछ सीखा। कांग्रेस की टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने की बात पूछे जाने पर अंबा ने कहा कि यदि पार्टी उन्हें टिकट देती है तो वे चुनाव जरूर लड़ेंगी। टिकट आवंटन में हो रही देरी पर उन्होंने कहा कि अभी काफी समय है। टिकट बंटवारे में हो रही देरी से कोई नुकसान नहीं होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे लोग राजनीति करते हैं और राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है। कहा कि मेरे नाम से सिर्फ एक गाड़ी जो विधानसभा से फाइनेंस है उसकी भी किस्त मेरे वेतन से कटती है। न तो मेरे घर से कोई संदिग्ध चीज मिली है और न ही कोई कैश बरामद हुआ है। अफवाह यह भी उड़ायी जा रही है कि सीओ शशि भूषण सिंह के साथ मेरा कोई रिश्ता है, मगर मैं यह बतला देना चाहती हूं कि इसी सीओ ने जमीन मामले में हमें और हमारे पिता को एसडीओ को बोलने पर फंसाने की कोशिश की थी। इनसे मेरा या मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई संबध नहीं। मैं लगातार जनता की समस्या को लेकर मुखर रहती हूं और आगे भी रहूंगी।

**राजनीतिक दुर्भावना से ग्रसित भाजपा ने की छवि धूमिल करने की नाकाम कोशिश:** अंबा प्रसाद ने कहा कि राजनीतिक दुर्भावना से ग्रसित भाजपा ने उनकी और उनके परिवार की छवि धूमिल करने की नाकाम कोशिश की है। उनके पास आज जो भी है उनके पूर्वजों की विरासत है। कहा कि भाजपा इडी के माध्यम से उन पर किसी भूमि के मालिक होने की संभावना की खोजबीन करवा रही है, लेकिन इस केवल एक गाड़ी के अलावा अंबा प्रसाद के नाम से इस भू तल पर भूमि का एक टुकड़ा भी नहीं है। अंबा ने कहा कि उनका चरित्र और दामन एक दम पाक साफ है। अगर इडी को कुछ भी मेरे खिलाफ मिला होता तो मैं आज आपके समक्ष उपस्थित होकर बात नहीं कर पा रही होती। इडी मुझे गिरफ्तार करके ले जा चुकी होती। इडी के आधिकारी जो सामान अपने साथ ले गये हैं उसमें कुछ भी आपत्ति जनक नहीं है। भाजपा पर लगाये आरोप पर कहा कि पूरे देश भर में ऐसा हो रहा है, जो भाजपा के लिए वर्तमान या भविष्य में चुनौती खड़ा करने वाले नजर आये, चाहे वो राजनेता हो, अभिनेता हो या मीडिया के बंधुगण क्यूं ना हो, कोई न कोई रास्ता अख्तियार करके पहले उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास भाजपा करवाती आ रही है और उसका चुनावी राजनीतिक लाभ बटोरने में भाजपाइयों को महारथ हासिल हो चुका है। लेकिन मैं भविष्य में भी जब जब आवश्यक होगा, भाजपा की देशविरोधी नीतियों का विरोध करती रहूंगी। मैं न कभी झुकी हूं ना झुकूंगी। भले ही ये लोग पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तरह मुझे भी बिना सबूत किसी झूठे मामले में जेल क्यों न भेज दें।

### अपराधियों के खिलाफ कारगर अभियान चलाने के लिए डीआइजी ने की बैठक

# गिरोह के सदस्यों पर कार्रवाई का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** पुलिस उप-महानिरीक्षक उत्तरी छोटानागपुर, सुनील भास्कर के तत्वावधान में संगठित अपराधकर्मी और गिरोहों के विरुद्ध कारगर अभियान चलाने हेतु वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पुलिस उप-महानिरीक्षक ने संगठित अपराधकर्मी व गिरोहों के सदस्यों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिये। जिसमे आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गिरोहों और उनके सक्रिय सदस्यों के विरुद्ध ठोस और कारगर कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया ताकि अगामी लोकसभा चुनाव में गिरोह के सरगना और उनके सदस्यों के द्वारा चुनाव में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न न की जाये और चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हो सके। उन्होंने निर्देश दिया कि संगठित अपराधिक गिरोहों और अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने हेतु प्रत्येक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी या पुलिस उपाधीक्षक अपने नेतृत्व में एसआईटी का गठन करेंगे। पुलिस अधीक्षक अपने अधिनस्थों का एक टीम का गठन करेंगे जो प्रतिदिन कारा से अनुश्रवण कर यह पता लगायेंगे कि जेल में बंद और सक्रिय अपराधकर्मियों में कोई जमानत पर मुक्त होने वाला तो नहीं है। यदि मुक्त होने वाला है तो उसपर अपराध नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बैठक में निर्देश दिया कि जो अपराधी जेल में बंद है या जेल से बाहर रहकर अपराध कर रहा है, उनके परिवार से सदस्यों जैसे पत्नी, पुत्र, मॉ, पिता, मामा इत्यादि का विवरणी तैयार किया जाये। वैसे अपराधकर्मी जो सक्रिय है एवं फरार है उनके विरुद्ध कारगर कुर्की जप्ती की कार्रवाई की जाये। गिरोह के सभी सदस्यों का भौतिक सत्यापन कर उनके विरुद्ध दप्रसं की धारा-107/110 के तहत कार्रवाई करना सुनिश्चित करने को कहा। जेल में बंद संगठित आपराधिक गिरोह या सदस्य का सत्यापन करें और क्रियाकलाप संदिग्ध पाये जाने पर जेल शिफ्टिंग का प्रस्ताव समर्पित करने का भी उन्होंने निर्देश दिया। साथ ही गिरोहों के वित्तीय नेटवर्क पर कार्य को कहा। बैठक में पुलिस पदाधिकारीयों में कुलदीप कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव, हजारीबाग, बैजनाथ प्रसाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, विष्णुगढ़, हजारीबाग, बिरेन्द्र कुमार राम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू, रामगढ़, प्रमेश्वर प्रसाद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़, प्रभात रंजन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, टंडवा, चतरा, अनील कुमार, पुलिस निरीक्षक, बड़कागांव अंचल, हजारीबाग, योगेन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक, पतरातू अंचल, रामगढ़ मौजूद थे।

# अंजनी सूत फैक्ट्री और संचालक के आवास पर जीएसटी टीम ने दी दस्तक

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** केंद्रीय जांच एजेंसी की जीएसटी टीम द्वारा अंजनी सूत स्टील प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री व संचालक के आवास पर एक साथ एक ही समय पर दस्तक दी। गुरुवार की सुबह टीम में शामिल ज्वाइंट डायरेक्टर स्तर के पदाधिकारी शामिल थे। टीम आज सुबह 5 गाड़ियों से कोडरमा पहुंची थी। जिसके बाद यह टीम दो हिस्सों में बंटकर गुमो गझंडी डोइयाडीह रोड स्थित अजंनी सूत प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री और संचालक के आवास के अंदर एक साथ एक समय पर दस्तक दी। अंजनी सूत फैक्ट्री के अंदर जांच एजेंसी के तीन गाड़ियों के अलावा पुलिस की एक गाड़ी मौजूद है। वहीं अड्डी बांग्ला रोड भालोटिया मोहल्ला स्थित फैक्ट्री संचालक के आवास के बाहर जांच एजेंसी की दो गाड़ियां खड़ी है। फिलहाल यह जांच कब तक चलेगी यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। समाचार लिखे जाने तक देर शाम जीएसटी की टीम फैक्ट्री व आवास पर जमे हुए थे।


## डकैती कांड के फरार अभियुक्त पकड़ाये

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** डकैती कांड के फरार अभियुक्त हथियार समेत पकड़े गये हैं। कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि उनके और एसपी गिरिडीह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर दोनों पुलिस अधीक्षक आपस में समन्वय स्थापित कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कोडरमा और अधीक्षक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, खोरीमहुआ (गिरिडीह) के नेतृत्व में टीम गठित कर तिलैया थाना काण्ड संख्या 284/23, धारा 395 भादवि के अनुसंधान के दौरान छापामारी की। इस दौरान घर से कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त अभिषेक शर्मा और पप्पु शर्मा दोनों ग्राम चचघरा थाना जमुआ, जिला गिरिडीह को पकड़ा गया। पकडे गये व्यक्ति के शरीर के तलाशी के क्रम में उनके पास से एक लोडेड कट्टा, और 3.15 बोर का एक कारतूस निकाला गया, जिसके पेंदे में 08 एमएम लिखा हुआ है और उनके पास से एक काले रंग का ओप्पो कम्पनी का मोबाईल बरामद किया गया।

# हाइवा की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, एक घायल

**देर शाम तक ग्रामीणों ने किया जाम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित टीपी 5 के पास एक हाइवा ने धका मार कर भाग निकला। जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जबकि दूसरा घायल हो गया। मृतक की पहचान बड़कागांव के ठाकुर मोहल्ला के भुइयां टोली निवासी मुकेश भुइया उर्फ सीटा भुइयां और घायल व्यक्ति मृतक का भगिना अनिल भुइया पिता महावीर भुइयां के रुप में पहचान की गयी। घटना के बाद बड़कागांव हजारीबाग रोड को ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि मुकेश भुइयां उर्फ सीटा भुइयां और उसका भगिना अनिल भुइयां हजारीबाग के बंधन बैंक से लोन जमा कर अपना घर बड़कागांव लौट रहा था। इस दौरान कोयला लदा के एक हाइवा ने धक्का मारकर भाग निकला। मृतक मुकेश भुइयां अपने घर का एक ही कमाऊ युवक था। वह अपने पीछे पत्नी सहोदरी देवी, 23 वर्ष की पुत्री सविता कुमारी, 21 वर्ष का पुत्र प्रवीण कुमार, 19 वर्ष का पुत्र सुनील कुमार छोड़ गया है। गांव वाले कह रहे थे कि मुकेश भुइयां की मौत हो जाने के बाद अब उनकी बेटी की शादी और उनके बच्चों का परवरिश कैसे होगी। यह गांव वालों को चिंता सता रहा है। गांव वालों ने 30 लाख के मुआवाजा और उसके दोनों पुत्रों को नौकरी, बड़कागांव हजारीबाग रोड से हाईवा का प्रचलन बंद हो, की मांग कर रहे थे। समाचार लिखे जाने तक बड़कागांव पुलिस को सूचना मिल चुकी थी। ग्रामीण देर शाम तक सड़क जाम किये हुए थे।

## महिला संसद में भाग लेकर लौटी आइसेक्ट विश्वविद्यालय की चार छात्राएं



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** नेचर एंड ब्लू फाउंडेशन की ओर से महिला संसद सत्र का आयोजन जमशेदपुर के विष्टुपूर स्थित तुलसी भवन में किया गया, जिसमें आइसेक्ट विश्वविद्यालय की चार छात्राएं तन्नू, हेरा फातमा, रिया कुमारी और अनुष्का कुमारी ने हिस्सा लिया। बता दें कि प्रथम चरण में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा की गयी, वहीं द्वितीय चरण में शुन्यकाल प्रस्तावित किया गया। उक्त छात्राओं ने जमुआ, जामा, कोडरमा और धनवार विधायक के तौर पर अपनी प्रस्तुति दी। प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने छात्राओं को बधाई दी और कहा कि दरअसल ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं का काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि राजनीति की समझ और अपने अधिकार की जानकारी देश के हर नागरिक को होना चाहिए। इससे ना केवल विभिन्न योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुंचने में मदद मिलेगी बल्कि देश के विकास के लिए भी सहायक सिद्ध होगा। संसद सत्र समाप्त होने के बाद सभी प्रतिभागियों को संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय प्रतिभागियों का मार्गदर्शन डॉ रोजीकांत ने किया।

## डॉ प्रदीप सिंह को मातृ शोक

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मार्खम कॉलेज के भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह के 90 वर्षीया माता फुलझरी कुंवर का बुधवार 13 मार्च को प्रातः 7 बजे निधन हो गया। वे पिछले 15 दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव धूब छतरपुर, थाना पांकी, पलामू में किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गयी हैं जिसमें चार पुत्र, एक पुत्री और दर्जनों नाती- पोते शामिल हैं। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## आचार संहिता उल्लंघन के मामले में आजसू नेता रौशन लाल चौधरी बरी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव साहब बड़कागांव विधानसभा प्रभारी और रोशन लाल चौधरी पर बड़ागांव थाना क्षेत्र के पश्चिमी पंचायत के लगता में 2014 विधानसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन करने के मामले को लेकर बड़ागांव थाना कांड संख्या 186/14 आइपीसी 427 6(1) पीडीपी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। जिसके तहत गुरुवार को हजारीबाग के कोर्ट के जज सृष्टि कुमारी ने बरी कर दिया है। बरी होते हैं आजसू नेता रोशन लाल चौधरी ने कहा कि मुझे कानून पर पूरा भरोसा था की एक न एक दिन में निर्दोष साबित जरूर हो जाऊंगा। आगे उन्होंने कहा कि मैं अब और भी दुगुनी ऊर्जा के साथ बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए कार्य करने का काम करूंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि अभी हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा बड़कागांव प्रखंड आजसू कार्यालय में सप्ताह में 5 दिन उपस्थित होकर बड़कागांव के दबे कुचले ग्रामीण लोगों को सहायता करने का काम कर रहे हैं। राज में भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा पर है और इसी के वजह से आम जनमानस का काम ना ब्लॉक और ना ही थाना ना अस्पताल में हो रहा है। इसलिए हमारे कार्यकर्ता उनके सहायता के लिए 5 दिन आजसू पार्टी कार्यालय में रहते हैं। हमारा एक ही मिशन है बड़कागांव के एक-एक लोगों तक उनके हक और अधिकार को पहुंचाया जाये।

## होली मिलन समारोह को लेकर बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिला तैलिक समाज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के द्वारा शुक्रवार को 12 बजे इंद्रलोक टावर के तीसरे तल्ले पर एक बैठक बुलाई गयी है। इस बैठक में जिला सैनिक समाज के जिला पदाधिकारी और सभी प्रखंडों के पदाधिकारी को सम्मिलित होना है। बैठक के बारे में विशेष जानकारी देते हुए जिला महासचिव ओरिया निवासी नारायण साहू ने बताया कि बैठक में कई अहम मुद्दों को लेकर की जा रही है। इसमें धूम धाम से होली मिलन समारोह को मानने पर चर्चा की जायेगी। साथ ही जिला अध्यक्ष का चुनाव और प्रखंड अध्यक्षों के चुनाव को लेकर भी चर्चा की जायेगी। सभी अध्यक्षों के कार्यकाल समाप्त होने वाली है इस पर चुनाव को लेकर अहम फैसले किये जायेंगे। जिला दैनिक समाज के चुनाव के उपरांत वर्तमान राजनीति यानी हजारीबाग लोकसभा के चुनाव पर भी चर्चा की जायेगी जिसमें जिला तैलिक समाज की अहम भूमिका का निर्णय भी लिया जायेगा। श्री साहू ने यह भी कहा कि चुनाव के लागे समाज के सामाजिक उत्थान भी हम विषय रहेगा। जिससे हम लोग विकसित समाज का निर्माण कर सके। यह बैठक शुक्रवार 15 मार्च को 12 बजे से रखी गयी है। बैठक के बाद 4 बजे पत्रकारों के समक्ष भी अध्यक्ष महासचिव अपनी बातो को रखेंगे।

## जल जीवन मिशन संगोष्ठी आयोजित



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के झरपो पंचायत भवन परिसर में की रिसोर्स सेंटर (केआरसी) जन जागरण संस्था ने पेय जल स्वक्षता प्रमंडल हजारीबाग जल जीवन मिशन के निर्देशानुसार मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार प्रजापति सहायक नरेंद्र कुमार ने एसएचजी (महिला मंडल), पीआरआइ सदस्यों में मुखिया, पसंस, वार्ड सदस्य, सहिय , एनवाइके के की उपस्थिति में 14 मार्च 2024 गुरुवार को दो दिवसीय जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार प्रजापति ने कहा की जल जीवन मिशन के तहत योजना का रख रखाव संचालन और जल प्रबंधन, अपशिष्ट पदार्थों के बारे में होने वाले नुकसान के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। उन्होंने यह भी कहा की पेय जल प्रबंधन सह स्वक्षता प्रमंडल हजारीबाग विभाग के द्वारा सख्त आदेश देते हुए बताया गया है कि जब तक पूर्व में निर्मित चापानल या नया से किया गया बोरिंग में मोटर लगाकर जांच 3000 तीन हजार लीटर से अधिक प्रतिघंटा पानी यदि निकलता है तब ही बोरिंग स्कीम हर घर नल जल योजना में लाया जा सकता है। मौके पर झरपो पंचायत मुखिया सह टाटीझरिया 20 सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी, उपमुखिया राजेंद्र कुमार उर्फ राजा, रवि यादव, हिरामन प्रसाद, रूबी देवी, उषा रानी, संगीता देवी, यशोदा देवी, बेबी देवी, आशा देवी, मुंद्रिका देवी, सरस्वती देवी, महेंद्री देवी मो कांति, कविता देवी, उर्मिला देवी, रेखा देवी, अनिता देवी, अंजनी देवी, लक्ष्मी देवी, रीता देवी, सुषमा देवी, समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत रंगमटिया जंगल स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप एनएच 33 पर हुई सड़क दुर्घटना में एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। यह घटना गुरुवार के दिन के करीब 11:30 बजे की है। जानकारी के अनुसार टेम्पो संख्या जेएच02बीएम/0844 पैसेंजर सवार कर हजारीबाग से रामगढ़ की ओर जा रहा था, कि मांडू थाना क्षेत्र के रंगमटिया जंगल स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप एनएच 33 पर पीछे से आ रही एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गया। टक्कर में टेंपो में सवार ललिता उम्र 30 वर्ष, पति अजमेरा सत्यनारायण, सीसीएल कॉलोनी, चरही, टेकन प्रसाद मेहता उम्र 60 वर्ष, सरैया, पदमा हजारीबाग और एक अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही मांडू पुलिस घटना स्थल पहुंच कर सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। ललिता और एक अज्ञात युवक का उपचार सदर अस्पताल रामगढ़ में चल रहा है। दोनों की हालत चिंताजनक हैं।

पहले के अपेक्षा बाल विवाह कम हुआ लेकिन अभी बहुत काम बाकी :सांसद

## जन सवांद कार्यक्रम का आयोजन



**गोला (आजाद सिपाही)।** झींझरी टांड़ महतो लाइन होटल सभागार में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बाल विवाह से आजादी के लिए जन सवांद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका आयोजन अग्रगति संस्था ने कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के मदद से किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सुनीता चौधरी उपस्थित हुए। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि पहले के अपेक्षा बाल विवाह कम हुआ है, लेकिन अभी इस मुद्दे पर बहुत काम करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह से प्रभावित युवती ने अपना पक्ष रखा। सभा को पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, विधायक प्रतिनिधि दिनेश कुमार महतो, विधायक प्रतिनिधि बजरंग महथा आदि ने संबोधित किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता और फूल मालाओं से किया गया। मंच संचालन अंजनी कुमार ने किया। मौके पर मंजू देवी, गीता देवी, लाइक आलम, कालीचरण महतो, संस्था के प्रकाश करमाली, निशा कुमारी, कविता कुमारी, देवंती देवी, अनिता देवी, गौतम शर्मा, भुवनेश्वर महतो, भागीरथ महतो, फैजान अख्तर, संगीता कुमारी, फूलवन्ती कुमारी, नागेश्वर कुमार, सावित्री देवी, ऊषा देवी, पिंकी देवी, आरती देवी, पिंकी देवी, बबिता देवी, सुषमा देवी, गुड़िया देवी, चंचला देवी सहित सेकड़ो महिलाएं मौजूद थी।

## ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पटेलनगर स्थित अनमोल बचपन प्ले स्कूल में गुरुवार को क्ले मॉडलिंग ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी से लेकर कक्षा 1 से 5 तक बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक बढ़कर एक क्ले मॉडलिंग का डिजाइन प्रस्तुत किया। साथ ही चित्रकला में आकर्षक पेंटिंग से सबों का मन मोह लिया। वहीं बच्चों ने क्ले मॉडलिंग के माध्यम से तिरंगे व मिसाइल, गेंद, बैट-बॉल, घड़ी आदि की आकृति बनाकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मौके पर संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि अनमोल बचपन प्ले स्कूल का उद्देश्य बच्चों को बेहतर शिक्षा व संस्कार देने के साथ-साथ खेल-कूद सहित अन्य गतिविधियों में भी अव्वल बनाना है। उन्होंने कहा की बच्चों का सर्वांगीण विकास व हर एक्टिविटी में नंबर वन बनाना ही हमारे स्कूल का उद्देश्य है। निदेशक श्री सिंह ने बताया की अनमोल बचपन प्ले स्कूल में बीपीएल कार्डधारियों के लिए निःशुल्क एडमिशन के साथ नर्सरी से फाइव तक के विद्यार्थियों के लिए नामांकन शुरू हो गया है। इच्छुक विद्यार्थी नामांकन करा सकते हैं। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चियों का निःशुल्क एडमिशन दी जा रही है। प्रतियोगिता में जॉनसन जॉन ओरिया, समृद्धि भारती, ध्रुव, आयांश सिंह, मनकीरत कौर, दिव्यांश सोनी, दिव्यांश गुप्ता, दीप्ति, अनन्या, मिशिका, आराध्या, दिव्यांश, अरेबिक गुप्ता, विराट लहरी, अक्षत, श्रेणी कश्यप, प्रियांशु, किट्टू, अभिमन्यु, गौरव, अनुराग, स्वीटी, अनन्या, विहान, चित्रांशी सिन्हा, प्रीत, संवि, आराध्या गुप्ता, त्रिशिका सरकार, पीहू, आरव गुप्ता, शिवांश, अंकित, आर्विक गंझू, आराध्या पासवान, संध्या, आरोही, विमान गुप्ता, शौर्य भारती, मानवी, रिया, आयुष आदि ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की शिक्षिका भूमि कुमारी, मानसी, उर्मिला, नमिता मिश्रा, जयश्री गोस्वामी, ललिता, निधि सिंह, सुशीला एंथोनी, पूर्णिमा आदि का विशेष योगदान रहा।

## भूलन भुइयां का निधन, जताया शोक

**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडूपुडी पंचायत की मुखिया अनीता देवी के चाचा ससुर भूलन भुइयां उम्र (75 वर्ष) के निधन पर मांडूपुडी के ग्राम गोविंदपुर निवास स्थान में हो गया। इनके निधन पर लोगों में काफी शोक है। वे एक सामाजिक व्यक्ति थे। शोक व्यक्त करने वालों में धनेश्वर साव, नवरत्न कुमार, फिरोज खान, निशि कुमार गुप्ता, मो मोबीन, युगेश्वर महतो, सर्वजीत सिंह, राजकुमार तुरी, गौतम साहू, अखिलदेव साव, महेश प्रसाद यादव, गणेश भुइयां, मोहन भुईयां, सिटन भुइयां, भोला गंझू, पंचायत समिति सदस्य विवेक कुमार गुप्ता, उपमुखिया पंकज गुप्ता, मनोज कुमार मोदी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अर्जुन राम, मो कुरैशी, मुमताज कुरैशी, आलम अंसारी, राजीव अहमद, मो मिस्टर आलम, रिजवान, भोला गुप्ता, मो जावेद, रविंद्र कुमार गुप्ता, अशोक गंझू आदि लोग शामिल थे।

## गर्मी को लेकर प्रशासन अलर्ट, पानी की समस्या दूर करने के लिए टीम गठित

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। तापमान हर दिन बढ़ता जा रहा है। गर्मी को लेकर रामगढ़ जिला प्रशासन ने अभी से ही अपनी तैयारी शुरू कर दी है। अधिकारियों को अलर्ट कर दिया गया है। डीसी चंदन कुमार ने अभी से ही पेय जलापूर्ति की समस्या को देखते हुए एक टीम बना दी है। गुरुवार को डीसी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति संबंधित शिकायत व मरम्मति हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। **पीएचईडी डिपार्टमेंट में बना है कंट्रोल रूम, झारजल पर भी दर्ज होगी शिकायत:** नियंत्रण कक्ष कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल औश्र स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ में बनाया गया है। पेयजलापूर्ति संबंधित किसी भी तरह की शिकायत एवं समाधान हेतु कार्यालय दूरभाष नंबर :06553-223193 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रमंडल स्तर पर भी पेजलापूर्ति से संबंधित शिकायत दर्ज करने हेतु सभी प्रखंड कार्यालय में एक-एक शिकायत पुस्तिका का संधारण किया गया है। प्रमंडल के सहायक अभियंताओं एवं कनीय अभियंताओं से उनके निम्न वर्णित मोबाइल नंबरों पर भी संपर्क कर शिकायत दर्ज किया जा सकता है। इसके अलावे JHAR-JAL ऐप या JHARJAL टॉल फ्री नंबर :18003456502 और JHARJAL व्हाटसएप नंबर व्हाट्सएप नंबर : 9470176901के माध्यम से भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। कनीय अभियंता और सहायक अभियंता को कर सकते हैं कॉल जिला अंतर्गत अगर कहीं भी पेयजल संबंधित शिकायत या मरम्मती कार्य की आवश्यकता हो तो संबंधित क्षेत्र के कनीय अभियंता या सहायक अभियंता को कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है।

## अपराधियों ने हार्डवेयर व्यवसायी के घर की लूटपाट

# 14 लाख रुपये और आभूषण की लूट

आजाद सिपाही संवाददाता





**कुजू।** हथियारबंद नकाबपोश अपराधियों ने हार्डवेयर व्यवसायी के आवास सह दुकान में धावा बोलकर भीषण लूटपाट की। करीब एक घंटे की दहशतगर्दी के बाद व्यवसायी के घर से करीब 14 लाख रुपये नकद सहित लाखों रुपये के जेवरात लूट कर फरार हो गये। मामला बुधवार की देर रात कुजू बस्ती स्थित नागकन्या मंदिर के समीप का है। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंचे रामगढ़ एसडीपीओ समेत कई अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा घटना की बारिक जांच पड़ताल की जा रही है। इधर, घटना को लेकर क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। वही, ग्रामीण और जनप्रतिनिधि पुलिस की कार्यशैली का विरोध करते हुए यथाशीघ्र उद्भेदन करने की मांग कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, कुजू बस्ती निवासी हार्डवेयर व्यवसायी अर्जुन मेहता, अपने भाई रणजीत मेहता, रंजीत की पत्नी सरिता देवी, बहन उर्मिला देवी, भतीजी चंचला कुमारी समेत परिजनों के साथ बुधवार की रात सो रहे थे। इसी बीच रात्रि के करीब दो बजे करीब 8-9 की संख्या में हथियारबंद नकाबपोश अपराधकर्मियों ने उनके आवास का मुख्य दरवाजा तोड़कर प्रवेश किया। घर में घुसते ही अपराधकर्मियों ने हथियार के बल पर घर मे मौजूद सभी सदस्यों को एक कमरे में बंधक बना लिया। अन्य अपराध कर्मियों ने घर के प्रत्येक कमरों की तलाशी लेते हुए गोदरेज को कटर मशीन से काटकर जमकर लूटपाट की। वही, अर्जुन मेहता और उनकी 80 वर्षीय बूढ़ी मां टिकालो देवी के साथ जमकर मारपीट की। अपराधियों ने जाते वक्त घर की महिला सदस्य सरिता देवी के कानों के सोने के झुमके उतरवा लिए और अभद्र व्यवहार किया। वही, पुलिस के पास न जाने की धमकी भी दी है। इधर, अर्जुन मेहता ने ओपी में आवेदन दिया है। जिसमे एक मोबाइल नही मिलने की बात कही है।

**मौके पर कौन कौन पुलिस पदाधिकारी:** मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी दिगम्बर पांडेय, घाटो थाना प्रभारी सदानंद कुमार, सअनि सुधीर ठाकुर, साबिर हुसैन, हीरालाल मुंडू समेत सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

**घटना में संयुक्त अपराधियों की जल्द हो गिरफ्तारी : ज्योतिन्द्र साहू:** जदयू जिलाध्यक्ष सह जिप सदस्य प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने घटित घटना की कड़ी निंदा की है। वही, पुलिस प्रशासन से अविलंब मामले का उदभेदन कर संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग है। वही, भुक्तभोगी परिवार को ढाढ़स बंधाया।

### क्या कहते है एसडीपीओ

मामले की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीपीओ रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि पुलिस द्वारा घटनास्थल की छानबीन की जा रही है। मामले को लेकर कुजू ओपी में प्राथमिक दर्ज करते हुए आगे की जांच पड़ताल की जायेगी। उन्होंने यथाशीघ्र घटना में संलिप्त अपराधियों को पकड़कर मामले का उदभेदन कर लेने की बात कही।

## श्री गुरु नानक स्कूल में पत्रकारों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन

# पत्रकारों का जीवन संघर्षों से भरा: हरजाप

**पत्रकार 11 ने श्री गुरुनानक स्कूल के शिक्षक 11 को किया पराजित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में गुरुवार को पत्रकारों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा, प्राचार्य हरजाप सिंह और पत्रकारों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व पत्रकारों के आगमन पर स्कूल के बच्चों ने बुके देकर और स्वागत गीत प्रस्तुत कर स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों के लिए विभिन्न खेल का भी आयोजन किया गया। समारोह का संचालन राजेश कुमार, इंद्रपाल सिंह, रामदास ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर स्कूल के प्राचार्य हरजाप सिंह ने कहा कि समाज को आइना दिखाने वाले पत्रकारों का जीवन संघर्षों से भरा है, लेकिन इसके बावजूद वे लोग कभी हार नहीं मानते। जिन स्थानों पर मोबाइल नेटवर्क काम नहीं करता है वहां भी मीडिया ही सूचना पहुंचाती है। पत्रकारों का जीवन आम नागरिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में जहां हर वर्ग भाग दौड़ कर रहा है, वहीं पत्रकार लगातार प्रतिस्पर्धा से जूझ रहे हैं।

**पत्रकार-11 ने श्री गुरुनानक स्कूल के शिक्षक-11 को किया पराजित:** समारोह के दौरान श्री गुरु नानक स्कूल के शिक्षक-11 और पत्रकार-11 के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी शिक्षक-11 ने निर्धारित 12 ओवर में 80 रन बनाये। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी पत्रकार-11 की टीम ने 10 ओवर एक बॉल में लक्ष्य निर्धारित करते हुए शिक्षक-11 को पराजित कर दिया। शिक्षक-11 की ओर से समीर गोस्वामी ने 37 रन बनाए। जबकि पत्रकार-11 की ओर से आकाश चंद्रा ने 40 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच व बेस्ट प्लेयर का अवार्ड आकाश चंद्रा व बेस्ट बॉलर धर्मेंद्र पटेल को मिला।

**ये थे उपस्थित:** सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी आदि उपस्थित थे।

### प्रबंधक समिति का आभार: बीरू

पत्रकार-11 के कप्तान बीरु कुमार ने कहा कि श्री गुरु नानक स्कूल के शिक्षकों ने पत्रकारों को काफी सम्मान दिया है। स्कूल में जो माहौल बना उससे पत्रकारों में भी नई ऊर्जा आई। काफी अच्छे माहौल में यह मैच खेला गया। प्रबंधक समिति, शिक्षकों और छात्रों के प्रति पत्रकार समाज उनके प्रति आभार प्रकट करता है।

# अफीम की खेप के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** अंतरराज्यीय अफीम तस्करों के विरुद्ध पुलिस को बड़ी कामयाबी हांथ लगी है। एसपी विकास पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हरियाणा भेजा जा रहा प्रतिबंधित अफीम के खेप के साथ गिरोह के दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही गिरफ्तार तस्करों के पास से 4 किलो 300 ग्राम गिला अफीम और तस्करी में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों का दो मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय रोहित कुमार रजवार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर जिलेभर में स्पेशल ड्राइव चलाया जा रहा है। इस निमित्त झारखंड-बिहार बॉर्डर पर अस्थाई चेक पोस्ट स्थापित कर नियमित वाहनों की तलाशी ली जा रही है। तलाशी के दौरान ही एसपी को मिले गुप्त सूचना पर स्पेशल चेकिंग अभियान के दौरान हंटरगंज थाना क्षेत्र के गोसाईडीह में तैनात जवानों नें एक ऑटो की जांच के दौरान अफीम के साथ दो तस्करों को पकड़ा है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों तस्कर अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य हैं और वशिष्टनगर जोरी थाना क्षेत्र के पोस्तिया गांव के रहने वाले हैं। और अफीम की तस्करी करने के उद्देश्य खेप को लेकर हरियाणा जा रहे थे।

# मनीष जायसवाल ने पतरातू का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने गुरुवार को पतरातू का दौरा किया इसी क्रम में पतरातू के स्थान में जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। आरएसएस के नेता एसएन सिंह से भी मिले। पतरातू सिनेमा हॉल के पास हो रहे श्री श्री रुद्र महायज्ञ शिव प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल हुए। बुचा बांध भी गये। इसके बाद पतरातू मंडल भाजपा द्वारा जयनगर गांव में आयोजित बैठक में शामिल हुए। वहां पर पहुंचने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजा राम प्रजापति व संचालन महामंत्री पंकज कुमार सिंह के द्वारा किया गया। भाजपा प्रत्याशी ने मनीष जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या विस्थापन है उसके लेकर गंभीर हूं। भाजपा जो कहती हैं वह करती है। केंद्र की जितनी भी योजनाएं चल रही है आम जनों को बताने की आवश्यकता है। रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि सबका विकास मूल मंत्र के साथ हर घर में जाकर मोदी जी के कार्यों के विषय में बताना है। इस मौके पर लोकसभा संयोजक शशि भूषण, सह संयोजक कंटू बाबू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर संजय सिंह, जिला महामंत्री रंजन सिंह फौजी, राधेश्याम अग्रवाल, सुखदेव प्रसाद अखिलेश प्रसाद, पंकज गुप्ता, अनिल राय, मूलचंद साव, डीएन त्रिपाठी, ऋषि राज भंडारी, विकास कुमार गुप्ता, रविंद्र चौधरी, अमरेश प्रसाद, जितेंद्र सिंह, दशरथ कुर्मी, संतोष शर्मा, गणेश ठाकुर, सतीश साव, गिरजेश कुमार, किशोर कुमार महतो, रवि दत्ता, अमित गिरी, रंजन भगत, बापी मुखर्जी, दिनेश प्रसाद, सरिता ठाकुर, अवधेश सिंह, बृजभूषण गोस्वामी, डब्लू पांडे, ज्योति गुप्ता, अवधेश सिंह आदि शामिल थे। वही यज्ञ स्थल पर पहुंचने पर भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को मुनीलाल सिंह सरोज प्रसाद नारायन साव सहित कई लोगों ने स्वागत किया।

### मोदी की गारंटी की गारंटी दें कार्यकर्ता: मनीष जयसवाल




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्यशी मनीष जयसवाल ने गुरुवार को भुरकुंडा मंडल के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ पटेलनगर पंचायत के गायत्री मंदिर में परिचय बैठक की। इसमें मंडल के बूथ अध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपाई व कार्यकताओं शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा और संचालन मंडल महामंत्री अशोक सोनी और महेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। बैठक को संबोधित करते हुए मनीष जयासवाल ने कहा की आपकी 80 प्रतिशत ओपिनियन मेरे पक्ष में होने के कारण ही मुझे उम्मीद्वार बनाया गया है। मुझे जीताकर भेजने की भी जिम्मेवारी अब आपकी ही है। उन्होंने कहा की आपका उम्मीदवार कोई व्यक्ति नहीं कमल का फुल है। श्री जयसवाल ने कहा की अपने सभी विचारधारा वालों का एक-एक मत कमल के पक्ष में लाने का प्रयास करें और मोदी जी के गांरटी को गांरटी दें। भाजपा जो कहती है उसे गारंटी के साथ पूरा भी करती है। उन्होंने कहा की मैं केवल सेवा भाव से काम किया हूं, अपनी पार्टी से कोई गुटबाजी नही करता। पार्टी की संरचना में काम करता हूं। मेरा मकसद भाजपा सशक्त हो और एक-एक कार्यकर्ता सशक्त बनें। मौके पर रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, हजारीबाग लोकसभा के सह संयोजक रणंजय कुमार उर्फ कुटू बाबू, महामंत्री रंजन सिंह फौजी, प्रदेश ओबीसी मोर्चा के दक्षिणी प्रमंडलीय प्रभारी योगेश दांगी, राधे श्याम अग्रवाल, कुमेल उरांव, जिला मंत्री संजीव कुमार बावला, सुखदेव प्रसाद, जगतार सिंह, रंजन चैधरी, नीता श्रीवास्तव, अमरेश सिंह, काला बाबू, संतान सिंह, फुलेंद्र सिंह, जुगल नायक, मीना देवी, अर्जुन सिंह, रामपुकर शर्मा, सत्येन्द्र नारायण सिंह, कन्हैया सिंह यादव, राधा भारती, प्रिया, आशा देवी, संगीना देवी, हरदेव सिंह, गीता सिन्हा, विनोद सिंह सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद थें।

## पांच सूत्री मांग को लेकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघ झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मुलाकात करके अपनी 5 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघ के अध्यक्ष विकास महतो ने कहा कि झारखंड राज्य में पंचायत चुनाव का यह तीसरा कार्यकाल है परंतु अभी तक झारखंड में पंचायतीराज संस्थाएं सशक्त नहीं हो पायी है, और ना पुर्ण अधिकार मिला है। उन्होंने अपने ज्ञापन में राज्य वित्त आयोग से त्रिस्तरीय पंचायती राज्य संस्थाओं को क्षेत्र विकास कार्य के लिए राष्ट्रीय उपलब्ध कराया जाये। सरकार के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को हस्तांतरित 14 विभाग और 29 विषयों का पूर्ण अधिकार मिले। पंचायत के सभी कर्मियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक के द्वारा पंचायत सचिवालय में सुनिश्चित हो। सभी जिले के जिला परिषद की मासिक बैठक सुनिश्चित हो। अबुआ आवास योजना में अनियमितता पर मुखिया आरोप गठित कर प्रताड़ित किया जा रहा है, जबकि लाभुको के चयन में मुखिया का कोई अधिकार नहीं दिया गया है। मौके पर प्रदेश मुखिया संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अमित चौबे, चतरा जिला अध्यक्ष मुखिया संघ अरविंद कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## जोगनीतरी से युवक का शव बरामद

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पट्ठहा गांव निवासी विगन भुईया उर्फ.छकौड़ी भुईया का पुत्र 40 वर्षीय दिनेश्वर भुईंया का शव वशिष्ठ नगर थाना पुलिस ने जोगनीतरी पहाड़ से बुधवार की देर शाम बरामद किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को दंतार साप्ताहिक बाजार से घर लौटने के क्रम में बीच रास्ते से वह गायब हो गया था। जिसके बाद से वह लापता था। परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी थी। इसके बाद पुलिस लगातार विशेष छापामारी अभियान चला रही थी। इसी दौरान युवक का शव बरामद किया।

## गंझू टोला टिकैतबांध में पक्की सड़क नहीं

**कुंदा/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूरी पर स्थित गंझू टोला टिकैत बांध से जगन्नाथपुर जाने के लिए पक्की सड़क नहीं है। सड़क के बीचोंबीच में बोल्डर व पत्थर पड़ा हूवा है, आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस रास्ते में दोपहिया वाहन से गिरने व घटना होने का स्थिति बनी रहती है। यह रोड प्रतापपुर जाने वाले पक्की रोड में जुड़ती है। प्रतापपुर जाने वाले राहगीर को इसी रास्ते से आना जाना होता है। पक्की रोड नहीं रहने से इस रोड में चार पहिया वाहन का आना आज मुस्कजंल होता है। जिससे वाहन को इस रोड से आना जाना नही हो पाता है। लोग पैदल यात्रा कर-के चलते है। वर्षा हो जाने पर रोड में गढ़ा व पानी का जमाव हो जाता है, रोड नहीं रहने से गांव वाले का मुश्किल का समाना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा मुश्किल पढ़ने वाले बच्चों को होता है। विद्यालय आने जाने वाले बच्चे इसी रास्ते से प्रतिदिन विद्यालय आना जाना करते है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मांग किया जाता है की इस रोड का पक्की रोड बनाया जाये जिससे आने जाने वाले को सुविधा हो।

## फंदे से झूलता मिला नवविवाहिता का शव



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** केके पंचायत के दत्तो कोलियरी में गुरूवार को नवविवाहिता किरण कुमारी (24वर्ष) का शव उसके कमरे में फंदे से झूलता पाया गया। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार भुरकुंडा पुलिस को गुरुवार की सुबह गुड्डू कुमार पिता स्व. भरदुल राम दतो निवासी की पत्नी किरण देवी के आत्महत्या करने की सूचना मिली। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां कमरे की सीलिंग से दुपट्टे के सहारे किरण देवी का शव मिला। पुलिस ने पंचनामा कर शव को कब्जे में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पुलिस छानबीन में जुट गयी। पुलिस द्वारा किरण देवी की मौत की सूचना फोन पर उसके मायके वालों को दी गयी। बोकारो से भुरकुंडा पहुंचे परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के पिता धनेश्वर राम, बोकारो जिला के करमागडा निवासी ने बताया की लगभग तीन माह पूर्व 13 दिसंबर 2023 को किरण की शादी हुई थी। उन्होंने कहा कि किरण के ससुराल वाले दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करते आ रहे थे। किरण की हत्या करके आत्महत्या का रूप देने को कोशिश की जा रही है।मृतका के पिता ने किरण के पति गुड्डू राम, सास सुमित्रा देवी, दो देवर मंटु राम और छोटू राम सहित चाचा ससुर राजू राम के विरुद्ध भुरकुंडा ओपी में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। भुरकुंडा पुलिस फिलहाल मामले को लेकर मृतका की सास और उसके देवर से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार जांच चल रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला साफ हो सकेगा।


## विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

**प्रेस विज्ञप्ति**

विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के स्नातकोत्तर विभाग, अंगीभूत महाविद्यालय, मॉडल एवं महिला महाविद्यालय में आवश्यकता आधारित (Need Based) संविदा पर सहायक प्राध्यापक (Assistant Professor) के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन की विस्तृत विवरणी विश्वविद्यालय के वेबसाइट www-vbu-ac-in पर देखी जा सकती है

ज्ञापांक : VBU/RO/1158/17(Vol.-II7)/745/2024
दिनांक : 14.03.2024

कुलपति के आदेशानुसार
ह0/-
कुलसचिव

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

**स्नातक प्रशिक्षु चयन सूचना - शुध्दि पत्र**

वैसे अभ्यर्थी जो विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के ज्ञापांक - VBU/CP/12/R/681/2024 दिनांक 07.03.2024 के आलोक में 11 मार्च, 2024 की संध्या 07:45 बजे तक गूगल फॉर्म भर कर अपना आवेदन दे चुके हैं, उनसे कुछ तकनीकी कारणों से अनुरोध है कि उसी लिंक (https://forms.gle/CHQLzQzFHxW5MjQ9A) से अपना गूगल फॉर्म अंतिम तिथि 18 मार्च, 2024 तक निश्चित रूप से पुनः भर लें।

ज्ञापांक : VBU/CP/12/R/724/2024
दिनांक : 14.03.2024

कुलपति के आदेशानुसार
ह0/-
कुलसचिव

## मानव तस्करों ने नाबालिग को दिल्ली ले जाकर बेचा

**आहतू थाना में पीड़ित परिवार ने करायी शिकायत दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बिशनपुर थाना क्षेत्र के सातों गांव निवासी बलराम उरांव की नाबालिक पुत्री को ढाई वर्ष पूर्व दलालों द्वारा दिल्ली में बेचने का मामला प्रकाश सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित के पिता ने अहतु थाना में लिखित आवेदन देकर सोसो लाल डीपा गांव निवासी महिला अनीता, संजय उर्फ बिल्ला व पौलिका नामक महिला को आरोपी बनाया है। आवेदन में पिता ने कहा है कि तीनों दलाल उसकी पुत्री को दिल्ली में ले जाकर बेच दिया है। वह फिलहाल दिल्ली में कैद है। उसकी पुत्री नाबालिक थी। उसी समय दलालों ने उसके साथ अन्य चार लड़कियों को भी दिल्ली ले जाकर बेच दिया था। जिसमें उसकी बड़ी बहन भी शामिल थी। उसे भी दिल्ली में बेचा गया था। दिल्ली में उसकी बड़ी बहन की मानसिक स्थिति बिगड़ने के बाद उसकी मां व दामाद को दिल्ली बुलाकर सौपा गया। बड़ी बहन को दिल्ली से वापस लाया गया। उसके साथ दो अन्य लड़कियां भी लौट आई। जिनका अब विवाह हो चुका है। लेकिन अभी तक उसकी नाबालिक बेटी का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। उपरोक्त दलाल द्वारा पूछे जाने पर कोई जवाब भी नहीं दिया जाता है। वही बेटी को छोड़ने के एवज में पैसे की डिमांड की जा रही है। पिता ने कहा है कि उसकी बेटी को कैद करके रखा गया है। उन्होंने पुत्री को सकुशल बरामद करने की मांग की है।

## हाइकोर्ट ने सुगाबथान डैम के प्रस्ताव पर मांगे दस्तावेज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में बांका, बिहार के चानन डैम से सिंचाई के लिए झारखंड के गोड्डा को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। हाइकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने प्रार्थी को शपथ पत्र के माध्यम से सुगाबथान डैम से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 18 अप्रैल निर्धारित की है।

सांसद निशिकांत दुबे के अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने कोर्ट को बताया कि बिहार के चानन डैम से झारखंड को पानी नहीं मिलने पर वर्ष 1972 में गोड्डा में सुगाबथान डैम बनाने का प्रस्ताव था। इसके लिए जमीन भी उपलब्ध है। इस डैम को बनाने के लिए किसी के विस्थापन की जरूरत नहीं पड़ेगा। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी बताया गया कि चानन डैम से गाद हटाने के लिए बिहार सरकार केंद्र सरकार की मदद चाहती है जबकि केंद्र सरकार कह चुकी है कि यह काम राज्य सरकार के अंतर्गत आता है। ऐसे में चानन डैम से गाद हटाने में जो खर्च आयेगा, उससे बेहतर है कि वर्ष 1972 में गोड्डा में सुगाबथान डैम बनाने का प्रस्ताव है, जिसमें कहा गया था कि भविष्य में यदि चानन डैम से झारखंड को पानी नहीं मिलता है, तो गोड्डा में सुगाबथान डैम बनाया जाये। इसके लिए जमीन भी चिह्नित की गयी थी। इससे पहले झारखंड सरकार ने शपथ पत्र दायर कर बताया था कि चानन डैम के तहत उसके हिस्से में आने वाले चार कैनाल की मरम्मत का काम एक साल के भीतर पूरा हो जायेगा। बिहार सरकार ने चानन डैम से झारखंड को पानी देने में असमर्थता जतायी थी। झारखंड सरकार का कहना है कि उसे इस डैम से पानी मिलना चाहिए, ताकि गोड्डा में सिंचाई हो सके।

## डोरंडा इलाके में एक बार फिर छिनतई

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची के डोरंडा इलाके में छिनतई गिरोह सक्रिय है। एक बार फिर से डोरंडा इलाके में महिला से डेढ़ लाख रुपये की छिनतई की गयी है। महिला केनरा बैंक से पैसे निकाल कर अपने घर जा रही थी, उसी समय घात लगाये अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया। अपराधी पैसे लेकर फरार हो गये। आपको बता दें कि 29 फरवरी को डोरंडा इलाके में बाइक सवार अपराधियों ने कार का शीशा तोड़कर पांच लाख रुपये लेकर फरार हो गये थे। मामले की जांच में डोरंडा थाने की पुलिस जुटी है।

## राजदेव यादव ने प्रदीप वर्मा का किया स्वागत

**रांची (आजाद सिपाही)।** ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के राजदेव सिंह यादव ने प्रदीप वर्मा के राज्यसभा के लिए चुने जाने पर बधाई दी। साथ ही उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत का कार्यक्रम नामकुम में हुआ। इस मौके पर प्रदीप वर्मा ने कहा कि आप सभी से मिले अपार स्नेह और आशीर्वाद से अभिभूत हूं।

## वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जोगोटोली गांव में एक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बंधनु लोहरा उम्र 50 वर्ष की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बंधनु लोहरा रात करीब 8.30 बजे सड़क में टहल रहा था इसी बीच एक अज्ञात मोटरसाइकिल ने उसे ठोकर मार दी। जिसे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके उपरांत ग्रामीणों द्वारा उसे रेफरल अस्पताल पहुचाया गया। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

## मजदूर राजा बड़ाइक का शव पहुंचा गुमला




**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के फसिया पंचायत के करौंदी गांव का मजदुर राजा बड़ाईक का शव गांव पहुंचा । मौके पर मजदूर संघ सीएफटीयुआई प्रदेश सचिव जुम्मन खान एवं नगर अध्यक्ष मो.जाबेद आलम ने मृतक मजदूर राजा बड़ाईक के परिजनों से मिले। उन्होने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि पिछ्ले दिनों मजदूर संघ सीएफटीयुआई प्रदेश सचिव जुम्मन खान के पास परिजनों ने मृत शरीर को मंगवाने की गुहार लगाई थी। मृतक मजदूर के दो छोटे छोटे बच्चे हैं। और परिजनों ने मजदूर को पुने महाराष्ट्र हत्या कर शव फेकने का आरोप भी लगाया है।इधर जैसे ही मृत मजदूर का शव गुमला करौंदी पहुंचा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।इस मामले को लेकर जुम्मन खान ने कहा कि लगातार गुमला जिले के मजदूरों की मौत बाहर प्रदेशों में विभिन्न स्थानों पर होना चिंता का विषय है। इस पर गुमला श्रम विभाग गुमला उपायुक्त व झारखंड सरकार को कोई ठोस पहल करने की कोशिश करनी चाहिए।

## हिमस्खलन हादसे की चपेट में आनेवाले मजदूरों का शव पहुंचा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में घटित हिमस्खलन हादसे के चपेट में आने वाले रेडवा कुचईटोली गांव के मजदूर रतनलाल उरांव व बिरिया उरांव का शव गांव पहुंचा, सामाजिक मान्यताओं के कारण मृतकों के शव को घर नहीं ले जाकर, गांव के बाहर ही रखा गया और वहीं से सुबह करीब साढ़े आठ बजे दोनों मृतकों का अंतिम यात्रा निकाली गयी। ज्ञात हो कि बीते सोमवार को हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में बन रही पन बिजली प्रोजेक्ट कार्यस्थल में अचानक हुए हिमस्खलन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गयी थी। हादसे का शिकार हुए दोनों मजदुरों के अलावा एक अन्य मजदूर गुमला उर्मी डुमर डीह निवासी रिममून किंडो की मौत हो गयी थी। लंबे इंतजार के बाद गुरुवार सुबह शव के गांव पहुंचते ही पीड़ित परिजनों महिलाओं व बच्चों में कोहराम मच गया। कंपनी के सुपरवाइजर सहित छह कर्मी भी शव के साथ गांव पहुंचे और दोनों परिवारों को अंतिम संस्कार के लिए 50-50 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की, साथ ही हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी प्रक्रिया पूरी होने पर 4-4 लाख मुआवजा व कंपनी की ओर से भी आश्रितों को मुआवजा देने का आश्वासन दिया। वहीं शवों के गांव पहुंचने की जानकारी मिलने पर लोहरदगा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव, पुर्व विधायक गुमला शिवशंकर उरांव सहित कई भाजपाई पीड़ित परिवार से मिलने रेडवा कुचईटोली गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढ़ांढस बंधाया। समीर उरांव द्वारा दोनों परिवारों को 10-10 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी गई व हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर सिसई मंडल भाजपा अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव मुखिया सुभानी उरांव समेत कई भाजपा नेता शामिल थे।

## जेएसएलपीएस के जेंडर रिसोर्स सेंटर का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भरनो।** प्रखंड भरनो में जेएसएलपीएस के जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रमुख पारसनाथ उरांव , प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि पंचू उरांव, 20 सूत्री अध्यक्ष जॉनसन बाडा के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। सखी दीदी द्वारा स्वागत किया गया। प्रमुख द्वारा जेएसएलपीएस के सखी दीदी को उनके अच्छे कार्य के लिए बधाई दिए। उद्घाटन के साथ-साथ लोकसभा चुनाव 2024 के मध्य नजर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सभी लोगों को सत प्रतिशत वोट करने का अनुरोध किया गया तथा अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूकता करने को कहा गया। साथ ही साथ हस्ताक्षर युक्त कैंपेन भी किया गया । प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शपथ ग्रहण कराया गया। जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेंद्र जलूका के द्वारा बताया गया कि भरनो प्रखंड में जेएसएलपीएस द्वारा सभी विकास कार्यों में बढ़कर हिस्सा ले रही है जो काफी गर्व की बात है। कार्यक्रम में सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कृष्ण ओहदार, पंचायत समिति के सदस्य जहांगीर आलम बीपीएम मनोज कुमार तिर्की, रश्मि कुमारी सहित जेएसएलपीएस की सैकड़ो दीदी उपस्थित थी ।

## वन विभाग ने दिया बांस शिल्प कला का प्रशिक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** वन विभाग गुमला द्वारा रुकी पंचायत भवन में गुरुवार को बांस शिल्प कला का एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ग्रामीण महिलाओं और युवतियों को प्रशिक्षक अमान अली द्वारा बांस से बनने वाली पेन स्टैंड, दीवाल फूलदानी, डाय फलावर कोट, बनाकर दिखाया गया। मौके पर वन विभाग के समन्वयक अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि बांस, शिल्प, कला का प्रशिक्षण महिलाओं और युवतियों के स्वालंबन को आगे बढ़ाने में मददगार साबित होगी। महिलाएं और युवतियां आत्मनिर्भर बनेगी प्रशिक्षण में चतमदाग,बसारटोली, मनातू, रुकी के महिलाएं और युवतियां शामिल हुई। मौके पर उपस्थित लोगों में संदीप उरांव, सूरज महतो, विंदेश्वर लोहरा, उर्मिला कुमारी, सोनी उरांव, मालती कुमारी, नयमी बारला, रीता कुमारी, बिंदु देवी, सुमित्रा देवी, बसंती सहित कई लोग उपस्थित थी।

## ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** हेठमा अम्बाटोली जन-जागरूकता बैठक कर गांव की समस्या पर विचार विमर्श किया गया। समाजसेवी सुशील लकड़ा के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में गांव तक आने जाने के लिए कच्ची रास्ता, शिक्षा स्वास्थ्य संबंधी समस्या,गांव में लगभग 50 परिवार हैं, सुशील लकड़ा ने सरकारी नौकरी में एक भी परिवार के लोग नहीं हैं। सरकारी खाते से बन्दोबस्त जमीन और रैयती जमीन के आन लाईन में व्यापक गड़बड़ी है जनता इसके लिए परेशान हैं। राशन की कटौती पर सभी स्तर के जनप्रतिनिधि मौन हैं अम्बाटोली की जानता राशन कटौती से दु:खी हैं,जिला प्रशासन मौन है इनको जनता की परेशानी से कोई मतलब नहीं है। आगामी विधानसभा चुनाव में जनता राष्ट्रीय पार्टियों को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है। समाजसेवी सुशील लकड़ा। जन जागरुकता बैठक में फुलधर मांझी, कालीचरण मांझी, रफाएल लकड़ा एवं अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड प्रदेश रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ 18 से जायेगा हड़ताल पर

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका / अध्यक्ष संघ के सचिव संध्या देवी प्रदेश कमिटी के निर्देशानुसार 18 मार्च दिन सोमवार को पूरे राज्य कि रसोइया संयोजिका अध्यक्ष हड़ताल पर जा रहे हैं उन्होंने कहा कि रसोइयांओ को एक दिन में मात्र 66.66 रूपये दिया जा रहा है। साल में 12 माह है पर हमें 10 माह का ही भुगतान किया जाता है। उसे भी समय पर कभी नहीं दिया जाता है। अध्यक्ष संध्या देवी ने कहा कि रसोइया संयोजिका अध्यक्ष शंकर की मुख्य मांगे मनरेगा में जो मजदूरी वही हमें भी भुगतान किया जाये, साल में 10 माह की जगह 12 माह भुगतान किया जाये, काम करते समय कुछ हो जाने पर सही उपचार और 5 लाख का निशुलक बीमा किया जाये, रसोइया संयोजिका अध्यक्ष को अस्थायी किया जाये आदि मांगों को लेकर हड़ताल पर रहेगी।

## क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 का आयोजन 16 को होगा

**बसिया।** प्रखंड के जोगोटोली मैदान में जोगोटोली सुपर 11 समिति द्वारा दो दिवसीय टी 10 नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट सीजन 2 का आयोजन किया गया है जिसका उद्घाटन 16 मार्च को संध्या 6 बजे होगी। इस आशय की जानकारी अमित साहु द्वारा दी गयी है।

## ग्रामीणों ने हड़िया दारू बिक्री पर रोक लगाने का लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा वृहस्पतिवर को लोम्मबाई बाजारटांड में दिनांक 27/02/024 को घटित पुलिस पब्लिक झड़प की घटना के संबंध में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में झामुमो जिला समिति सिमडेगा को विशेष आमंत्रित किया गया था। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा कि इस घटना का उचित एवम न्यायपूर्ण समाधान निकलने के लिए झामुमो भरपूर कोशिश कर रही है आशा है बहुत जल्द इसका समाधान होगा। अनिल कंडुलना ने कहा कि आज आदिवासी समाज पिछड़ा हुआ समाज है और इसका पिछड़ेपन का मुख्य कारण नशा -पान है। जिस रोज हम आदिवासी नशा पान पर नियंत्रण पा लेंगे उसी दिन से हमारा विकास शुरू होगा। हमारे आदिवासी समाज में नशा अपनी जड़े बहुत गहरायी तक जमा चूका है, जन्मे तो शराब, मरेंगे तो शराब, शादी विवाह, पर्व-त्यौहार से लेकर खेत -खलिहान में भी मदईत और पंचा के नाम पर धड़ले से शराब का उपयोग होता है। शराब की वजह से ना जाने कितने घर उजड़ गए है और ना जाने कितने परिवार बर्बाद हो गए हैं जिसका हिसाब लगाना मुश्किल है। साथ ही लोगों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा की झारखंड राज्य के सर्वांगीन विकास के लिए सरकार द्वारा विविन्न योजनाएं चलाये जा रहे हैं। उन सभी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए उपस्थित भाई -बहनों को विस्तार से बताया। अनिल कन्डुलना ने कहा झारखंड सरकार, झारखंड के अमर वीर शहीद और महान क्रांतिकारी के सपने को साकार करने वाले राज्य के सत प्रतिशत विकास की ओर ले जाने का काम कर रही है। झारखंड के विकास में, यहां के गरीब गुरूबा और शोषित आदिवासियों को ध्यान में रखा जा रहा है।

## अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए कामरेडों की टीम जायेगी कोडरमा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** लोक सभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाकपा माले लिबरेशन जिला कमेटी गुमला की बैठक जिला मुख्यालय कचहरी परिसर में आयोजित हुई। भाकपा माले जिला प्रशासन सचिव कामरेड गजेंद्र सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में लोक सभा चुनाव 2024 में भाकपा माले की भूमिका और तैयारी पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में कई निर्णय लिए गये। जिसमें निर्णय लिया गया कि इंडिया गठबंधन के लोक सभा उम्मीदवार के पक्ष में उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी कार्यकर्ता अभियान संचालित करेंगे। कोडरमा क्षेत्र के भाकपा माले के उम्मीदवार के चुनाव प्रचार के लिए गुमला जिला से टिम 1 महीना के लिए कोडरमा जायेगी। बाकी कार्यकर्ता गठबंधन के लिए गुमला मे काम करेगें। इसी बीच कार्यकर्ता पार्टी सदस्यता, नवीकरण, कमिटी निर्माण,पार्टी संगठन का समेलन की तैयारी करेंगे। मई जून महीना में माले का सभी संगठनों का सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। जिले में राशन, किरासन, नरेगा सहित सभी तरह की विकास योजनाओं का निरीक्षण पार्टी टीम द्वारा किया जायेगा। बैठक में ऐक्टू के मजदूर नेता कामरेड महेंद्र जंक्शन उरांव, विष्णु तूरी, जुगल मुंडा, सुखदेव उरांव, रामावतार साहू, हुमायु साहू, देवलाल लोहार, बांधा उरांव, तेंबा उरांव, दर्शन उरांव, किसोर एक्का, बसंती उरांव, झामस नेता निर्जानंद उरांव, रवि उरांव, सुसमा देवी, किसान नेता मुस्तकीम अंसारी उपस्थित थे।

## चैंबर की संशोधित नियमावली सर्वसम्मति से पास : दामोदर कसेरा

**जीएसटी, ट्रेड लाइसेंस व नापतोल लाइसेंस में कोई एक होने पर बन सकेंगे नये सदस्य**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक होटल बिंदेश में चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से संशोधन के प्रस्तावित 21 बिन्दुओ पर कार्यकारिणी के समछ चर्चा कर सर्व सम्मति से पास किया गया। अब गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के नये सदस्य बनने के लिए तीन में से किसी एक लाइसेंस का होना अनिवार्य है, जिसमें पहला जीएसटी रजिस्ट्रेशन, दुसरा ट्रेड लाइसेंस, एवं तीसरा माप तौल विभाग का लाइसेंस शामिल है। गुमला चेम्बर के कार्यकारिणी के बैठक में हुए संशोधन को गुमला के व्यापारीयों की आम सभा बुलाकर पास कराया जायेगा। इसके पश्चात इसे अगले सत्र में लागु किया जायेगा।

गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स का होली मिलन समारोह आगामी 22 मार्च 2024 दिन शुक्रवार को उत्कल पॉइंट पालकोट रोड गुमला में संध्या 07:30 बजे से आयोजित है। जिसमें गुमला के समस्त व्यापारी बंधु आमंत्रित है।

बैठक के अंत में चेम्बर के सचिव बबलू वर्मा के पिता स्व अशोक वर्मा के निधन पर शोक व्यक्त कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष पदम साबू, मो शाहबुद्दीन, दिनेश अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल रॉकी, सचिव बबलू वर्मा, नीरज गुप्ता, बृज किशोर फोगला, आदित्य गुप्ता, रितेश गुप्ता, प्रणय कुमार, आनंद गुप्ता, पंकज खंडेलवाल, दिलीप गुप्ता, गुन्नू शर्मा, विकास सिंह, अमित मंत्री गोलु, अजय कुमार, गुरमीत सिंह, संजीव मलानी, अजय सिंह राणा, राहुल केशरी, श्याम गुप्ता, ललिता गुप्ता, सोनी भगत उपस्थित थे।

## भौंरा के डंक मारने से कंप्यूटर ऑपरेटर घायल

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर अभिषेक मिश्रा भौंरा के डंक मारने से घायल हो गए। जिसे प्रखंड कर्मियों द्वारा प्राथमिक उपचार कराने के बाद घर पहुंचाया। बताया जाता कि अभिषेक मिश्रा गुरुवार को प्रखंड कार्यालय से काम निपटा कर शाम के छह बजे घर जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान भौंरो की झुंड ने अभिषेक मिश्रा को घायल कर दिया। इसके बाद प्रखंड कार्यालय के कर्मियों द्वारा घायल अभिषेक मिश्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार करा कर घर पहुंचाया।

## नाबालिग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा छठ मोहल्ला में मामी घर आई नाबालिक बच्ची ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वही गुरुवार को पुलिस शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। इस संबंध में मृतक की मामी ने बताया कि उसकी भांजी बुधवार की शाम 4 बजे अपने चचेरे भाई के साथ केदली गांव से घाघरा कुडू शादी समारोह में जाने के लिए आई थी। वही उसके द्वारा तबीयत खराब होने की बात कह कर वह शादी समारोह में नहीं गयी। जबकि मैं और मेरी भांजी के साथ में आया चचेरा भाई दोनों कुडू गांव चले गये। देर शाम तक उससे बात हुई। वही रात में 10:00 बजे के बाद फोन भांजी द्वारा नहीं उठायी गयी। जिसके बाद अगल-बगल के रूम रेंट में रहने वाले लोगों को बताया कि उसकी भांजी फोन नहीं उठा रही है। जाकर देखाने की बात कही। तो पता चला कि घर का दरवाजा अंदर से बंद था। जिसके बाद दरवाजा में एक छेद था जिससे अंदर देखी तो भांजी छापर के काठ में लगे पंखे में दुपट्टा के सहारे फांसी पर झूली हुई थी। जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गयी। जहां पुलिस देर रात घटनास्थल पहुंच दरवाजा तोड़वाकर फंदे से झूले शव को नीचे उतारा। वही जिसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। आत्महत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है।

# प्रखंड के वार्ड सदस्यों का प्रारंभिक प्रशिक्षण संपन्न




आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार परिसर में वार्ड सदस्यों का चल रहे तीसरे फेज का तीन दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को संपन्न हो गया। इस मौके पर सदर पंचायत बारियातू, साल्वे और गोनिया पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों को जिला द्वारा नियुक्त किये गये। प्रशिक्षक सत्यानंद शुक्ला एवं विनीता कुमारी ने ग्राम पंचायत को प्राप्त शक्तियों एवं उनका उपयोग, अधिकार, कर्तव्यों सहित कई अन्य अधिकार के बारे मे अवगत कराया। ग्राम सभा से संबंधित सभी आवश्यक नियम एंव ग्राम सभा की सूचना, ग्राम सभा कोरम, ग्राम सभा की अध्यक्षता, विशेष ग्राम सभा, पंचायत कार्यकारिणी, ग्राम स्तर की स्थायी समितियों, पंचायत स्तर की स्थायी समितियों के बारे में, समाज में महिला की स्थिति, वार्ड सदस्य का मानदेय, यात्रा भत्ता आदि से संबंधित विस्तार पूर्वक दोनों प्रशिक्षकों ने बारी बारी से जानकारी दी। इसके पश्चात प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी आवश्यक विषयों पर शॉर्ट वीडियो प्रदर्शित कर दिखाया गया।

# बारियातू के मजदूर की चेन्नई में मौत, घर पहुंचा शव, मचा कोहराम

आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातु।** प्रखंड क्षेत्र के साल्वे ग्राम निवासी प्रवासी मजदूर राजेश ठाकुर उर्फ राजो पिता बरजु ठाकुर का चेन्नई मे अचानक हार्ट अटैक से मौत हो गया। राजेश ठाकुर चेन्नई, तमिलनाडु के कठनकुलनथुर के एसआरएम नगर मे जेएमएस कंपनी में मुंसी का काम करता था।



घटना के संबंध मे उसके साथ काम करने वाले पलामू निवासी निरमल भुइयां पिता स्वर्गीय नरेश भुइयां ने बताया कि राजेश ठाकुर और मैं साथ काम करते थे। राजेश 12 मार्च का हम सब को काम समझा कर क्वाटर चले गये, जो कंपनी के बगल मे ही था।जब मै लगभग ग्यारह बजे काम से क्वाटर आया तो उसे गंभीर अवस्था में पाया, पुछने पर बताया कि पानी पीने के दौरान सीने मे अटकने जैसा दर्द हुआ जो कम नहीं हो रहा है, हमने कंपनी को सूचना दिया, उसे तुरंत नजदीकी एआरएम ग्लोबल हॉस्पिटल ले गया। जहां डाक्टर ने जांच के उपरांत बताया कि कल ही इसे पहला हार्ट अटैक हुआ था।

डाक्टर के अनुसार बीपी और पल्स बिल्कुल कम हो गया था। जो डाक्टर के हर कोशिश के बाद भी नहीं बढ़ा और 13 मार्च को सुबह राजेश ठाकुर ने अंतिम सांस लिया। राजेश के मृत्यु की खबर सुनते ही पुरे गांव मुहल्ले में शोक की लहर दौड़ गयी गुरूवार सुबह चेन्नई से फ्लाइट के द्वारा पार्थिव शरीर को रांची 10:30 में लाया गया। जहां से एम्बुलेंस से सालवे गांव पहुंचा, पार्थिव शरीर को देखने के लिए ग्रामीणों व उसे जानने वालो का तांता लग रहा। परिवार और परिजनो के चिख पुकार व रुद्रन से महौल गमगीन हो गया।

मौके पर पहुंच कर जिप सदस्य रमेश राम, पूर्व मुखिया बिसुनदेव उरांव, समाज सेवी नंदु उरांव व गांव घर के बडे बुजुर्ग महिला पुरुष परिवारजनो को संतावना दिये। राजेश ठाकुर अपने पिछे पत्नी गायत्री देवी, 47पुत्र मिथलेश ठाकुर, 26 रिसु देवी, 24 प्रिया कुमारी, 22 प्रतिमा कुमारी 20 को छोड गये पत्नी गायत्री देवी पर दुखो का पहाड़ टूट पडा है। भरन पोषक के साथ साथ बच्चो का विवाह भी करना है, सभी का रो रो कर बुरा हाल है।

## हनुमान मंदिर में हुई जय श्रीराम समिति की बैठक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जय श्रीराम समिति की बैठक सेन्हा प्रखंड के सेंगरेहातु तोड़ार स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में जितेंद्र साहू के अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिले के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष विक्रम साहू, कार्यकारी अध्यक्ष बीटू कुमार, महामंत्री जगन्नाथ साहू, उपाध्यक्ष संतोष साहू कोषाध्यक्ष राहुल कुमार संगठन मंत्री दीपक साहू, महेश साहू, राम यादव, संजू साहू, नितेश साहू, सोनू साहू मीडिया प्रभारी अंजय साहू संपर्क अभियान प्रमुख आदर्श कुमार को बनाया गया। जिला संरक्षक अनूप गुप्ता ने कहा पूर्व की कमेटी का कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात नई कमेटी का गठन किया गया। जिला कमेटी की ओर से संचालन समिति सदस्य अनिल उरांव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी। मौके पर जिला संरक्षक अनूप गुप्ता, संचालन समिति सदस्य अनिल उरांव, विनोद प्रसाद, नगर महामंत्री सुशील पटनायक, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र साहू समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कार्यकर्ता सम्मान समारोह, होली मिलन, नववर्ष और कमेटी विस्तार को लेकर चर्चा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जय श्रीराम महिला समिति के द्वारा पावरगंज स्थित दुगार्बाड़ी मंदिर प्रांगण में इंदिरा प्रधान की अध्यक्षता में हुई। आयोजित बैठक में कार्यकर्ता सह – सम्मान समारोह होली मिलन, नववर्ष तथा कमेटी विस्तार को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पूरी कमेटी का विस्तार हुआ। जिसमें अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, कार्यकारी अध्यक्ष संगीता देवी, महामंत्री बिंदिया देवी, उपाध्यक्ष ज्योति वर्मा, पूनम सिंह,मीना बाखला, संगठन महामंत्री समेला भगत, संगठन मंत्री पूर्णिमा वर्मा,गौरी देवी, सरस्वती देवी संपर्क अभियान प्रमुख बेली दाम,मनसा देवी, कलश देवी,आशा सोनी,प्रेमा देवी,आशा वर्मा,निर्मला देवी को बनाया गया। महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान ने कहा महिलाओं की शक्ति पूरा विश्व देख रहा है और हम सब उन महिलाओं में है जो कुछ करने की क्षमता रखते हैं। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, बिक्की महतो, मीरा देवी, रीमा देवी, सुनीता देवी, लक्ष्मी देवी, बसंती देवी समेत काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

# जेपीएससी परीक्षा किसी भी स्थिति में जिले में कदाचार मुक्त हो : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जेपीएससी 2024 के सफल संचालन और विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।




बैठक में उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी स्थिति में कदाचार की सूचना नहीं मिलनी चाहिए। औचक निरीक्षण के दौरान अगर कदाचार करते परीक्षार्थी पाये गये तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा परीक्षा के लिये प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निदेशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित करायें।

बैठक में जेपीएससी परीक्षा को कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु परीक्षा केंद्र पर सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों को अपने-अपने कर्त्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त द्वारा केंद्राधीक्षकों को अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों में ससमय प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने हेतु सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी, संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बीडीओ छंदा भट्टाचार्य ने किया बूथों का निरीक्षण

**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार बुधवात को प्रखंड क्षेत्र के छः पंचायत 26 गांव के लिए बनाये गये कुल 37 बूथ का निरक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं बीएलओ पर्यवेक्षक दिनेश कुमार, गुहा उरांव के द्वारा किया गया। निरक्षण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी छंदा भटाचार्य ने सभी बूथों में चुनाव के दौरान मतदाताओं के दी जाने वाली सुविधा के तहत शौचालय, पानी, विजली, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप जैसे विभिन्न प्रकार की व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं 80 वर्ष से अधिक उम्र वाले मतदाता जो चुनाव स्थल तक आने जाने में असमर्थ हो उनका पहचान करने का निर्देश सबंधित बूथ के बीएलओ को दिया, ताकि चुनवा में सतप्रतिशत मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सके।

# आदिवासी कर्मचारी समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** आदिवासी कर्मचारी समिति, लोहरदगा का आगामी सरहुल महापर्व पूर्व संध्या समारोह के सफल संचालन एवं आयोजन को लेकर बैठक समिति के अध्यक्ष किशोर उरांव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से कई निर्णय लिये गये। जिसमे इस वर्ष सरहुल पूर्व संध्या समारोह 7 अप्रेल को पुराना नगर भवन लोहरदगा में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं आयोजन हेतु इस वर्ष सभी सदस्यों से न्यूनतम 700 रू सहयोग राशि लिया जाएं। कार्यक्रम का समय 10 बजे पूर्व. से 5बजे अपराह्न तक निर्धारित किया गया। सहयोग राशि प्राप्त करने के लिए कोषाध्यक्ष अभिषेक एक्का एवं उपकोषाध्यक्ष अरविन्द उरांव कार्यालय में सुविधानुसार जिम्मेदारी सौंपकर राशि प्राप्त करेंगे। इस वर्ष सरहुल महापर्व पूर्व संध्या समारोह को भव्य आयोजन हेतु सहमति जतायी गयी। मौके पर संगठन सचिव विनोद कुमार उरांव, मुख्य सलाहकार बिफाई उरांव, कोषाध्यक्ष अभिषेक एक्का एवं अन्य उपस्थित थे ।

## रोजगार सेवक का निधन, शोकसभा आयोजित



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड के गजनी पंचायत के रोजगार सेवक हिपफजुर रहमान 58 वर्ष का आकस्मिक निधन 13 मार्च बुधवार को हो गया,वे पिछले दो महीने से मेडिका अस्पताल रांची मे लकवा जैसे गंभीर बीमारी का सामना कर रहे थे। अचानक उनकी निधन की खबर से पूरे प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गयी। उनके निधन पर प्रखंड परिसर में बीडीओ छन्दा भट्टाचार्य की उपस्थिति में शोक सभा का आयोजन कर मृतक को श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर प्रखंड और अंचल के कर्मियो के द्वारा 02 मिनट का मौन धारण कर पुण्य आत्मा की शांति की कामना की गयी।

# बनहरदी कोयला खनन परियोजना ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा पीवीयूएनएल की बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रम को बनहरदी कोयला खनन परियोजना के सभी प्रभावित गांवों को शामिल करते हुए, ग्राम रायपुर में देवी मंडप के पास में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रामपुर गांव और आस-पास के क्षेत्रों के कुल 175 ग्रामीणों द्वारा अपना स्वास्थ्य जांच कराया गया तथा डॉक्टर के नुस्खे के आधार पर निःशुल्क दवाएं भी प्राप्त की गयी। समाज सेवा के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से ग्राम वार्डसदस्य मनीष कुमार, विशेषज्ञ डॉक्टरगण एवं पीवीयूएनएल से सिध्दार्थ शंकर (उप महाप्रबंधक), अमरेश चंद्र राउल (उप महाप्रबंधक) , विनेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (आर एंड आर) शुभंकर मंडल, अबीर लाल नाथ का सराहनीय योगदान रहा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद वीडी राम का किया स्वागत

**रमना (आजाद सिपाही)।** पलामू सांसद विष्णुदयाल राम का स्थानीय भाजपा मंडल इकाई के द्वारा गर्मजोशी के साथ श्री सीताराम मानस मंदिर के समीप स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद बीडी राम ने कहा की देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने तीसरी बार विश्वास जताने का कार्य किया है। कहा की मैं पूरी ईमानदारी से उनके विश्वास को बनायें रखूंगा। कहा आज पूरे देश सहित गांव-गांव में सभी बुनियादी सुविधा बेहतर हो रही है। लोगों के खेतो में पानी व पीने के स्वच्छ पानी से लेकर सड़को का जाल बिछाया जा रहा है। मौके पर जिलाध्यक्ष ठाकुर महतो, ईश्वरी पांडेय,जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, सांसद प्रतिनिधि विशुनपुरा पुलस्त शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि पंकज सिंह, बालरूप राम सहित काफी संख्या में जनता उपस्थित थें।

# नदिया हिंदू उच्च विद्यालय में आयोजित होगा मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों व कर्मियों में से कुल छह सौ पदाधिकारियो/कर्मियों का मतदान प्रक्रिया संबंधी प्रशिक्षण सीएम उत्कृष्ट हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षकों द्वारा सभी पदाधिकारियों/ कर्मियों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मतदान के पूर्व की तैयारियों/ मतदान की तिथि और मतदान उपरांत किये जाने वाले कार्यों के त्रुटि रहित निष्पादन की जानकारी दी गई। सभी को उनके दायित्वों की जानकारी दी गई साथ ही, कहा गया कि निर्वाचन के निष्पादन में सभी पदाधिकारियों/कर्मियों का दायित्व समान है। कहीं भी किसी चरण में एक गलती होने से कई गलतियां होने



संभावना रहती है। मतदान के दिन किसी प्रकार गड़बड़ी नहीं हो इसके लिए प्रशिक्षण अच्छी तरह प्राप्त करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण 15 मार्च को भी आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण आज दो पालियों में सीएम उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। पहली पाली में प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दूसरी पाली में प्रशिक्षण दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक विद्यालय के प्रथम तल में आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण ज्ञान शंकर जायसवाल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी-सह-प्रभारी पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग, सुजाता कुजूर, भूमि सुधार उप समाहर्ता-सह-प्रभारी पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग और विभाकर, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण में आवश्यक सहयोग के लिए 14 कर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है।

## पीसीसी पथ सड़क निर्माण का प्रमुख और मुखिया ने किया शिलान्यास



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ओर पंचायत की मुखिया कालो देवी के द्वारा गुरुवार को पंचमुखी मंदिर के समीप 15 वें वित्त आयोग की राशि से अशोक सोनी के घर से सत्यनारायण तिवारी के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़ कर किया। वही मुखिया ने बताया कि इस योजना में अध्यक्ष रीता देवी और सचिव शिला देवी को बनाया गया है साथ ही इस पीसीसी सड़क की प्राकिलित राशि 249000 है। साथ ही मुखिया कालो देवी ने कहा की पंचायत का विकास करना हमारा सर्वप्रथम लक्ष्य है। हर मूलभूत सुविधाओं का मुहैया सभी के प्रयास से किया जाएगा सड़क गली स्वास्थ्य पानी समेत अन्य बुनियादी व्यवस्था की जायेगी।

# विधायक ने पीसीसी पथ और चाहरदीवारी का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा सभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने बरवाडीह प्रखंड के केड पंचायत व सरईडीह में डीएमफटी फंड से निर्मित होने वाले केड पंचायत के गाड़ी ग्राम के बगईटोला पीसीसी पथ निर्माण व शिक्षा विभाग के फंड से सरईडीह उत्क्रमित उच्च विद्यालय में चाहरदिवारी मे कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि वे ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने



कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए एकजूट रहें। अपनी समस्याओं को बेझिझक बताएं। ताकि सभी समस्याओं को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि लोग कांग्रेस से जुड़ें और क्षेत्र का विकास कराने में उनका साथ दें। उन्होंने डिजिटल सदस्यता अभियान की भी जानकारी दी। साथ ही मोबाइल एप्प के माध्यम से कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ग्रहण करने का आह्वान किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव ने कांग्रेस पार्टी से ग्रामीणों को जुड़ने का आह्वान किया। साथ ही सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए उसका लाभ लेने के लिए आगे आने की अपील की। इधर सरईडीह उच्च विद्यालय पहुंचने पर विधायक रामचन्द्र सिंह का छात्रों द्वारा स्वागत किया गया। मौके पर शिवानंद तिवारी, अनिल सिंह प्रेम कु उर्फ पिंटू, मनोज प्रसाद, नसीम अंसारी, जयप्रकाश रजक,अजय चन्द्रवंशी, बेरोनिका कुजूर, नरेश सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## रामचंद्र सिंह ने किया दो योजनाओं का शिलान्यास

**महुआडांड (आजाद सिपाही)।** महुआडाड प्रखण्ड के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे लोकप्रिय मनिका विधायक रामचंद्र सिंह महुआडांड प्रखण्ड के परहाटोली पंचायत के नगर प्रतापपुर अंजान शाह दाता के मजार पर शेड निर्माण व अंम्बाटोली पंचायत में धुमकुडीया भवन का शिलान्यास किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह, कांग्रेस झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि मो इस्तेखार अहमद, उप प्रमुख सह प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष अभय मिंज आदि समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# अनुसमर्थन दल ने ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** राज्य ग्रामीण विकास अनुसमर्थन मिशन 2024 के तहत अनुसमर्थन दल ने गुरुवार को प्रखंड उदरंगी, मसमानो पंचायत का क्रमवार निरीक्षण किया। इस दौरान दल ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, जल छाजन, झारखंड स्टेट लाइवलीहूड प्रमोशन सोसाइटी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आदि के तहत प्रखंड में हुए कार्यों का जायजा लिया। अनुसमर्थन दल में ग्रामीण विकास विभाग की अवर सचिव चंद्र भूषण, प्रशाखा



पदाधिकारी पिंटू कुमार एवं मनरेगा सहायक विजय कुमार शामिल थे। दल ने क्रमवार भंडरा प्रखंड के उदरंगी, मसमानों पंचायत में विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया साथ ही लाभुकों से संवाद किया। अनुसमर्थन दल के सदस्यों ने प्रखंड में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किए गए कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। इस मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी, बीपीओ अभिषेक किशोर, मुखिया परमेश्वर महली, कनीय अभियंता रविशंकर भगत आदि उपस्थित थे।

# उपायों पर अमल नहीं

बेंगलुरु वॉटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड ने शहर में 20% तक पानी कटौती का एलान किया है। 15 मार्च यानी कल से लागू होने वाले इस फैसले के मुताबिक बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले कावेरी जल की आपूर्ति में भारी कमी होगी। ध्यान रहे, शहर के सभी क्षेत्रों में कावेरी का पानी नहीं आता। कई क्षेत्रों में पहले से पानी कटौती का यह फैसला लागू है। भारत के आइटी कैपिटल के तौर पर दुनिया भर में मशहूर इस शहर में पानी सप्लाई का पिछले कुछ समय से यह हाल है कि बड़े-बड़े अपार्टमेंट्स में रहने वाले इसकी कमी का रोना रो रहे हैं। सोशल मीडिया पर आ रही पोस्टों के मुताबिक कई पॉश माने जाने वाले रिहायशी इलाकों के लोग घरों में पानी न होने के चलते लोकल मॉल में टॉयलेट जा रहे हैं। अधिकारी जहां लोगों से पानी का संयम से इस्तेमाल करने का आग्रह कर रहे हैं, वहीं टैंकर के भावों की अधिकतम सीमा भी निर्धारित की जा रही है। मगर भाव पहले ही बेतहाशा बढ़ चुके हैं। कई इलाकों में 12000 लीटर पानी के टैंकर की कीमत 2000 रुपये तक जा पहुंची है, जबकि कुछ दिन पहले तक यह 800 से 1000 रुपये हुआ करती थी।

**बेंगलुरु की ही बात करें तो 1961 तक वहां 262 झीलें थीं, जो 81 रह गयी हैं। इन 81 झीलों में भी मात्र 33 जिंदा बतायी जाती हैं। वह भी इसलिए क्योंकि ये ऐसे क्षेत्रों में हैं, जहां जमीन का कुछ और इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।**

इस संकट को स्थानीय कह कर नहीं टाला जा सकता। अव्वल तो यह किसी भी एक शहर की नहीं, देश के बड़े औद्योगिक केंद्र बेंगलुरु की बात है। दूसरे, इस तरह का संकट झेलने वाला यह कोई इकलौता शहर नहीं है। तमाम बड़े शहरों में गर्मी के दिनों में पानी सप्लाई की कमी की नौबत आती है। गिरता भूजल स्तर एक स्थायी समस्या का रूप लेता जा रहा है। खास बात यह कि इस समस्या के पीछे संसाधनों की कमी से ज्यादा प्रबंधन की गड़बड़ी की भूमिका बतायी जाती है। बेंगलुरु की ही बात करें तो 1961 तक वहां 262 झीलें थीं, जो 81 रह गयी हैं। इन 81 झीलों में भी मात्र 33 जिंदा बतायी जाती हैं। वह भी इसलिए क्योंकि ये ऐसे क्षेत्रों में हैं, जहां जमीन का कुछ और इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। अंधाधुंध शहरीकरण और पानी बर्बाद करने की प्रवृत्ति हमारे शहरों के पूरे इकोसिस्टम को प्रभावित कर रही है। सबसे बड़ी बात कि इस स्थिति से बचाव के उपाय न केवल मौजूद हैं, बल्कि सबकी जानकारी में भी हैं। पानी की रीसाइक्लिंग करना, ट्रीटमेंट के बाद उसे दोबारा इस्तेमाल में लाना, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग पर ध्यान देना ऐसे उपाय हैं, जिनका जिक्र सरकारों की जल नीतियों में होता रहा है। जाहिर है, सरकारों को मजबूत इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए इन पर सही ढंग से अमल सुनिश्चित करना होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**चुनाव लोकतंत्र का आधार होता है, जो नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने का महत्वपूर्ण अधिकार देता है। हालांकि, यह अधिकार निष्क्रिय नहीं है; चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होना एक कर्तव्य है, विशेष कर युवाओं का। ऐतिहासिक रूप से, युवाओं ने सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व किया है और चुनावों में उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है।**

# लोकतंत्र का आधार होता है चुनाव



नीरज चोपड़ा



EPA

खिलाड़ी अपने समर्पण, दृढ़ता और टीम भावना के माध्यम से देश की सेवा करते हैं। चाहे घरेलू मैदान हो या विदेशी, देश की जर्सी पहनना एक विशेषाधिकार और जिम्मेदारी दोनों है। लेकिन दुनिया के सबसे जीवंत लोकतंत्र के एक अभिन्न अंग के रूप में हम खिलाड़ी और युवा भारतीय एक और विशेषाधिकार की आकांक्षा करते हैं- वह है मतदान।

चुनाव लोकतंत्र का आधार होता हैं, जो नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने का महत्वपूर्ण अधिकार देता है। हालांकि, यह अधिकार निष्क्रिय नहीं है; चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होना एक कर्तव्य है, विशेष कर युवाओं का। ऐतिहासिक रूप से, युवाओं ने सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व किया है और चुनावों में उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए, मतदाता पंजीकरण से लेकर जमीनी स्तर पर प्रचार अभियान तक के प्रत्येक चरण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता होती है।

**पहली बार मतदाता बने युवाओं पर ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा का लेख**

पहली बार के मतदाता नए दृष्टिकोण के साथ पारदर्शिता और समावेश जैसे आदर्श लेकर आते हैं।

एक युवा मतदाता की ऊर्जा और तकनीक-प्रेमी प्रकृति, चुनावी परिदृश्य को जीवंत बनाती है तथा नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप पहुंच और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देती है। युवा निर्वाचित प्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाने एवं जनता से जुड़े मुद्दों का समर्थन करने एवं आवाज उठाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा इस प्रकार लोकतंत्र के महत्व और इसके प्रति निष्ठा की रक्षा करते हैं।

महात्मा गांधी के शब्दों में भविष्य इस पर निर्भर करता है कि आप आज क्या करते हैं। लोकतंत्र का पहिया एक बार फिर से घूम रहा है, भारत में आम चुनाव, 2024 की तैयारी चल रही है, ऐसे में राष्ट्र के भाग्य को स्वरूप देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया जाना जरूरी है।

अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता के महत्व पर जोर दिया और पहली बार मतदाता बने युवाओं के लिए लक्षित निर्वाचन आयोग के मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने भारत के युवाओं के जोश और उत्साह की सराहना की तथा उनसे सक्रिय रूप से मतदान में भाग लेने की अपील की क्योंकि देश के भविष्य पर इसका प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है।

पहली बार मतदाता बने युवाओं से रिकॉर्ड संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए उन्होंने देश की नियति को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न सेक्टरों से जुड़े प्रभावशाली लोगों से अभियान में शामिल होने तथा सामाजिक बदलाव को प्रेरित करने में उनकी प्रभावी भूमिका को स्वीकार करते हुए युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने की अपील की।

चुनावी माहौल के बीच, उन्होंने युवाओं से न केवल राजनीतिक कार्यकलापों में भाग लेने का आग्रह किया, बल्कि वर्तमान में जारी चर्चाओं और बहसों के बारे में भी जानकारी रखने की अपील की।

भारतीय निर्वाचन आयोग चुनावों में युवाओं की सार्वजनिक प्रबुद्ध सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान चला रहा है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अभियान गीत लॉन्च किया जो युवा मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने की देश की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह अभियान गीत मतदाता जागरूकता अभियान का एक हिस्सा है, जो चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी की अपील की भावना का प्रतीक है। देश भर के युवा इस अभियान गीत को अपने युवा मित्रों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के आह्वान के रूप में अपना रहे हैं।

इस पहल के तहत उच्च शिक्षा संस्थान (एचइआइ) देश भर में मतदाता जागरूकता कार्यकलापों का आयोजन कर रहे हैं और अधिक प्रतिनिधि लोकतंत्र के लिए मतदान करने के मूल्य पर जोर दे रहे हैं। जहां उच्च शिक्षा संस्थान वास्तविक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं, ऑनलाइन प्रतियोगिताएं भी माईगव प्लेटफॉर्म पर आयोजित की जा रही हैं, जिनमें ब्लॉग लेखन, पॉडकास्ट, वाद-विवाद आदि का आयोजन किया जा रहा है जिससे कि कंटेंट सृजन में रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया जा सके। कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, फ्लैश मौब्स तथा मतदाता संकल्प अभियान छात्रों को चुनावी प्रक्रिया की तरफ और अधिक आकर्षित कर रहे हैं तथा इन्हें इसके बारे में शिक्षित कर रहे हैं, जिसमें एनएसएस स्वयंसेवक तथा संस्थान के क्लब सक्रिय रूप से अभियान में हिस्सा ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री की अपील के जवाब में, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और मनोरंजन उद्योग सहित विभिन्न प्लेटफार्मों के प्रभावशाली लोग सक्रिय रूप से इस अभियान का समर्थन कर रहे हैं और पहली बार मतदाता बने युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। देश के कोने-कोने से खेल, मनोरंजन, व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ने वाले प्रमुख नाम इस संदेश को दूर-दूर तक फैलाने के लिए एक साथ आये हैं।

इस अभियान में जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद सिराज, अवनि लेखारा, सैखोम मीराबाई चानू जैसे मेरे साथी खिलाड़ी और अनिल कपूर, प्रोसेनजीत चटर्जी, रवीना टंडन, राणा डुग्गुबाती, कैलाश खेर, श्रेया घोषाल जैसी फिल्मी हस्तियां व रितेश अग्रवाल, बीवीआर मोहन रेड्डी जैसे उद्योग जगत के अगुआ और कई पद्म पुरस्कार विजेताओं ने भाग लिया है, जिससे यह अभियान मतदाता जागरूकता का एक राष्ट्रीय आंदोलन बन गया है।

यह जन आंदोलन युवाओं की आवाज की सामूहिक शक्ति और देश के लोकतांत्रिक परिदृश्य को आकार देने में उनकी सक्रिय भागीदारी के महत्व को रेखांकित करता है।

आइए हम इस जिम्मेदारी को उठाने और अपनी सामूहिक आवाज की ताकत का उत्सव मनाने के लिए एकजुट हों। आइए हम इस चुनौती को स्वीकार करें, आइए हम अपनी आवाज उठायें और आइए हम दूसरों को भी ऐसा करने के लिए सशक्त बनायें।

**(लेखक : भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट तथा पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के मौजूदा ओलंपिक एवं विश्व चैंपियन हैं। ये उनके व्यक्तिगत विचार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** छोटा गोविंदपुर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में महिला समूह के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह मजदूर नेता राजेश सामंत शामिल हुए। महिला समूह के द्वारा अतिथि का स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजेश सामन्त ने कहा हर एक समाज के लिए महिला सशक्तिकरण बहुत जरूरी है। साथ ही समाज मे महिलाओं को समानता का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा महिला समूह के द्वारा घरेलू महिलाओ को भी रोजगार से जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा होली हिंदू धर्म के लिए एक पवित्र त्यौहार है। होली पर्व बुराई पर सदा अच्छाई की जीत के प्रतीक है। इस अवसर पर शिवलाल लोहरा,सुलोचना लोहरा, संगीता सिंह,लक्ष्मण सिंह मुंडा, लड्डू सिंह, सूरज कैवरतो, मीना बारी, गुरुवारी देवी,पिंकी सिंह, गिरिवाला देवी, बबीता देवी, शारदा देवी, सुनीता शर्मा,संध्या देवी,आशा देवी, किरण देवी सहित सैकड़ो महिला मौजूद रही

# मुख्यमंत्री से मिले मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में जमशेदपुर और बोड़ाम प्रखंड के ग्रामीणों की मांग पर सड़क निर्माण के लिए विधायक मंगल कालिंदी ने पहल शुरू कर दी है। गुरुवार को विधायक ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात कर प्राथमिकता के आधार पर पथ निर्माण कराने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर जुगसलाई विधायक ने मुख्यमंत्री को 16 सड़कों की निर्माण के लिए एक ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से विधायक मंगल कालिंदी ने कहा जमशेदपुर प्रखण्ड के खुकड़ाडीह चौक से बड़ा गोविन्दपुर होते हुए दयाल सिटी तक पथ का मरम्मति व सुदृढ़ीकरण, वैद्यनाथडीह, बाछाई नाला से खैरबनी रेलवे फाटक तक पथ निर्माण, कासकोमगोड़ा चौक से वैद्यनाथडीह शांतिपुर तक पथ निर्माण, बाबनीडीह चौक से किस्कु के घर होते हुए निवारण मुर्मू के घर तक पथ निर्माण, खैरबनी आखाडा से फैक्ट्री तक पथ निर्माण,एनएच 33 में बागेश्वर मंदिर से कालाझोर, छिटकीबासा होतु हुए टैगरागोड़ा कैनाल तक पथ निर्माण, सारजमदा पुलिया से नाला किनारे होते हुए राहरगोड़ा जयश्री इन्टरप्राइजेज के आगे मोड़ तक। लाल किस्कु के घर के पास से डीवीसी मेन गेट तक और लक्खा सिंह के घर से राहरगोड़ा नाला तक पथ निर्माण, खकड़ीपाड़ा पंचायत के बड़ा गोविन्दपुर कैनल से जाहेरस्थान होते हुए बिना पानी स्कूल तक। सड़क निर्माण, जमशेदपुर प्रखण्ड के लुआबासा के ग्राम केशीकुदर में खेदाटाड़ फुटबॉल मैदान से गुरुकुल होते हुए हनुमान मंदिर तक लगभग 1 कलोमीटर सड़क का निर्माण, पंश्चिम हलुदबनी में शीतला चौक से सिद्धों- कान्हू चौक होते हुए सुन्दरनगर केनाल तक व त्रिवेणी चौक से तारा मंदिर होते हुए सिद्धों कान्हू चौक तक लगभग 01 किलोमीटर सड़क का निर्माण, पंश्चिम हलुदबनी में प्रथम नगर हड़िया भट्टी से लोकनाथ मंदिर होते हुए उज्ज्वल सुर के दुकान होते हुए टेम्पल रोड से हलुदबनी अंबिका बेनर्जी के घर तक लगभग 01 किलोमीटर सड़क का निर्माण,हलुदबनी जोवा रोड होते हुए सोनार तोड़ी बिल्डिंग होते हुए उज्ज्वल सुर के दुकान तक लगभग 01 किलोमीटर सड़क का निर्माण,मध्य हलुदबनी में छोटा हनुमान मंदिर से स्वर्णकार पाड़ा होते हुए छोलागोड़ा बिरसा चौक तक लगभग 1 किलोमीटर सड़क का निर्माण शामिल है।

# सविता महतो ने किया 93 करोड़ की लागत से बनने वाली ग्रामीण जलापूर्ति योजना का भूमिपूजन



**धुनाबुरु में योजना से 11 पंचायत के 9 हजार 9 सौ 65 परिवारों के बीच होगा जलापूर्ति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** चांडिल प्रखंड के धुनाबुरु में ग्रामीण जलापूर्ति योजना का भूमिपूजन गुरुवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा धुनाबुरु एवं आसन्न ग्रामो में ग्रामीण जलापूर्ति योजना का निर्माण 92 करोड़ 83 लाख रुपये कि लागत से किया जाएगा। विधायक ने कहा इस जलापूर्ति योजना से चांडिल प्रखंड के 6 पंचायत व ईचागढ़ प्रखंड के 5 पंचायत के 71 गांव व 9 हजार 9 सौ 65 परिवारों के बीच जलापूर्ति होगा। विधायक ने कहा इस जलापूर्ति योजना का निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगी। उन्होंने संवेदक को जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य ससमय व गुणवत्ता पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही विधायक सविता महतो ने इस प्रकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का स्वीकृति देने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व विभागीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सविता मार्डी, ग्राम प्रधान दिनबोंधु सिंग पातर, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, पशुपति बागची, बुद्धेश्वर महतो, भादरू सिंग मुंडा, अरुण महतो, लंबोदर महतो, अजित सिंह मुंडा, अनिल महतो, संजय महतो, कोटका कालिंदी आदि काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# इंडस्ट्रियल एरिया में सड़क निर्माण के लिए टेंडर निकलने पर उद्यमियों में हर्ष

आजाद सिपाही संवाददाता




**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया का पूरे देश भर में एक अलग पहचान है। इंडस्ट्रियल हब के नाम से जाना जाने वाले आदित्यपुर में सैकड़ो छोटी बड़ी कंपनियां स्थापित है। जहां हजारों हजार की संख्या में मजदूरो को रोजगार से जोड़ा गया है, लेकिन आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया के सड़के गड्ढे मे ताब्दिल होने से वारिस के दौरान दिक्कतें बढ़ने लगती है। । वारिस के दौरान गड्ढे में पानी जमने से बड़ी वाहन फसने और दुर्घटनाओं का संभावना बनी रहती है। इसको लेकर उद्यमियों ने कई बार डीसी और राज्य सरकार से मामले की शिकायत भी की थी, लेकिन कोई सुधार नही हो सका। उधर जिले के विधायक चंपई सोरेन मुख्यमंत्री बनने के बाद आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया के उद्यमियों का समय बदलने की आस जगी है। हालांकि झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग ने आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया के सड़कों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाने के लिए टेंडर भी निकाल दी है। पहले चरण में विभाग के द्वारा 40.46 करोड़ की लागत से कुल 5.918 किमी सड़क निर्माण के लिए 12 महीनों का लक्ष्य रखा गया है। टेंडर भरने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल है। वैसे वारिस के पूर्व सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र के उद्यमी, वाहन मालिक सहित रोजाना समय पर अपने कार्य क्षेत्र में पहुंचने वाले मजदूरों को भी काफी राहत मिलेगी। उधर सड़क बनने की टेंडर निकलने के बाद इसरो के अध्यक्ष रूपेश कतारिया ने सहित तमाम उद्यमियों ने खुसी जाहिर करते हुए झारखंड सरकार के प्रति आभार जताया। आजाद सिपाही के संवाददाता से वार्ता के दौरान अध्यक्ष रूपेश कतारिया ने बताया विगत तीन-चार सालों के अंतरकल के बाद आंतरिक सड़कों का निर्माण कार्य शुरू होना उद्यमियों के लिए हर्ष की बात है। उन्होंने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के प्रति तहे दिल से आभार व्यक्त की। उन्होंने कहा इस पुनीत कार्य में जियादा के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# झारखंड के शिक्षण संस्थानों में खड़िया भाषा की पढ़ाई की उठी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के खूंटी टोली आवास पर अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलो के पदाधिकारी/ सदस्य पहुंचे और मांगपत्र सौंपा। खड़िया समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार कक्षा 1 से लेकर स्नातकोत्तर तक में खड़िया भाषा की पढ़ाई की व्यवस्था करे। सरकार ऐसी व्यवस्था करे कि सीएनटी के अनुसार पूर्व में थाना की वैधता थी, उसे समाप्त करते हुए रांची में भी खड़िया समाज जमीन अपने नाम ले सके। यूनिवर्सिटी में भाषाई शिक्षकों की बहाली के लिए वेकैंसी निकाली गयी है, उसमें खड़िया भाषा शिक्षक के लिए भी आवेदन आमंत्रित किया जाये।

**टीएसी ने खड़िया भाषा की पढ़ाई का भरोसा दिया**

कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि मैंने टीएसी की बैठक में थाने की बाध्यता के मुद्दे को रखा। टीएसी की तरफ से सकारात्मक जवाब दिया गया है। खड़िया भाषा शिक्षक की वेकैंसी पर भी सकारात्मक जवाब मिला है। विधायक ने आश्वस्त किया कि वे खड़िया समाज सहित आदिवासी-मूलवासी के हक और अधिकार के लिए आवाज उठाते रहेंगे। विधायक ने बताया कि उन्हंने तेलंगा खड़िया की आदमकद प्रतिमा लगाने की मांग सदन में रखी है। इसे विधानसभा क्षेत्र में लगाया जायेगा। विधायक ने प्रतिनिधिमंडल से रांची आने को कहा जहां कल्याण मंत्री, कल्याण सचिव और मुख्यमंत्री से मुद्दों पर वार्ता की जायेगी।

**विधायक से प्रतिनिधमंडल ने मुलाकात की**

खड़िया समाज का प्रतिनिधिमंडल, विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात करने के लिए रांची आने पर राजी हो गया। मांग पत्र देने वालों में पूर्व महासोहर एवं वर्तमान सलाहकार जेम्स पी केरकेट्टा,महासोहोर पी कुलकांत केरकेट्टा, परगना सोहोर जोन अगुस्टीन टेटे, पूर्व सोहोर निकोलस किड़ो, वार्ड पार्षद रांची कुलभूषण डुंगडुंग, पूर्व डिप्टी कमिश्नर बजील कीड़ो, सचिव अलफोंस डुंगडुंग, कोषाध्यक्ष सुमन डुंगडुंग, मिडिया प्रभारी प्रफुल किड़ो, परगना सोहोर राफैल किड़ो, सदस्य माग्रेट बा, एम्मा केरकेट्टा, मरियानुस बा रांची, जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला उपाध्यक्ष जॉनसन मिंज,शिशिर मिंज, रावेल लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम,जमीर अहमद,जमीर हसन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में छात्र की मौत के बाद तीन घंटे सड़क जाम

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत सड़क हादसे एवं हादसा में मौत होना आम हो गया है। सड़क हादसे के बाद आक्रोश ग्रामीणो ने सड़क जाम करने को विवश हो रहे हैं जिसे पुलिस प्रशासन के पहल पर जाम हटाया जा रहा है ।पर यह समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है ।जिसका परमानेंट निजात के लिए ग्रामीण प्रशासन से कई बार बालूमाथ मुख्य मार्ग में भारी वाहनों के लिए दिन में नो एंट्री का मांग किया जा रहा है। पर अब तक यह मांग पूरी नहीं की गई है। जिसका खामियाजा क्षेत्र के ग्रामीण भुगत रहे हैं । कई एक्सीडेंट में घायल या मौत हो रही है वहीं दूसरी ओर सड़क जाम हो रहा है । ताजा मामला बीते बुधवार को विद्यालय से घर जा रहे 10 वर्षीय छात्र प्रकाश लोहरा का किसी अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया था जिससे छात्र का घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी इसके विरोध में बृहस्पतिवार को ग्रामीण और परिजन आक्रोषपुर थाना क्षेत्र के मकईया ताड़ पुलिस पिकेट के पास मृत छात्र का सड़क पर शव रख कर सड़क जाम कर दिया जिससे सड़क की दोनों ओर गाड़ियों की लंबे कतारे लग गई जाम स्थल पर बैठे ग्रामीण ने दिन में भारी वाहनों का मुख्य मार्ग से नो एंट्री एवं पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपया का आर्थिक सहयोग की मांग की गई थी पर पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अग्रसर पहल पर पीड़ित परिवार को त्वरित 20 हजार आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया एवं सरकारी प्रावधान के तहत लाभ देने के आश्वासन के बाद जाम हटाई गई।**

## सात वारंटी गिरफ्तार



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। पुलिस ने बुधवार देर रात छापामारी कर सात वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। विशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कोर्ट से वारंट निर्गत था। गुप्त सुचना पर वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार वारंटी जितेंद्र कुमार, भूकेंद्र साहू, मोती साहू, इसरार हुसैन, अलाउद्दीन अंसारी, सुलेमान शेख, मुखलाल राम पर विभिन्न मामला दर्ज है। कोर्ट के आदेशानुसार सभी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापामारी अभियान में एएसआई ज्वाला सिंह, एएसाई संजय महतो के साथ पुलिस बल शामिल थे।

## मधुमक्खियों के हमले में बुजुर्ग घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। बुका गांव निवासी रिझन राम 65 वर्ष गुरुवार को मधुमक्खियों के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों के द्वारा ईलाज के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। इस हमले में मधुमक्खियों के काटने से उनके शरीर के कई अंग में सूजन हो गया है।

# सांसद के खिलाफ गढ़वा भाजपा के 19 मंडल अध्यक्ष

- 27 में से 19 मंडल अध्यक्षों ने तीसरी बार उम्मीदवारी का किया विरोध
- मंडल अध्यक्ष नेतृत्व से उम्मीदवार बदलने की कर रहे मांग
- अंतरकलह से हो सकता है भाजपा को बड़ा नुकसान

बलराम शर्मा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखंडों के 19 मंडल अध्यक्षों ने गुरुवार को मेराल में बैठक कर आगामी लोकसभा चुनाव में सांसद बीडी राम को तीसरी बार प्रत्याशी बनाये जाने का विरोध करते हुए पलामू संसदीय क्षेत्र के स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता को लोकसभा का प्रत्याशी बनाने की मांग की है। बता दें कि मेराल में ही सांसद बीडी राम मेराल ग्राम रेलवे स्टेशन पर रांची चोपन एक्सप्रेस ठहराव पर हरी झंडी दिखा रहे थे, वहीं दूसरी तरफ जिले के 27 मंडल अध्यक्षों में से 19 मंडल अध्यक्ष सांसद बीडी राम के तीसरी बार उम्मीदवार बनाये जाने के विरोध में बैठक कर रहे थे। मंडल अध्यक्षों द्वारा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर बाहर के बीडी राम को तीसरी बार प्रत्याशी बनाये जाने का विरोध करते हुए स्थानीय कार्यकर्ता को लोकसभा उम्मीदवार बनाये जाने की मांग की है। साथ ही लोगों ने वर्तमान सांसद बीडी राम पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लगातार 10 साल सांसद रहने पर भी उनका व्यवहार जनप्रतिनिधि का नहीं बल्कि डीजीपी का ही है। अपने कार्यकाल में ये न तो जनता से जुड़ सके और न ही कार्यकर्ताओं को पहचान सके। मंडल अध्यक्षों ने चुनौती देते हुए कहा कि सांसद बीडी राम अपने सभी मंडल अध्यक्षों को पहचान लेंगे तो हम लोग राजनीति करना बंद कर देंगे। बैठक में उपस्थित 19 मंडल अध्यक्षों ने एक स्वर में कहा कि पार्टी द्वारा जब रायशुमारी की गयी थी, उसमें हम सभी लोग बीडी राम का नाम छोड़ कर अन्य तीन स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं का नाम दिया था, लेकिन हम सभी मंडल अध्यक्षों की सलाह को दरकिनार कर षड्यंत्र के तहत रायसुमारी को बदल कर पुनः बीडी राम का नाम भेज दिया गया। इतना ही नहीं सभी मंडल अध्यक्षों ने सांसद पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बेटी के नाम पर एनजीओ चलता है, जिसके माध्यम से सांसद निधि का सारा फंड खर्च किया जाता है जो जांच का विषय है। लोगों ने कहा कि अगर प्रत्याशी नहीं बदला गया तो हम लोगों का विरोध रुकेगा नहीं राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सड़क पर उतर कर विरोध करेंगे तथा पुतला दहन किया जायेगा। आवेदन की प्रतिलिपि राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, प्रदेश अध्यक्ष झारखंड, प्रदेश संगठन महामंत्री क्षेत्रीय संगठन मंत्री, प्रदेश प्रभारी झारखंड को प्रेषित किया गया है। विरोध करने वाले मंडल अध्यक्षों में उदय कुशवाहा मेराल उतरी, मनोज जायसवाल मेराल दक्षिणी बसंत प्रसाद रंका उतरी, उदय कुमार प्रजापति रंका दक्षिणी, कन्हाई प्रसाद केतार, योगेंद्र मेहता बरडीहा, अवध बिहारी गुप्ता बिशनपुरा, श्रवण चंद्रवंशी डंडई, संध्याकर विश्वकर्मा खरौंधी, लखन चौधरी डंडा दिलीप यादव सगमा विकास कुमार पांडे बंशीधर नगर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, शिवलाल सिंह चिनिया राजेश्वर ठाकुर भंडारिया सोना कुमार यादव भवनाथपुर बलजीत सोनी रमना, कुमार कनिष्क बंशीधर नगर, बजरंग प्रसाद बडगड़ अखिलेश यादव धुरकी, शामिल हैं।

## दाह संस्कार में शामिल हुए जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल अंतर्गत रमकंडा प्रखंड बीस सूत्रि उपाध्यक्ष सह हरहे पंचायत के मुखिया श्रवण प्रसाद कमलापुरी के पिता जी के दाह संस्कार कार्यक्रम में जिला बीस सूत्रि उपाध्यक्ष नितेश सिंह शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर रंका रमकंडा प्रखंड बीस सूत्रि अध्यक्ष राजकिशोर यादव, रंका प्रखंड बीस सूत्रि उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## झामुमो ने प्रखंड कमेटी का विस्तार किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी गढ़वा के द्वारा लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्दे नजर गढ़वा,रंका तथा रमकंडा का प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें गढ़वा से श्रीकांत दुबे और संजय चंद्रवंशी, रंका से शत्रुघ्न चंद्रवंशी और विवेक सिंह उर्फ छोटू सिंह तथा रमकंडा से संजय यादव को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनित किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष तनवीर आलम ने मनोनय पत्र प्रदान किया। जिला सचिव मनोज ठाकुर ने सभी को पार्टी के प्रति समर्पित होकर कार्य करने और सबों को साथ लेकर चलने को कहा। जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष श्री नितेश सिंह ने सभी को संगठन के प्रति जवाबदेह होकर पूरी निष्ठा के साथ पार्टी के लिए कार्य करने के लिए कहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से केंद्रीय समिति सदस्य शरीफ अंसारी, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष फुज़ैल अहमद, रंका अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, बिरबंधा मुखिया अजय ठाकुर, युवा मोर्चा जिला प्रवक्ता कार्तिक पांडेय, रंका विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, चुतरू मुखिया खालिद अंसारी, जगदीश टोप्पो, रंका युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दीपक सोनी, तालिब अंसारी, इमरान अंसारी, शमसीर आलम, मुक्कदर अंसारी, इफ्तेखार अंसारी सहित पार्टी के लोग मौजूद थे।

## रंका झामुमो प्रखंड अध्यक्ष का आभार प्रकट किया




रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड पंचायत सहायक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में झारखंड के चंपाई सोरेन सरकार के द्वारा मासिक प्रोत्साहन राशि के रूप में 2500 रुपये और स्वयंसेवक से नाम बदलकर पंचायत सहायक करने की खुशी में रंका झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता को माला पहनाकर और बुके देकर पंचायत सहायकों ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पंचायत सहायकों ने कहा कि झारखंड के चंपाई सोरेन सरकार ने उनकी सुधी ली और सम्मान दिया है। इस मौके पर अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने सभी पंचायत सहायक सहायकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस मौके पर झामुमो प्रखंड सचिव इरफान अंसारी, झामुमो युवा अनुमंडल उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, पंचायत सहायक कमेटी के अध्यक्ष राजेद्र कुमार, उपाध्यक्ष राजन कुमार ठाकुर, सचिव योगेंद्र प्रजापति, कंचनपुर पंचायत सहायक नंदू राम, रंका के अमरेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पंचायत स्वयंसेवकों को प्रोत्साहन राशि देने के फैसले पर बड़गड़ और भंडरिया में जश्न



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के द्वारा कैबिनेट की बैठक में पंचायत सचिवालयों में कार्यरत पंचायत स्वयंसेवकों का नाम बदलकर पंचायत सहायक करने और प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रतिमाह 2500 रुपया देने के फैसले पर बड़गड़ व भंडरिया प्रखंड के पंचायत सहायकों ने बुधवार को जमकर अबीर गुलाल उड़कर अपनी खुशी का इजहार किया। भंडरिया पंचायत के मुखिया विनय सिंह उप मुखिया रविंद्र सिंह झामुमों प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की व कांग्रेस नेता अशोक प्रसाद को अबीर गुलाल लगाते हुए लड्डू खिलाकर झारखंड के महागठबंधन की सरकार का आभार व्यक्त किया। पंचायत सहायक शंभू कुमार ठाकुर ने कहा कि झारखंड के हम सभी पंचायत स्वयंसेवक भाई-बहन अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर पिछले 253 दिनों से लगातार राज भवन के समक्ष धरना प्रदर्शन पर बैठे थे। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने हम सबो की कष्ट को समझते हुए हमारी कुछ मांगों को पूरा कर दिये। जिसके लिए मैं उनका दिल से आभार व्यक्त करता हूं। मौके पर देवानंद कुमार पंचायत सहायक प्रखंड अध्यक्ष अभय कुमार सिंह, निशा कुमारी, विनोद प्रजापति श्रवण ठाकुर, शंभु ठाकुर, दशरथ सिंह, मनोज आदि पंचायत सहायक उपस्थित थे।

# अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई

- अवैध शराब बना रहे लोगों की जानकारी पुलिस को दें, की जायेगी कार्रवाई: थाना प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** डंडई थाना क्षेत्र के रारो गांव में थाना प्रभारी जनार्दन राउत के नेतृत्व में बुधवार की रात अवैध शराब कारोबारियों के घरों छापामारी की गयी। उस दौरान पुलिस द्वारा बरामद 35 किलो से अधिक जावा महुआ जब्त कर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। साथ ही बरामद तैयार महुआ का शराब को भी बहाकर नष्ट कर दिया गया तथा शराब बनाने का सभी उपकरण व डब्बा आदि सामान को विनष्ट किया गया। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रारो पुरानी पंचायत भवन के आसपास कई घरों में अवैध शराब बनाने का कार्य चल रहा है। इसी के आलोक में यह कार्रवाई की गयी। बताया कि पुलिस की आने की भनक लगते ही धंधे से जुड़े लोग भागने में सफल रहा। उन्होंने कहा कि इस धंधे में संलिप्त लोगों को कड़ी चेतावनी देकर सुधारने का एक बार अवसर दिया गया है। इनमें अगर सुधार नहीं हुआ तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब भट्ठी का संचालन होने से लोग शराब का सेवन कर आपस में ही मारपीट व झगड़ा झंझट कर लेते हैं और छोटी-छोटी बातों को लेकर थाना पहुंचते हैं। यदि क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार बंद करवा दिया तो शराब के नशे में होने वाले छोटी-मोटी मामलों को लेकर लोग थाना नहीं पहुंचेंगे। साथ ही शराब का सेवन करने वाले लोगों का घर परिवार में झगड़ा झंझट भी कम होगा। छापेमारी अभियान के दौरान पुलिस ने ग्रामीणों से कहा कि गांव में अवैध शराब बना रहे लोगों की जानकारी हम लोगों को दें, उनका नाम गोपनीय रखा जायेगा। छापेमारी अभियान के दौरान एएसआई हरे कृष्णा प्रसाद सहित अन्य शामिल थे।

# आठ करोड़ से बनने वाली सड़क का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** रमना प्रखंड के बुल्का पंचायत भवन से अतियारी गांव तक आठ करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने किया। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि पिछले दो सप्ताह से प्रखंड सहित पूरे विधानसभा में दर्जनों सड़कों का शिलान्यास कार्यक्रम किया गया है। कहा कि आने वाले दिनों में बुल्का के ग्रामीणों को जर्जर सड़क से मुक्ति मिलेगी। कहा कि स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में हो रहे परेशानी को देखते हुये प्राथमिकता के आधार पर यह सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल के दौरान सड़को का जाल बिछाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीने के पानी से लेकर खेतो सिंचाई हेतू पानी पहुंचाने सहित अनेकों करोड़ों रुपए का कार्य पूरा होने जा रही है। कहा कि राज्य के झामुमो सरकार पूरी तरह फेल चुकी है। आने वाले दिनों में भाजपा के केंद्र सहित राज्य में अपना सरकार बनायेगी। मौके पर मुखिया अनीता देवी, मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी, विधायक प्रतिनिधि रुपनारायण यादव, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमित प्रकाश ने भी संबोधित किया। मौके पर थाना प्रभारी असफाक आलम, सुमन गुप्ता, जोखू सिंह, राजेश सिंह, शंकर चंद्रवंशी रामकेवल पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि पंकज सिंह ने किया।

# रांची-चोपन एक्सप्रेस का ठहराव मेराल में शुरू, सांसद ने दिखायी हरी झंडी

आजाद सिपाही संवाददाता




सांसद बीडी राम ट्रेन को हरी झंडी दिखाते हुए।

**मेराल।** रांची चोपन एक्सप्रेस का ठहराव मेराल ग्राम रेलवे स्टेशन पर गुरुवार से शुरू हो गया। इस मौके पर सांसद बीडी राम ने एक्सप्रेस के ड्राइवर को मिठाई खिलाकर, फूल माला पहना कर तथा हरी झंडी दिखाकर गाड़ी को रवाना कराया। मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा लोगों की मांग पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मेराल ग्राम रेलवे स्टेशन पर रांची चोपन एक्सप्रेस की ठहराव के लिए पत्राचार किया तथा व्यक्तिगत रूप से आग्रह किया था। उस प्रस्ताव की मंजूरी उन्होंने दे दी। इसके लिए सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को क्षेत्र की जनता की ओर से आभार प्रकट किया। साथ हीं उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि वर्तमान में रेलवे की सुदृढ़ीकरण एवं विकास के लिए 7000 करोड़ का प्रोजेक्ट चल रहा है। उन्होंने कहा कि अमृत योजना के तहत कई स्टेशनों को आक्षादित किया जा रहा है तथा केवल पलामू प्रमंडल में 2000 करोड़ रुपये की लागत से कई विकास कार्य चलाए जा रहे हैं। बता दें कि चोपन से रांची जाते समय मेराल ग्राम रेलवे स्टेशन पर प्रातः 10:18 बजे आयेगी तथा 10:20 बजे प्रस्थान करेगी, जबकि रांची से चोपन जाने के क्रम में अपराह्न 2:33 बजे गाड़ी आयेगी तथा 2:35 बजे प्रस्थान करेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडे, भाजपा के जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, सूरज गुप्ता, चंदन जायसवाल, स्टेशन प्रबंधक मिथिलेश कुमार, स्टेशन मास्टर पी पी गुप्ता, पी तिवारी, बी प्रकाश, मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी, चंद्रमणि पाठक सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

## अधौरा में बाहरी गर्भगृह ढलाई का कार्य प्रारंभ

भवनाथपुर(आजाद सिपाही)। प्रखंड के पंडरिया गांव स्थित मां करतल शक्ति पीठ मांडर महारानी मंदिर अधौरा में बाहरी गर्भगृह का ढलाई का कार्य गुरुवार को प्रारंभ किया गया। जिसमें चपरी, सराइया, पंडरिया, अधौरा, बेलपहाडी, धनीमंडरा तथा सिंघीताली के धर्म सज्जन और माता बहन ने ढलाई में श्रमदान किया। ढलाई कार्य में उपस्थित मांडर महारानी मंदिर के अध्यक्ष रामनाथ साह, उपाध्यक्ष रामप्रसाद सिंह, सचिव भानु गुप्ता, कोषाध्यक्ष नागेन्द्र यादव, संयोजक उमेश्वर साह, महावीर साह सहित ग्रामीण ने श्रम दान में सहयोग किया।

झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

64वीं औपबंधिक सूची
जिलाः—हजारीबाग

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड / वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–2910/24<br>2. आवेदक–अवधेश करमाली उर्फ अवधेश कुमार<br>3. पिता–सुधू करमाली उर्फ सिधु कुमार<br>4. ग्राम–बासाडीह पोस्ट–हेन्देगढ़ा<br>5. थाना–चरही प्रखण्ड–चुरचू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–46 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटा का निशान। | माण्डू थाना काण्ड सं0 06/91 | नहीं | कारण :– आयोग के मा0 द्वय सदस्य द्वारा स्थानीय जांच उपरान्त प्रेषित प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 10.01.1996 को झमकिस के 50–60 कार्यकत्ताओं द्वारा अलग झारखण्ड की मांग को लेकर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झमकिस<br>जेल की अवधि–05 दिन। | कंडिका 2(viii)(a) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–2911/24<br>2. आवेदक–रतन रजवार<br>3. पिता–खिटलाल रजवार उर्फ खीटक रजवार<br>4. ग्राम–बासाडीह पोस्ट–हेन्देगढ़ा<br>5. थाना–चरही प्रखण्ड–चुरचू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–47 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में कटा का निशान। | माण्डू थाना काण्ड सं0 06/91 | नहीं | कारण :– आयोग के मा0 द्वय सदस्य द्वारा स्थानीय जांच उपरान्त प्रेषित प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 10.01.1996 को झमकिस के 50–60 कार्यकत्ताओं द्वारा अलग झारखण्ड की मांग को लेकर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झमकिस<br>जेल की अवधि–05 दिन। | कंडिका 2(viii)(a) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–2912/24<br>2. आवेदक–रथु भुईया<br>3. पिता–स्व0 दशई भुईया<br>4. ग्राम–बासाडीह पोस्ट–हेन्देगढ़ा<br>5. थाना–चरही प्रखण्ड–चुरचू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिना ठेहुना में कटे का निशान। | माण्डू थाना काण्ड सं0 06/91 | नहीं | कारण :– आयोग के मा0 द्वय सदस्य द्वारा स्थानीय जांच उपरान्त प्रेषित प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 10.01.1996 को झमकिस के 50–60 कार्यकत्ताओं द्वारा अलग झारखण्ड की मांग को लेकर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झमकिस<br>जेल की अवधि–05 दिन। | कंडिका 2(viii)(a) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–2913/24<br>2. आवेदक–जगदीश महतो<br>3. पिता–स्व0 कैलाश महतो<br>4. ग्राम–कारूखाप पोस्ट–हेन्देगढ़ा<br>5. थाना–चरही प्रखण्ड–चुरचू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–64 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बायें हाथ में खोदा का निशान। | माण्डू थाना काण्ड सं0 06/91 | नहीं | कारण :– आयोग के मा0 द्वय सदस्य द्वारा स्थानीय जांच उपरान्त प्रेषित प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 10.01.1996 को झमकिस के 50–60 कार्यकत्ताओं द्वारा अलग झारखण्ड की मांग को लेकर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झमकिस<br>जेल की अवधि–05 दिन। | कंडिका 2(viii)(a) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–2914/24<br>2. आवेदक–महादेव महतो<br>3. पिता–स्व0 बाढो महतो उर्फ बुरहो महतो<br>4. ग्राम–बासाडीह पोस्ट–हेन्देगढ़ा<br>5. थाना–चरही प्रखण्ड–चुरचू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–65 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–ललाट पर चोट का निशान। | माण्डू थाना काण्ड सं0 06/91 | नहीं | कारण :– आयोग के मा0 द्वय सदस्य द्वारा स्थानीय जांच उपरान्त प्रेषित प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 10.01.1996 को झमकिस के 50–60 कार्यकत्ताओं द्वारा अलग झारखण्ड की मांग को लेकर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झमकिस<br>जेल की अवधि–05 दिन। | कंडिका 2(viii)(a) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–2915/24<br>2. आवेदक–संतोष करमाली<br>3. पिता–धानेश्वर करमाली<br>4. ग्राम–बासाडीह पोस्ट–हेन्देगढ़ा<br>5. थाना–चरही प्रखण्ड–चुरचू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–45 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–गर्दन में मासा का दाग। | माण्डू थाना काण्ड सं0 06/91 | नहीं | कारण :– आयोग के मा0 द्वय सदस्य द्वारा स्थानीय जांच उपरान्त प्रेषित प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 10.01.1996 को झमकिस के 50–60 कार्यकत्ताओं द्वारा अलग झारखण्ड की मांग को लेकर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झमकिस<br>जेल की अवधि–05 दिन। | कंडिका 2(viii)(a) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–2916/24<br>2. आवेदक–राज कुमार ठाकुर<br>3. पिता–स्व0 सोमर ठाकुर<br>4. ग्राम–कारूखाप पोस्ट–हेन्देगढ़ा<br>5. थाना–चरही प्रखण्ड–चुरचू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–54 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही। | माण्डू थाना काण्ड सं0 06/91 | नहीं | कारण :– आयोग के मा0 द्वय सदस्य द्वारा स्थानीय जांच उपरान्त प्रेषित प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 10.01.1996 को झमकिस के 50–60 कार्यकत्ताओं द्वारा अलग झारखण्ड की मांग को लेकर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झमकिस<br>जेल की अवधि–05 दिन। | कंडिका 2(viii)(a) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–2917/24<br>2. आवेदक–सुकूल रजक<br>3. पिता–विदेशी रजक उर्फ सुरेश रजक<br>4. ग्राम–बासाडीह पोस्ट–हेन्देगढ़ा<br>5. थाना–चरही प्रखण्ड–चुरचू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने तरफ नाक में तिल। | माण्डू थाना काण्ड सं0 06/91 | नहीं | कारण :– आयोग के मा0 द्वय सदस्य द्वारा स्थानीय जांच उपरान्त प्रेषित प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 10.01.1996 को झमकिस के 50–60 कार्यकत्ताओं द्वारा अलग झारखण्ड की मांग को लेकर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झमकिस<br>जेल की अवधि–05 दिन। | कंडिका 2(viii)(a) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–2918/24<br>2. आवेदक–राजकुमार राम<br>3. पिता–मिनेश्वर राम<br>4. ग्राम–कारूखाप पोस्ट–हेन्देगढ़ा<br>5. थाना–चरही प्रखण्ड–चुरचू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–55 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित | माण्डू थाना काण्ड सं0 06/91 | नहीं | कारण :– आयोग के मा0 द्वय सदस्य द्वारा स्थानीय जांच उपरान्त प्रेषित प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 10.01.1996 को झमकिस के 50–60 कार्यकत्ताओं द्वारा अलग झारखण्ड की मांग को लेकर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झमकिस<br>जेल की अवधि–05 दिन। | कंडिका 2(viii)(a) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–2919/24<br>2. आवेदक–जयलाल तुरी<br>3. पिता–चमदु तुरी<br>4. ग्राम–कारूखाप पोस्ट–हेन्देगढ़ा<br>5. थाना–चरही प्रखण्ड–चुरचू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–55 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित | माण्डू थाना काण्ड सं0 06/91 | नहीं | कारण :– आयोग के मा0 द्वय सदस्य द्वारा स्थानीय जांच उपरान्त प्रेषित प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 10.01.1996 को झमकिस के 50–60 कार्यकत्ताओं द्वारा अलग झारखण्ड की मांग को लेकर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झमकिस<br>जेल की अवधि–05 दिन। | कंडिका 2(viii)(a) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–2920/24<br>2. आवेदक–जोध ठाकुर उर्फ जोधन ठाकुर<br>3. पिता–स्व0 बढन ठाकुर<br>4. ग्राम–कारूखाप पोस्ट–हेन्देगढ़ा<br>5. थाना–चरही प्रखण्ड–चुरचू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–62 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित | माण्डू थाना काण्ड सं0 06/91 | नहीं | कारण :– आयोग के मा0 द्वय सदस्य द्वारा स्थानीय जांच उपरान्त प्रेषित प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 10.01.1996 को झमकिस के 50–60 कार्यकत्ताओं द्वारा अलग झारखण्ड की मांग को लेकर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झमकिस<br>जेल की अवधि–05 दिन। | कंडिका 2(viii)(a) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–2921/24<br>2. आवेदक–सुरेश तुरी<br>3. पिता–लच्छु तुरी<br>4. ग्राम–कारूखाप पोस्ट–हेन्देगढ़ा<br>5. थाना–चरही प्रखण्ड–चुरचू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–55 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित | माण्डू थाना काण्ड सं0 06/91 | नहीं | कारण :– आयोग के मा0 द्वय सदस्य द्वारा स्थानीय जांच उपरान्त प्रेषित प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 10.01.1996 को झमकिस के 50–60 कार्यकत्ताओं द्वारा अलग झारखण्ड की मांग को लेकर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झमकिस<br>जेल की अवधि–05 दिन। | कंडिका 2(viii)(a) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–2922/24<br>2. आवेदक–मोहन तुरी<br>3. पिता–अघन तुरी<br>4. ग्राम–कारूखाप पोस्ट–हेन्देगढ़ा<br>5. थाना–चरही प्रखण्ड–चुरचू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–56 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित | माण्डू थाना काण्ड सं0 06/91 | नहीं | कारण :– आयोग के मा0 द्वय सदस्य द्वारा स्थानीय जांच उपरान्त प्रेषित प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 10.01.1996 को झमकिस के 50–60 कार्यकत्ताओं द्वारा अलग झारखण्ड की मांग को लेकर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झमकिस<br>जेल की अवधि–05 दिन। | कंडिका 2(viii)(a) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–2923/24<br>2. आवेदक–विजय प्रसाद<br>3. पिता–स्व0 बालदेव प्रसाद उर्फ बालदेव साव<br>4. ग्राम–बासाडीह पोस्ट–हेन्देगढ़ा<br>5. थाना–चरही प्रखण्ड–चुरचू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–47 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने हथेली पर तिल का निशान। | माण्डू थाना काण्ड सं0 06/91 | नहीं | कारण :– आयोग के मा0 द्वय सदस्य द्वारा स्थानीय जांच उपरान्त प्रेषित प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 10.01.1996 को झमकिस के 50–60 कार्यकत्ताओं द्वारा अलग झारखण्ड की मांग को लेकर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झमकिस<br>जेल की अवधि–05 दिन। | कंडिका 2(viii)(a) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य
(नरसिंह मुर्मू) सदस्य
(दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 322652 Home(23-24)#D

पूर्व विधायक पर हल्ला बोला, रंगदारी बंद करने और ठेकेदारी में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने पर ध्यान लगाने की दी नसीहत

# पांकी को झारखंड का सबसे विकसित विस क्षेत्र बनाने का है प्रयास: विधायक

**दो दिन में किया 10 सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने दो दिन में 10 सड़कों का शिलान्यास किया। नीलाम्बर पीतांबरपुर, सतबरवा प्रखंड के ग्राम धावाडीह से रेवारातु पंचायत भवन तक, ग्राम दरूवा मेन रोड से सेरंगदग भाया बंजारी तक, नीलाम्बर पिताम्बरपुर प्रखंड के सांगबार मेन रोड से दलित मुहल्ला, डैम कुंवर बांध तक, डबरा से सांगबार तक, पटखेलिया से डबरा तक. जबकि पांकी प्रखंड के बराज से लोहरसी तक, ग्राम डंडार कला में डंडार खुर्द तक, तेतराई पक्की सड़क से टईया बसरिया, दलित टोला से बांकी कला तक, सुरजवन चंदरपुर सिवान होते हुए सकल्दीपा तक, ग्राम भरी में पीडब्ल्यूडी रोड से हुरलॉग गोगड़ तक, आसेहार पीपल चौक से भंवरदह सिवान बनई तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि गांव को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने के लिए पांकी विधानसभा में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। कहा कि मेरा प्रयास है कि पांकी विधानसभा राज्य का सबसे विकशित विधानसभा क्षेत्र बने। अच्छी सड़को से ही विकास का मार्ग खुलता है, इसलिए मेरा प्रयास रहता है कि पांकी विधानसभा के सभी गांवों में पक्की सड़क हो। उन्होंने पूर्व विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि ठेकेदार हो ठेकेदारी करो, गुणवत्ता पूर्ण काम करो। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं। कहा कि प्राक्कलन का घोटाला कर पेटी कॉन्ट्रेक्ट पर काम होता था। गुणवत्ता पूर्ण काम नहीं होने से ही दूब छतरपुर का पुल बह गया। गरगावं का पुल कार्यपालक अभियंता ने घटिया निर्माण की बात कह तोड़ने का आदेश जारी किया बावजूद निर्माण कार्य जारी है। अब पांकी विधानसभा में दबंगई नहीं चलेगी। रंगदारी करने वालों को सुधरना होगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, साधु मांझी, प्रसिद्ध सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मिंटी वर्मा, सुनील प्रसाद गुप्ता, कमेश यादव, यशवंत कुमार मेहता, कार्तिक सिंह, अखिलेश चंद्रवंशी, ज्ञानी सिंह, सतेंद्र सिंह, रामप्रवेश सिंह, धर्मेन्द्र मेहता आदि उपस्थित थे।



सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

## विधायक ने रखी सड़क की आधारशिला



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** मेदिनीनगर के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने गुरुवार को सदर प्रखंड में मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत कसिया से पंचायत सचिवालय लहलहे तक पथ निर्माण की आधारशिला रखी। उक्त योजना करीब एक करोड़ की लागत से पूरी होगी। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की सड़क बनाने की पुरानी मांग को उन्होंने पूरा किया। कहा कि किसी भी क्षेत्र के लिए सड़क विकास में अपनी भागीदारी निभाती है। आज का यह तीसरा सड़क का शिलान्यास है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, मो शमीम, अजय उरांव, समाजिक कार्यकर्ता आशिष कुमार सिन्हा, मुखिया पुनम देवी, अवधेश पासवान, दामोदर तिवारी, राजेंद्र चौधरी, पूर्व जिप सदस्य अर्जुन सिंह आदि मौजूद थे।

## बीडीओ और आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका पर आदिवासी महिलाओं ने लगाया गाली-गलौज करने का आरोप

**गोलबंद होकर हुसैनाबाद थाने में की लिखित शिकायत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के बनियाडीह बराही पंचायत के कामत उरांव टोला निवासी शकूंती उरांव ने बीडीओ सह प्रभारी सीओ व आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका परगाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए हुसैनाबाद थाने में लिखित आवेदन दी है। जिसमें बताया गया कि 12 मार्च को उत्क्रमित मध्य विद्यालय कामत उरांव टोला में आंगनबाड़ी सेविका चयन के लिए आम सभा बुलाई गई थी। जिसमें दर्जनों महिलाएं-पुरुष शामिल थे। सेविका चयन के पूर्व 29 नवंबर 2023 को आम सभा के माध्यम से सर्वसम्मति से उसका चयन किया गया था। सुपरवाइजर किरण कुमारी ने कहा थआ कि चयन लेटर देने में थोड़ा समय लगेगा। पर अचानक उस सभा के चयन को निरस्त कर दोबारा सभा की जा रही थी। जिसमें उपस्थित ग्रामीणों ने फिर से उनके नाम का प्रस्ताव रखा। इतना सुनते ही बीडीओ रोशन कुमार व आंगनबाड़ी सुपरवाइजर किरण कुमारी अपना आपा खो बैठे और जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने लगे। कहा कि वे लोग जिसको चाहेंगे उसी का चयन होगा। बात नहीं मानने पर सभी को फंसाने की धमकी देने लगे। इस संबंध में आंगनवाड़ी पर्यवेक्षिका किरण कुमारी ने भी हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर उक्त गांव के सात लोगों पर सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है।



## बिहार-झारखंड सीमा क्षेत्र की अनुमंडलीय पुलिस की संयुक्त बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई है। गुरुवार को छत्तरपुर एसडीएम हीरा कुमार, एसडीपीओ नौशाद आलम, एलआरडीसी विजय केरकेट्टा और औरंगाबाद सदर एसडीपीओ संजय कुमार पांडे ने हरिहरगंज थाना स्थित एनएच 98 पर बने अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट का जायजा लिया। बाद में छत्तरपुर और औरंगाबाद सदर एसडीपीओ ने सीमावर्ती थाना प्रभारियों के साथ संयुक्त बैठक की। इस दौरान शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कार्य निष्पादन के लिए आपसी समन्वय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वहीं सूचनाओं के आदान-प्रदान, आपसी तालमेल व अपराधियों के धर-पकड़ में सहयोग करने पर बल दिया गया। बैठक में खासकर शराब तस्करी के खिलाफ आपसी तालमेल स्थापित कर अभियान चलाने की बात कही गई। छत्तरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार-झारखंड सीमा पर स्थित छत्तरपुर व औरंगाबाद अनुमंडल के एसडीपीओ और सीमावर्ती थाना प्रभारियों के साथ निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इसी के आलोक में आगे की कार्यवाई होगी। बैठक में हरिहरगंज थाना प्रभारी चन्दन कुमार, छत्तरपुर प्रभारी थाना प्रभारी राहुल कुमार, पीपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार, नौडीहा बाजार थाना प्रभारी गोपाल कृष्णा, औरंगाबाद जिले के अंतर्गत अम्बा थाना अध्यक्ष राहुल राज, पीएसआई आकाश कुमार, कुटुम्बा थाना अध्यक्ष अकलेश्वर सिंह, ढिबरा थाना अध्यक्ष रितेश उपाध्याय, एसआइ कमलापति मिश्रा, नवीनगर थाना अध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डे तथा डुमरिया थाने की पुलिस आदि शामिल थे।



## लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक


**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारी के साथ बैठक की। उन्होंने वाहन कोषांग की समीक्षा करते हुए नोडल पदाधिकारी से वाहन कोषांग द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की। बताया गया कि प्राइवेट बस ऑनर्स एसोसिएशन और पेट्रोल पंप संचालको के साथ बैठक कर ली गयी है। रुट चार्ट की अधियाचना कार्मिक कोषांग, बीडीओ एवं सीओ से मांगी गयी है। इस पर डीसी ने डीटीओ को वाहनों की जितनी भी आवश्यकता है उतनी उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करने की बात कही। इसके बाद उन्होंने ईवीएम, वीवीपैट कोषांग की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ईवीएम के प्रथम व द्वितीय रेंडमाइजेशन, सीलिंग एंड कमिश्निंग, ईवीएम की सुरक्षा, डिस्पैच आदि की समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिया। इसी क्रम में निर्वाचन कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गयी, इसमें डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान बनाने एवं इसी के अनुरूप निर्वाचन कार्य संपादित किए जाने पर बल दिया। इसी तरह कार्मिक कोषांग की भी समीक्षा की गयी। मौके पर डीडीसी रवि आनंद, अपर समाहर्ता, सहायक समाहर्ता आदि उपस्थित थे।



## निर्माणाधीन हाइवे के डायवर्सन में टेलर फंसने से यातायात पांच घंटे तक बाधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेहला थाना क्षेत्र के कधवन गांव के समीप गुरुवार तड़के तीन बजे एक टेलर डायवर्सन में अचानक फंस गया। जिससे करीब पांच घंटे तक हाइवे पर आगमन ठप हो गया। डायवर्सन के दोनों तरफ करीब तीन किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी। जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस के हस्तक्षेप के बाद जाम को हटाया गया। थाना प्रभारी संतोष कुमार दास ने बताया कि टेलर बड़ा होने के कारण संकीर्ण डायवर्सन में मुड़ने के दौरान फंस गया था। जिससे दोनों तरफ का आवागमन ठप हो गया था। बाद में जेसीबी मशीन की मदद से किसी तरह टेलर को वहां से हटाया गया तब जाकर आवागमन सामान्य हुआ।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### सुबेदार अक्षय सिंह बने पूर्व सैनिक सेवा परिषद् हुसैनाबाद के पेंशन पदाधिकारी



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद् के हुसैनाबाद कार्यालय में गुरुवार को एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कैप्टन दुखन सिंह और संचालन लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने किया। बैठक में पीछले महीने गोरखा रेजिमेंट से सेवानिवृत्त हुए सुबेदार अक्षय कुमार सिंह को सर्वसम्मति से पेंशन पदाधिकारी नियुक्त किया गया। पूर्व में यहां के पूर्व सैनिकों को पेंशन संबंधी समस्याओं में सुबेदार कामख्या नारायण सिंह की मदद लेनी पड़ती थी। लेकिन अब उनके ही मार्गदर्शन में सुबेदार अक्षय कुमार सिंह पूर्व सैनिकों, वीर नारी एवं आम सेवानिवृत्त पेंशनधारकों के पेंशन संबंधी विसंगतियों पर काम करेंगे। इस बैठक में पूर्व सैनिकों ने होली मिलन समारोह मनाने का भी निर्णय लिया। जो 23 मार्च को कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह के आवास पर आयोजित होगा। इससे पूर्व बैठक में उपस्थित संगठन संरक्षक कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत को अग्रणीय देश की श्रेणी में रखने को तैयार है जिसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जाता है। हम सभी सैनिकों को वन रैंक पेंशन वन पेंशन सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराया है इसके लिए हम सभी सैनिकों के तरफ से उन्हें धन्यवाद देते हैं। बैठक में सतेन्द्र ठाकुर, गौरीशंकर ठाकुर, सुमेर सिंह, महाराज सिंह, अशर्फी पाल, उदित चौधरी व प्रसाद सिंह आदि उपस्थित थे।

### बेनिकला में ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बेनिकला पंचायत में ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन पथरा एसबीआई ब्रांच के मैनेजर अजित कुमार गुप्ता, मुखिया श्रवण पासवान, सीएचसी के जिला मैनेजर अरविंद कुमार और नागेंद्र कुमार आदि ने किया। इस अवसर पर अजित गुप्ता ने सीएसपी के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि लोगों को खाता खोलने और जमा निकासी करने में सहूलियत होगी। कहा कि आज के परिवेश में बैंकों का महत्व काफी बढ़ गया है। विद्यार्थी, किसान, व्यवसायी, मजदूर समेत सभी वर्ग के लोगों को इस ग्राहक सेवा केंद्र से काफी लाभ मिलेगा। कृषि, शिक्षा, पेंशन के लिए लोगों को बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। ग्राहकों को सभी तरह की सुविधाएं ग्राहक सेवा केंद्र से उपलब्ध कराये जाएंगे। सीएसपी का नए रुल एंड रेगुलेशन में ग्राहक सेवा केंद्र से ही लोगों को लोन देने का काम करेगी। वहीं ग्राहक सेवा केंद्र की संचालिका अरुणा वर्मा ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर रंजीत वर्मा, शशिकांत वर्मा, रामनाथ मेहता, जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा, विश्वनाथ सिंह और रमेश मेहता आदि मौजूद थे।

### एलसीएम कॉलेज एंड अस्पताल में दो दिवसीय नेत्र चिकित्सा शिविर आज से



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद अंतर्गत नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में निःशुल्क दो दिवसीय नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन शुक्रवार से शुरू होगा। इसकी जानकारी एलसीएम कॉलेज एंड हॉस्पिटल के संस्थापक सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने दिया। उन्होंने बताया कि सर्वेश्वरी समूह धार्मिक संस्था के गुरुपद संभव राम जी के जन्मोत्सव पर इस पुनीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें विशेषज्ञ नेत्र सर्जन द्वारा अत्याधुनिक फेको पद्यति से 100 मोतियाबिंद मरीजों का लेंस प्रत्यारोपण कर उन्हें रौशनी प्रदान की जायेगी। इसके लिए नेत्र मरीजों का गुरुवार को जांच कर ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। विधायक ने लोगों से शिविर में आकर नेत्र जांच करने की अपील की।

### लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** सोना सोबरन योजना के तहत विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 16 में लाभुकों के बीच गुरुवार को विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी व समाजसेवी विजय कुमार रवि ने संयुक्त रूप से धोती-साड़ी और लूंगी का वितरण किया। लगे हाथ चना दाल और नमक भी दिया गया। राजन पांडेय ने कहा कि सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा है। वहीं, पूनम देवी ने कहा कि गरीबों को उनका हक दिलाने का प्रयास आगे भी जारी रहेगा। मौके पर जनवितरण प्रणाली विक्रेता सुषमा देवी, राहुल कुमार, गणेश राम, रंजित कुमार आदि मौजूद थे।

### रासलीला में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** उटारी रोड प्रखंड मुख्यालय के सिरहा ग्राम स्थित प्राचीन चमत्कारिक शिवसंपत धाम मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर रात में जारी रासलीला श्रद्धालुओं और दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बृंदावन से आए कलाकारों द्वारा राधा-कृष्ण की विभिन्न लीलाओं की भावपूर्ण प्रस्तुति से लोग भावविभोर हो जा रहे हैं। खैरांचल के दर्जनों ग्राम के सैकड़ो लोग रासलीला कलाकार की मोहक प्रस्तुति देखने पहुंच रहे हैं। बुधवार की रात को बालक कृष्ण के बालसखा के साथ माखन चोरी की लीलाओं की कलाकारों द्वारा जीवंत प्रस्तुति से सभी मंत्रमुग्ध थे। स्थानीय महिला श्रद्धालुओं ने रासलीला मंच पर जाकर गोदभराई की रस्म अदा की। इससे पहले जिला पार्षद सह शिवसंपत धाम विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद सिंह और छत्तीसगढ़ में पदस्थापित डीएसपी ब्रजेश तिवारी ने भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप की आरती उतारकर रासलीला का शुभारंभ किया। अरविंद सिंह ने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में भी रासलीला और रामलीला मंचन की प्रासंगिकता ग्रामीण क्षेत्रों में तनिक भी कम नहीं हुई है। ब्रजेश तिवारी ने कहा कि भगवान की लीलाओं के मर्म को समझने की जरूरत है। मौके पर मंदिर समिति के पदाधिकारी रघुवीर सिंह यादव, अगस्त तिवारी, बाबू राम दीक्षित, विश्वंभर दीक्षित, डॉ योगी सिंह, सुनील सिंह आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स




मुंबई के वानखेड़े मैदान में गुरुवार को मुंबई ने विदर्भ को 169 रनों से हराकर रणजी ट्रॉफी 2023-24 अपने नाम कर लिया। मुंबई की टीम आठ साल बाद चैंपियनय बनी है।

## बृजभूषण की टीम डोप टेस्ट में फंसाने की कर रही तैयारी

### पहलवान विनेश फोगाट का बड़ा खुलासा

**कहा : कमेटी के सदस्य आए थे लेट**

**झज्जर (एजेंसी)।** देश की अंतर्राष्ट्रीय पहलवान विनेश फोगाट ने एक बार बृजभूषण पर जुबानी हमला करते हुए बड़ा खुलासा किया है। ओलंपिक क्वालीफायर में ट्रायल के लिए जहां बजरंग ट्रायल हार गए तो वहीं अपने भार वर्ग में विनेश को भी हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, विनेश 50 किलो भार में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं, लेकिन ट्रायल के दौरान उन पर हंगामा करने के आरोप लगे हैं। इस बीच विनस फोगाट ने आरोप लगाया कि वृजभूषण की टीम उन्हें टोप टेस्ट के झूठे मामले में फंसाने की कोशिश कर रही है।



### 8 साल बाद बने चैंपियन : मुशीर खान प्लेयर ऑफ द फाइनल

## मुंबई ने जीती 42वीं रणजी ट्रॉफी, विदर्भ को 169 रन से हराया

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई ने रणजी ट्रॉफी 2023-24 का खिताब जीत लिया है। मुंबई ने फाइनल मुकाबले में विदर्भ को 169 रन के बड़े अंतर से हराया। यह मुंबई का 42वां रणजी खिताब है। टीम 8 साल के इंतजार के बाद चैंपियन बनी है। मुंबई ने आखिरी खिताब 2015-16 के सीजन में जीता था। आखिरी दिन 538 रन के टारगेट का पीछा कर रही विदर्भ की टीम दूसरी पारी में 368 रन ही बना सकी। वानखेड़े मैदान पर गुरुवार को विदर्भ ने अपने आखिरी 5 विकेट दूसरे सेशन में गंवा दिये। लंच तक टीम का स्कोर 333/5 रहा। अक्षय वाडकर 102 और हर्ष दुबे 65 रन बनाकर आउट हुए। दोनों के बीच 130 रनों की पार्टनरशिप हुई। इन दोनों के आउट होते ही टीम बिखर गई। मुंबई की पहली पारी में 136 रन बनाने वाले मुशीर खान ने 2 विकेट लिये। उन्हें प्लेयर ऑफ द फाइनल चुना गया। वहीं, विदर्भ की दूसरी पारी में अक्षय वाडकर (102 रन) ने शतकीय पारी खेली, जबकि हर्ष दुबे (65 रन) ने अर्धशतक जमाया। इनसे पहले, करुण नायर ने 74 रन का योगदान दिया। मुंबई की ओर से मुशीर के अलावा, तुषार देशपांडे को 2 और तनुश कोटियन ने 4 विकेट झटके। शम्स मुलानी और धवल कुलकर्णी को एक-एक विकेट मिला।




### मुंबई ने 538 रन का लक्ष्य दिया था

मेजबान मुंबई ने विदर्भ को 538 रन का टारगेट दिया था। टीम ने अपनी दूसरी पारी में 418 रन बनाये। मुंबई को पहली पारी में 119 रन की बढ़त मिली थी। इस प्रकार विदर्भ को 538 रन का टारगेट मिला। वहीं, विदर्भ पहली पारी में महज 105 रन पर सिमट गयी। इससे पहले, मुंबई ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते

## गिरिडीह व कोडरमा पुलिस ने अभियान चलाकर दबोचा

# अपहरण, हत्या व लूट में शामिल अपराधी पप्पू शर्मा हुआ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** हत्या, लूट और अपहरण के कई मामलों में वांछित अपराधी पप्पू शर्मा को गिरिडीह व कोडरमा पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पप्पू शर्मा के पास से एक देशी कट्टा व कारतूस भी बरामद किया है। गुरुवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को गिरिडीह और कोडरमा एसपी को संयुक्त रूप से सूचना मिली थी कि विभिन्न आपराधिक कांडो में आरोपित जमुआ के चरघरा निवासी कुख्यात अपराधी पप्पू शर्मा गिरिडीह के आसपास कहीं छिपकर रह रहा है। इसी सूचना के आधार पर उन्होंने खोरीमहुआ एसडीपीओ नीरज कुमार सिंह और कोडरमा पुलिस के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन कर चरघरा के आस-पास जाल बिछाया और पप्पू शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार पप्पू शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार पप्पू शर्मा के खिलाफ धनवार, बिरनी, इचाक, जमुआ, पचंबा सहित कई थानों में विभिन्न संगीन धाराओं के तहत कई मामले दर्ज हैं। पुलिस उसकी लंबे समय से तलाश कर रही थी। वहीं, छापामारी टीम में पुलिस उपाधीक्षक कैलाश महतो, जमुआ अंचल पुलिस निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, कोडरमा डोमचाच अंचल पुलिस निरीक्षक बिनोद कुमार, जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार, कोडरमा तकनिकी शाखा प्रभारी सह पुलिस अवर निरीक्षक अब्दुला खान, कोडरमा तिलैया थाना पुलिस अवर निरीक्षक निताय चन्द्र साहा, जमुआ थाना के पुलिस अवर निरीक्षक रोहित कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल शामिल थे।



पकड़े गए आरोपित की जानकारी देते एसपी दीपक शर्मा व अन्य।

## पुलिस पर लगा आदिवासी किशोरी से अभद्रता का आरोप, लोगों में आक्रोश

**महुदा (आजाद सिपाही)।** धर्माबांध ओपी पुलिस पर आदिवासी किशोरी को जबरन घर में घुसकर घसीटते हुए पुलिस वैन में बिठाने व जाती सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली गलौज किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर पीड़िता ने ओपी प्रभारी को लिखित शिकायत दी हैं। उसने आवेदन में बताया हैं कि गत बुधवार की शाम धर्माबांध ओपी के छोटा बाबू दिग्विजय सिंह व उनके साथ तीन अन्य सिपाही बिना किसी सूचना व शिकायत के शराब की तलाशी के नाम पर अचानक उसके घर में घुस गए और बड़ी बहन व भाई को अभद्र भाषा का प्रयोग कर घसीटते हुए पुलिस वैन में बिठाकर बस्ती के नीचे ले गये। ओपी पुलिस ने उसके घर पर तोड़फोड़ भी की। उधर, शोर शराबा सुनकर गांव के लोग जुटने लगे। तब पुलिस ने उनसब को सुनसान जगह पर पुलिस वैन से धक्के देकर उतार दिया व भागने लगे। ग्रामीणों द्वारा पुलिस वैन का घएराव कर पूछताछ करने पर पुलिस कर्मियों के साथ नोकझोंक भी हुई थी। इस घटना से ग्रामीणों में पुलिस के प्रति काफी रोष हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी सूचना व शिकायत के छोटा बाबू आदिवासी बालिका के घर घुसकर गाली-गौलोज किये हैं। यही नहीं, घसीटते हुए पुलिस वैन में बिठाया। ग्रामीणों के दबाव पर घंटो बाद सहायक अवर निरीक्षक सुभाष चंद्र शाह की उपस्थिति में तीनों पीड़ित को वापस उनके घर लाया गया। उधर, घटना के बाद पीड़िता ने मुखिया पति धीरेन रवानी, उपमुखिया पति राजेंद्र बेसरा व ग्रामीणों की उपस्थिति में थाने में शिकायत दर्ज कराई है।


### कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

Tender Reference No. : RCD/KODERMA/305/2024 दिनांक :-14.03.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत " डोमचांच–ढाब पथ के कि0मी0 0.00 से 16.40 कि0मी0(कुल लम्बाई–16.40 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य" वित्तीय वर्ष 2023–24 |
| 2. | प्राक्कलित राशि | Rs. 12,56,95,400.00(बारह करोड़ छप्पन लाख पनचानवे हजार चार सौ रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि | Rs. 12,57,000.00 (बारह लाख संतावन हजार रूपये) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03(तीन) माह। |
| 5. | बेवसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि। | 19.03.2024, 10:30 बजे से। |
| 6. | बिड प्राप्ति की अन्तिम तिथि | 26.03.2024, 12.00 बजे तक। |
| 7. | बिड खुलने की तिथि | 28.03.2024, 12.30 बजे तक। |
| 8. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय ,प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |
| 9. | हेल्प लाइन नं0 | 0651-2446002 |

पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिये UCAN निबंधन आवश्यक है।

***Further details can be seen on website*** http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR 322704 Road(23-24)#D


## महत्वपूर्ण न्यूज

### बेरमो विधायक ने किया आंगनबाड़ी केंद्र भवन का ऑनलाइन शिलान्यास



**बोकारो थर्मल/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह ने डीएमएफटी मद से ईटभट्टा हरिजन टोला में बनने वाले आंगनबाड़ी केंद्र का गुरुवार को ऑनलाइन शिलान्यास किया। यह योजना लगभग 11 लाख 72 हजार रुपए की लागत से पूरी होगी। यहां गोविंदपुर ई पंचायत के मुखिया बीएन महतो एवं पंचायत समिति सदस्य अनिता देवी ने नारियल फोड़ कर शिलान्यास समारोह की शुरूवात की। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि यहां ईट भट्टा के इस हरिजन टोला में आंगनबाड़ी भवन की अति आवश्यकता थी। यहां के बच्चे जर्जर सामुदायिक भवन में पढ़ने को विवश थे। इस अवसर पर संवेदक उमेश सिंह सहित सेविका आरती देवी, सुनीता महतो, रामटहल महतो, सुनिल महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए टुंडी विधायक



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** महावीर नगर गायत्री परिवार के नेतृत्व में धनबाद के भुदा स्थित रानी रोड़ स्थित श्रीश्री दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से 12 मार्च से ही 24 कुंडीय राष्ट्र जागरण अभियान के तहत गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा के साथ ही विराट दीप यज्ञ आयोजित किया जा रहा है। जिसमें गुरुवार को टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो भी शामिल हुए। साथ ही गायत्री परिवार की माताओं बहनों को संबोधन किया। मौके पर बसंत महतो, जिला संगठन सचिव मदन महतो, महानगर अध्यक्ष मंटु कुमार चौहान, आशीष गोराई, रामबृछ साव, लखन स्वामी, छोटू पंडित, मिथिलेश सिंह और राजेश महतो आदि थे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो प्रखंड कार्यालय सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सीओ संजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव के कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न कराने को लेकर सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। सीओ ने सभी कोषांग को सुचारू रूप से कार्य करने का निर्देश दिया। इसमें सभी आवंटित कार्यों का समय से निस्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही आचार संहिता का किसी तरह उलंघन ना हो उसे ध्यान में रखते हुए शक्ति से उसका सभी लोग पालन करे। कहा कि सभी पदाधिकारी और कर्मी चुनाव को देखते हुए जो भी कार्य सौंप गए हैं उसका पूरी जिम्मेवारी के साथ निर्वहन करने का कार्य करेंगे। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लोकसभा चुनाव में सभी मतदाता बढ़ चढ़कर शिरकत करें और अपने मत का उपयोग कर अपने पसंदीदा उम्मीदवार का चयन करें। कहा कि मतदाता के दौरान अगर किसी प्रकार की कठिनाई हो रही है तो अपने-अपने मतदान केंद्र से संबंधित बीएलओ से संपर्क कर इसका निष्पादन करें। कहा कि मतदाता चुनावी महापर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और वोट प्रतिशत का रिकॉर्ड बनाकर लोकतंत्र को मजबूत करे। लोकसभा चुनाव के कार्यों को सूचारू रूप से संपन्न कराने के लिए बेरमो प्रखण्ड में कंट्रोल रूम, हेल्प लाइन नंबर और शिकायत कोषांग का गठन किया गया। किसी प्रकार की सहायता अथवा शिकायत के लिए किशन मुण्डा - 6203105648, अनुप कुमार 8709383805 से संपर्क किया जा सकता है। मौके पर जीपीएस मिथिलेश पांडेय, नगर प्रबंधक कुमार निशांत, सोनुकांत वर्मा, उमेश कुमार, प्रकाशचंद्र करमाली, समीर हांसदा, महमुदुल हसन, संजय पांडेय, पुष्पा सिंह, मधु सिंह, मनोज कुमार दास, प्रियंका कुमारी, अजीत कुमार साह आदि उपस्थित थे।

### मजदूर नेता की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** मजदूरों के मसीहा व झारखंड प्रदेश जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वर्गीय छोटन सिंह की तीसरी पुण्यतिथि पर कुमारधुबी स्टेशन रोड स्थित कमल कुटीर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर लोगों ने श्रद्धांजलि दी। मौके पर उनके भाई सह मुखिया चंदेश्वर सिंह, पुत्र डब्ल्यू सिंह, दीपू सिंह, पप्पू सिंह, राजकुमार सिंह, जदयू महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पुष्पा पाण्डेय, निवर्तमान नगर अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी, उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, राजकुमार पाण्डेय, मुन्ना सिंह आदि थे।

## चुनाव में भड़काऊ संदेश और बाधा पहुंचाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**पुलिस विभाग की ओर से जारी किया गया हेल्पलाइन नंबर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्षपूर्ण और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन के निर्देश पर धनबाद पुलिस लगातार तैयारियों को मुकम्मल करने में जुटी है। चुनाव को भयमुक्त व निष्पक्षता से संपन्न कराने के लिए धनबाद पुलिस व्यवस्था को लगातार मजबूत करने में प्रयासरत है। इसी कड़ी में धनबाद पुलिस की ओर चुनाव से संबंधित शिकायत एवं निगरानी के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। किसी तरह की समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर 0326 - 2311217 एवं मोबाइल नंबर 8210840901 पर संपर्क कर चुनाव से संबंधित गड़बड़ी की सूचना अथवा शिकायत की जा सकती है। हेल्पलाइन नंबर पर पुलिस को सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी। हेल्पलाइन नंबर जारी करने के साथ ही धनबाद पुलिस ने अपनी चौकसी बढ़ा दी है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। सड़क, रेलवे स्टेशन व बस पड़ाव पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्र मैथन में इंटर स्टेट पुलिस चेकपोस्ट भी स्थापित किया गया है जहां बंगाल से आने वाले सभी वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक संदेश पोस्ट करने के साथ ही लाइक, कमेंट व शेयर करने वालो के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही जा रही है।

## पुटकी से बोरागढ़ पुल तक लगने वाली स्ट्रीट लाइट का शिलान्यास

**पुटकी (आजाद सिपाही)।** धनबाद नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 स्थित पुटकी से बोरागढ़ पुल तक लगने वाले स्ट्रीट लाइट का शिलान्यास सहायक नगर आयुक्त सन्नी कुमार, निवर्तमान पार्षद देवाशीष पासवान, पुटकी चेंबर अध्यक्ष हीरालाल शर्मा एवं महासचिव मूर्तजा अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। इस असर पर निवर्तमान पार्षद ने कहा कि पुटकी से बोर्रागढ़ की सड़क में अंधेरा पसरा रहता था। पिछले कई वर्षों से वार्ड के लोगों की पुरानी मांग थी जिसे काफी प्रयासों के बाद आज धरातल पर उतारा जा सका। वहीं, विभाग के सहायक अभियंता जयकुमार महतो ने बताया इस सड़क पर करीब 200 स्ट्रीट लाइट एवं बसीर मोड़ पर एक हाई मास्क लाइट लगाया जाएगा। मौके पर जेई दीपक कुमार, सुभाष पासवान, निरंजन शर्मा, रामप्रताप शर्मा, शिवनंदन पासवान आदि थे।

## आयुष्मान डायग्नोस्टिक में लगी आग, अफरा तफरी

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बैंक मोड़ थाना अंतर्गत धनसार चौक के समीप आरएमएस बिल्डिंग में संचालित आयुष्मान डायग्नोस्टिक में गुरुवार को आग लग गई। देखते ही देखते पूरे परिसर में धुआं फैल गया। जिससे जांच कराने आए मरीजों में अफरातफरी मच गई। आनन फानन में अनूप सहित अन्य कर्मियों ने सीज फायर से आग बुझाने का प्रयास किया। वहीं खबर पाकर दमकल भी पहुंची। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। उधर, आग लगने से सीटी स्कैन सहित एक्सरे मशीन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

## खुद मतदान करने एवं दूसरों को भी प्रेरित करने का लिया संकल्प

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करना आवश्यक: एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विजया जाधव के निर्देश पर कोषांग की ओर से लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को कैंडल मार्च निकाला गया। जिसमें जिले के सभी वरीय पदाधिकारी/कर्मी एवं काफी संख्या में आमजन शामिल हुए। कैंडल मार्च समाहरणालय परिसर से रवाना होकर, गरगा पुल,चेक पोस्ट चास होते हुए पुनः अमृत पार्क के समीप आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर एसपी पूज्य प्रकाश ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करना आवश्यक हैं। उन्होंने चुनाव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की बात कहीं। वहीं, डीडीसी संदीप कुमार ने मतदान के लिए मुख्य रूप से दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के लिये उपलब्ध कराई जाने वाली विशेष सुविधाएं, सक्षम एप के माध्यम से दिव्यांग मतदाता अपने लिये व्हीलचेयर या अन्य सहायक उपकरण के लिये अनुरोध करने की जानकार दी।

वहीं, मीडिया कोषांग की वरीय पदाधिकारी सह डीपीएलआर मेनका एवं स्वीप कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया ने सभी मतदाताओं से लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाते हुए अपना मतदान करने का आह्वान किया। कहा कि मतदाताओं के सक्रिय सहभागिता से ही लोकतंत्र परिष्कृत और समृद्ध बनता है। इस मौके पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हम भारत के लोग... संगीत को प्रसारित किया गया। वहीं, एसपी की अगुवाई में उपस्थित सभी को *मतदाता प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस अवसर पर स्वीप के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, साकेत कुमार पांडेय, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज मणि, हेमलता आदि उपस्थित थे।




### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, SIMDEGA.

**e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. WRD/MID/SIMDEGA/F2-15/2023-24 Date :- 14/03/2024**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Name of the work:- Construction of Single Checkdam on Sukhajor Nala Block-Kurdeg | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of Tender Paper (Rs.) |
| | | 87,08,500.00 | 1,74,200.00 | 10,000.00 |
| 2. | Time of Completion. | 335 days (11 Month) | | |
| 3. | Date of Publication of Tender on website | 18/03/2024 (2:00PM.) | | |
| 4. | Last date/Time for submission of Bids (online) | 05/04/2024 (up to 5:00 PM.) | | |
| 5. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (http://jharkhandtenders.gov.in ) 05/04/2024 (up to 5:00 PM.) | | |
| 6. | Date of opening of e-tender | 08/04/2024 ( 02.00 PM) | | |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | EXECUTIVE ENGINEER,MINOR IRRIGATION, DIVISION,SIMDEGA. | | |
| 8(a) (b) | Contact no. of Procurement officer E-mail of e-procurement Officer | 7004377291 midivsimdg@gmail.com | | |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell. | 0651-2491232 | | |

**Note :-(1) Only e-Tenders will be accepted.**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,
M.I.Division,Simdega.**

PR 322624 (Minor Irrigation)23-24*D



### कार्यालय जिला परिषद, खूँटी।

कार्यालय आदेश सं०–30/2023–24 दिनांक–13.03.2024

अति अल्पकालीन बन्दोवस्ती हेतु आमसूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–02.12.2023 को जिला परिषद्, खूँटी की बैठक में लिए गए निर्णय एवं विभागीय आदेश संख्या–2713 दिनांक–30.12.2022 के आलोक में निम्नांकित स्थावर संपत्ति कर्रा, तोरपा, रनियां एवं खूँटी प्रखण्ड में नवनिर्मित गोदामों को किराये पर आवंटित किया जाना है। उक्त आवंटन निलामी के माध्यम से अधिकतम बोली लगाने वाले को किया जाएगा।

विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र० | गोदाम का नाम | प्रखण्ड का नाम | निमार्ण का कुल क्षेत्रफल (वर्ग फुट) में | न्यूनतम निर्धारित किराया प्रतिमाह प्रतिवर्ग फीट | अग्रधन की राशि | आवेदन पत्र की राशि (वापसी योग्य नही) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | कर्रा गोदाम | कर्रा | कुल क्षेत्रफल 2285 sq.ft | 06 रू० प्रतिवर्ग फीट | (50,000.00) पचास हजार रू० | 500.00 पाँच सौ रू० | |
| 2 | तोरपा गोदाम | तोरपा | कुल क्षेत्रफल 2285 sq.ft | 06.50 रू० प्रतिवर्ग फीट | (50,000.00) पचास हजार रू० | 500.00 पाँच सौ रू० | |
| 3 | रनियां गोदाम | रनियां | कुल क्षेत्रफल 2285 sq.ft | 05.08 रू० प्रतिवर्ग फीट | (50,000.00) पचास हजार रू० | 500.00 पाँच सौ रू० | |
| 4 | खूँटी गोदाम | खूँटी | कुल क्षेत्रफल 2285 sq.ft | 05.08 रू० प्रतिवर्ग फीट | (50,000.00) पचास हजार रू० | 500.00 पाँच सौ रू० | |

उपरोक्त प्रखण्डों में नवनिर्मित गोदामों को किराये पर आवंटित करने हेतु अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति में खुली बोली के माध्यम से आवेदन आमंत्रित की जाती है। दिनांक– 21/03/2024 को 02.00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/व्यक्ति कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन मुहरबंद लिफाफे में आवेदन जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदनों का निष्पादन दिनांक–21.03.2024 को अपराह्न 3.00 बजे गठित चयन समिति के समक्ष की जायेगी। इच्छा की अभिव्यक्ति समर्पित करने वाले इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/प्रोपराइटर/अध्यक्ष/ सचिव/स्वयं बैठक में उपस्थित रहेंगे। इच्छा की अभिव्यक्ति में भाग लेने संबंधित नियम एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र प्रारूप कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट एवं विभागीय वेबसाईट http://www.khunti.nic.in में अवलोकन किया जा सकता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, खूँटी।

PR 322681 District(23-24)D



### झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
### ई–प्रोक्युरमेंट सूचना

**अतिअल्पकालीन ई० निविदा सूचना संख्या RDD/SD/SIM/11/2023-24**

ग्रामीण कार्य विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदकों से Double Bid System अन्तर्गत निम्नांकित योजनाओं के लिए ई० निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केरसई प्रखण्ड के राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय केरसई में प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम निर्माण। | 83,04,550.00 | 166500.00 | 10000.00 | छः माह |
| 2 | कुरडेग प्रखण्ड के राजकीयकृत मध्य वि द्यालय करमडीह, कुरडेग में प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम निर्माण। | 83,04,550.00 | 166500.00 | 10000.00 | छः माह |
| 3 | बोलबा प्रखण्ड के एस०एस० +2 उच्च विद्यालय बोलबा में प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम निर्माण। | 83,04,550.00 | 166500.00 | 10000.00 | छः माह |
| 4 | बानो प्रखण्ड के एस०एस० +2 उच्च विद्यालय बानो में प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम निर्माण। | 83,04,550.00 | 166500.00 | 10000.00 | छः माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 15.03.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में।
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 15.03.2024 से दिनांक 21.03.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, सिमडेगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –22.03.2024 अपराह्न 4:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।
7. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं० –9060405905 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाश नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।

PR 322562 Rural Development(23-24)D

# आइआइटी भुवनेश्वर ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की उपलब्धि का मनाया जश्न

'चिप्स फॉर विकसित भारत' विषय पर किया एक विशेष सत्र का आयोजन.

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान (आईआईटी)भुवनेश्वर देश के सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए उच्चतम पैमाना स्थापित करने वाले महत्वपूर्ण अवसर का हिस्सा बना । भारतीय सेमीकंडक्टर मिशन के साथ तालमेल बिठाते हुए और भारत में सेमीकंडक्टर सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने तीन सेमीकंडक्टर सुविधाओं की आधारशिला रखी। ये सुविधाएं हैंः धोलेरा, गुजरात में भारत की पहली फैब सुविधा और साणंद, गुजरात और मोरीगांव, असम में आउटसोर्स असेंबली एंड टेस्टिंग (ओएसएटी) सुविधाएं। आईआईटी भुवनेश्वर के छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने लाइवस्ट्रीमिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम को देखा। इस अवसर को चिह्नित करने तथासेमीकंडक्टर क्षेत्र पर संवेदनशीलता फैलाने के लिए, आईआईटी भुवनेश्वर ने 'चिप्स फॉर विकसित भारत' पर एक सत्र का भी आयोजन किया। सत्र के दौरान सेमीकंडक्टर उद्योग पर और इस क्षेत्र में आईआईटी भुवनेश्वर में चल रही गतिविधियों पर विचार-विमर्श और प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर बोलते हुए, आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रोफेसर श्रीपाद कर्मलकर ने सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी की अनूठी विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए एक भाषण दिया। उन्होंने बताया कि यह एक पूंजी गहन उच्च तकनीक है जिसमें कठोर प्रसंस्करण शर्तों के तहत सामग्री का प्रसंस्करण शामिल है और लागत प्रभावी उत्पादों का उपयोग करना आसान है जो अत्यधिक विश्वसनीय हैं और उच्च प्रदर्शन वाले हैं। हालाँकि, चूँकि विज्ञान अपने विकास में अनुभववाद से पहले आया था, इसलिए इसके प्रबंधन में शामिल कर्मियों को अमूर्त सिद्धांत और अंतःविषय ज्ञान सीखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर श्री मानस रंजन पांडा, विशेष सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी विभाग, ओडिशा सरकार और ओसीएसी के प्रबंध निदेशक भी उपस्थित थे। उन्होंने सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विकास की दिशा में ओडिशा में की जा रही विभिन्न पहलों पर बात की। उन्होंने इस क्षेत्र में आगे के अनुसंधान और प्रगति के लिए आईआईटी भुवनेश्वर के साथ सहयोग करने की रुचि भी व्यक्त की।

इस उपलक्ष्य पर आधारीय विज्ञान विद्यापीठ के प्रो. पी.वी. सत्यम ने भुवनेश्वर में सेमीकंडक्टर इको-सिस्टम पर बात की। इसके साथ-साथ डॉ. विजय शंकर पासुपुरेड्डी, एसोसिएट हेड (इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) ने आईआईटी भुवनेश्वर में सेमीकंडक्टर गतिविधि पर चर्चा की।

## जेएसपी परिसर में मना राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** जिंदल स्टील एंड पावर अंगुल परिसर में 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। सुरक्षा सप्ताह के समापन दिवस पर श्री मनोज मिश्र संयुक्त निदेशक, फैक्ट्रीज एंड बॉयलर्स, मुख्य अतिथि थे, जबकि श्री पंकज मल्हन परियोजना कार्यकारी निदेशक जेएसपी अंगुल सम्मानित अतिथि थे। इस अवसर पर श्री मनोज मिश्र ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के गठन और राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस / सप्ताह मनाने के महत्व और उद्देश्य और सभी कर्मियों के लिए सक्रिय सुरक्षा उपायों और प्रभावी जोखिम प्रबंधन को सुनिश्चित करने के बारे में बात की । इस कार्यक्रम में अंगुल परियोजना के प्रमुख और कार्यकारी निदेशक पंकज मल्हन ने सुरक्षा रिपोर्ट कार्ड और जेएसपी के सुरक्षा विभाग द्वारा शून्य हानि के लिए उठाए गए विभिन्न उपायों को प्रस्तुत करते हुए सुरक्षा शपथ दिलाई। लौह और कच्चे माल के प्रबंध निदेशक दामोदर मित्तल ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के महत्व पर प्रकाश डाला और विशेष रूप से उच्च ऊंचाई और सड़कों पर काम करते समय हमेशा सुरक्षा और सावधानी बरतने की अनिवार्यता व्यक्त की। इस अवसर पर स्टील कंस्ट्रक्शन के अध्यक्ष अतुल दुबे और ईवीपी श्री शंकर ने भी सुरक्षा पर जोर दिया और सभी को अपनी सुरक्षा के साथ-साथ अपने सहयोगियों की सुरक्षा पर हमेशा ध्यान देने की सलाह दी।

# रूमेटोलॉजिस्ट डॉ अजीत कुमार सुरीन अब प्रॉमिस हेल्थ केयर में भी अपनी सेवाएं देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते डॉ अजीत कुमार सुरीन और डॉ दीपक वर्मा।

**रांची।** रूमेटोलॉजिस्ट डॉ अजीत कुमार सुरीन अब प्रत्येक महीने में एक बार प्रॉमिस हेल्थ केयर में अपनी सेवाएं देंगे। डॉ सुरीन ने सीएमसी वेल्लोर से रूमेटोलॉजिस्ट में विशेषज्ञता हासिल है। वर्तमान में वे अपोलो भुवनेश्वर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह जानकारी प्रॉमिस हेल्थ केयर के डायरेक्टर सह वरिष्ठ ओर्थोपेडिक सर्जन डॉ दीपक वर्मा ने दी। इस मौके पर रूमेटोलॉजिस्ट डॉ अजीत कुमार सुरीन भी मौजूद थे। डॉ सुरीन ने कहा कि वर्तमान समय में हड्डी से जुड़ी कई बीमारी के कारण लोग परेशान हैं। इनमें से एंकिलॉजिंग स्पांडिलाइटिस है। इसे एक्सियल स्पांडिलऑर्थराइटिस के रूप में भी जाना जाता है। अर्थराइटिस के मरीजों को काफी महंगी जांच, महंगी दवाओं का सामना करना पड़ता है। प्रॉमिस हेल्थ केयर में यह प्रयास है कि लोगों को सस्ता औप अच्छा इलाज मिले। डॉ सुरीन ने अर्थराइटिस और एंकिलॉजिंग स्पांडिलाइटिस जैसी बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस मौके पर डॉ दीपक वर्मा ने बताया कि अर्थराइटिस और एंकिलॉजिंग स्पांडिलाइटिस जैसी बीमारी के शिकार लोगों को बाहर जाना पड़ता था, लेकिन अब उन्होंने वेल्लोर नहीं जाना होगा। क्योंकि यहां से जाने पर सीएमसी वेल्लोर के डॉक्टर भी यही कहते हैं कि रांची के प्रॉमिस हेल्थ केयर में डॉ अजीत कुमार सुरीन को ही दिखा लें। इच्छुक मरीज या उनके परिजन डॉ अजीत सुरीन को दिखाने के लिए प्रॉमिस हेल्थ केयर के फोन नंबर 9102888999 या 7909018096 पर संपर्क किया जा सकता है।


रांची विश्वविद्यालय, रांची
(NAAC Accredited B++)
www.ranchiuniversity.ac.in

शुभकामना संदेश
33वें दीक्षांत समारोह के मौके पर समस्त छात्र एवं छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हार्दिक शुभकामनाएं
(डॉ. अजीत कुमार सिन्हा)
कुलपति
रांची विश्वविद्यालय, रांची

मानविकी संकाय भवन
बहुद्देशीय परीक्षा भवन
इंस्टीच्यूट ऑफ लीगल स्टडीज

आज और कल की आवश्यकताओं को साधने हेतु आयोजित हमारे नानाविध रोजगार-परक व भविष्योन्मुखी कोर्स

1. M.B.A
2. M.C.A
3. M.Sc in Electronics & Communication
4. M.Sc. in Biotechnology
5. M.A. in Public Administration
6. M.A. in Journalism & Mass Comm.
7. L.L.M
8. Human Rights Education
9. M.A. in Rural Development
10. M.A in Jyotir Vigyan
11. M.A. in Archeology & Musiology
12. M.Sc. in Yogic Science
13. M.A./M.Sc. in Clinical Psychology
14. M.Sc. Environmental Science
15. M.A. in Fashion Design & Management Course
16. Performing & Fine Arts.- Music,Dance,Theatre & Fine Arts
17. M.A. in Counselling Psychology
18. Post Graduate Diploma in Medicinal Plant
19. Post Graduate Diploma in Guidance and Counselling Course
20. P.G. Diploma Course in Yogic Sc.
21. Forestry, Wild Life and Climate Change
22. Institute of Foreign Language Studies
23. Geology- Geo- Informatics, Gemology, Mineral Exploration, Global Sustainability & Climate Change
24. Radio Khanchi- 90.4 FM- (Radio Jockey) Copy Writer, Sound Producer, Radio Management.
25. Cyber Security

विश्वविद्यालय के यशस्वी अंगीभूत कॉलेज

1. Ranchi Women's College, Ranchi
2 Marwari College, Ranchi
3. Doranda College, Ranchi
4. J.N. College, Dhurwa, Ranchi
5. S.S. Memorial College, Ranchi
6. R.L.S.Y. College, Ranchi
7. K.C.B. College, Bero
8. Birsa College, Khunti
9. Mandar College, Mandar
10. B.S. College, Lohardaga
11. Simdega College, Simdega
12. K.O. College, Gumla
13. B.N.J. College, Sisai, Gumla
14. P.P.K. College, Bundu, Ranchi
15. Degree Standard Women's College, Khunti
16. Women's College, Lohardaga
17. Model Degree College, Ghaghra, Gumla
18. Model Degree College, Bano, Simdega
19. Women's College, Simdega

हमारे ख्याति प्राप्त अल्पसंख्यक महाविद्यालय
1. संत जेवियर्स कॉलेज, रांची 2. निर्मला कॉलेज, रांची 3. गोस्सनर कॉलेज, रांची 4. योगोदा सत्संग कॉलेज, रांची 5. मौलाना आजाद कॉलेज, रांची

तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा में दक्ष एवं प्रवीण बनाने को तत्पर हमारी प्रतिष्ठित इकाईयाँ
1. RIMS, Bariatu 2. RINPAS, Kanke 3. Central Tasar Institute, Nagari
4. Chotanagpur Law College, Namkum 5. Institute of Legal Studies, Morabadi
6. NIFFT, Hatia 7. CIP, Kanke 8. IMS, Morabadi

उच्च कोटि के शिक्षकों को गढ़ते हमारे प्रतिष्ठित बी.एड. कॉलेज
1) Ranchi Women's College, Ranchi 2) Doranda College, Ranchi
3) KO College, Gumla समेत कुल 31 बी. एड. कॉलेज

Memo. No.-RU/DSW/680/2024
Dated : 14.03.2024

रांची विश्वविद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार


## एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा में आयोजित बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा द्वारा आयोजित इआरएसएम ईआर-।। बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन श्वप्नेंदु कुमार पंडा, एचओपी नॉर्थ कर्णपुरा ने किया। इस आयोजन में क्षेत्र से पांच प्रमुख टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें बोंगाइगांव, दर्लिपल्ली, तालचेर थर्मल, और तालचेर कानिहा और नॉर्थ करणपुरा शामिल हैं।


S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569


# ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने मेरा पहला वोट देश के लिए पर संगोष्ठी का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुननेश्वर ।** आगामी चुनावों में युवाओं की सार्वभौमिक और प्रबुद्ध भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, और युवा मंत्रालय मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए एक अभियान ₹मेरा पहला वोट देश के लिए₹ के हिस्से के रूप में, ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने 13 मार्च को विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया। श्री देवव्रत महाराणा कोरापुट जिले उप-कलेक्टर ने मुख्य वक्ता के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई और छात्रों को चुनावों में मूल्यवान वोट डालकर अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी और प्रभारी रजिस्ट्रार प्रो एनसी पांडा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रोफेसर भरत कुमार पंडा ने की। डॉ. रामेंद्र कुमार पाढी, डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर; डॉ. अंजनेयुलु थोटापल्ली, समन्वयक, एनएसएस; जनसंपर्क अधिकारी डॉ. फगुनाथ भोई सहित अन्य संकाय सदस्यों ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्रो पंडा ने हमारे देश में आगामी चुनावों के संदर्भ में सफल लोकतंत्र के सिद्धांतों और इसकी विभिन्न विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने युवा मतदाताओं यानी विश्वविद्यालय के छात्रों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री महाराणा ने लोकतंत्र में वोटों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने वोटर ऐप डाउनलोड करने सहित चुनाव प्रक्रिया के बारे में बताया और यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया कि सभी छात्र अपना नाम पंजीकृत करें। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने प्रो पंडा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. फगुनाथ भोई ने बताया कि इसके अलावा उन्होंने 'मतदाता शक्ति और मतदाता शक्ति', 'मेरा पहला वोट देश के लिए' और 'चुनाव का पर्व' से संबंधित नारों वाली तख्तियां दिखाईं, जिसमें छात्रों ने आगामी चुनावों में अधिक भागीदारी का समर्थन किया।


कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material


# एम्स भुवनेश्वर को हू एशिया सेफ सर्जिकल इंप्लांट कंसोर्टियम क्यूआइपी अवार्ड 2023

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा प्रतिष्ठित एशिया सेफ सर्जिकल इंप्लांट कंसोर्टियम क्यूआईपी अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया है। संस्थान को अस्पताल में उपकरण की गुणवत्ता और प्रत्यारोपण पुनर्प्रसंस्करण पर उल्लेखनीय कार्य के लिए यह विशिष्टता पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अस्पताल के केंद्रीय बाँझ सेवा विभाग (सीएसएसडी) में विभिन्न उपकरणों और प्रत्यारोपणों के पुनः प्रसंस्करण के लिए गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को स्थापित करना और निगरानी करना था।

इस कार्यक्रम में पूरे एशिया से अट्ठाईस प्रतिष्ठित अस्पतालों ने भाग लिया और एम्स भुवनेश्वर सर्वश्रेष्ठ अस्पताल बनकर उभरा। इस कार्यक्रम की शुरूआत के बाद से पहली बार, भारत से एम्स भुवनेश्वर ने पहला स्थान हासिल किया। पूरे कार्यक्रम में 3एम इंडिया की भागीदारी थी जिसने भारत के साथ-साथ विभिन्न देशों में इसके कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यकारी निदेशक, डॉ. आशुतोष विश्वास के साथ चिकित्सा अधीक्षक, ओटी समिति के अध्यक्ष, डीन अकादमिक, डीन परीक्षा, संकाय सदस्य, प्रशासनिक और सीएसएसडी कर्मचारी, विभिन्न ओटी के नर्सिंग प्रभारी और एम्स भुवनेश्वर की संक्रमण नियंत्रण समिति के सदस्यों ने पुरस्कार प्राप्त किया। सामूहिक रूप से उज्वला पॉल, प्रमुख क्लिनिकल विशेषज्ञ, पूजा पाल, क्षेत्रीय क्लिनिकल विशेषज्ञ और 3एम इंडिया के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में। डब्ल्यूएचओ से, प्रोफेसर सेटो विंग होंग, सह-निदेशक और सुश्री पेट्रीसिया सिंग, प्रिंसिपल नर्स, डब्ल्यूएचओ सी.सी., स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ, हांगकांग विश्वविद्यालय और श्री राजीव गुप्ता, कंट्री बिजनेस हेड और अन्य 3एम इंडिया सदस्य कार्यक्रम में शामिल हुए। आभासी रूप से।

विशेष रूप से, सीएसएसडी इकाई सर्जिकल सुरक्षा और अस्पताल में प्राप्त संक्रमण की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. आशुतोष विश्वास ने कहा, यह पुरस्कार निश्चित रूप से हमें रोगी सुरक्षा के मानकों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करेगा।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

Alpha Institute of Computer Education
FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**